राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 239
लखनऊ, सोमवार 21 अप्रैल 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





त्वरित व गुणवत्ता के साथ हो समस्या निस्तारण : सीएम योगी 03

स्वच्छता ही सेवा को डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने दिया मूर्त रूप 12


### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छावनी परिषद, लखनऊ के 17 विस्थापित परिवारों को सौंपी पीएम आवास की चाभी

# छावनी के विस्थापितों को मिला पीएम आवास

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छावनी परिषद, लखनऊ के 17 विस्थापित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित फ्लैट्स की चाभी प्रदान की। रक्षा भूमि पर अनाधिकृत रूप से विगत 70 वर्षों से रह रहे इन परिवारों को मकान खाली करने का आदेश दिया गया था, जिसकी वजह से उक्त परिवारों पर आवास विहीन होने का खतरा मंडरा रहा था। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने संबंधित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में आवश्यक निर्देश जारी किया था।

लखनऊ छावनी परिषद ने इस विषय पर आधिकारिक रूप से लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं जिलाधिकारी लखनऊ से पत्राचार किया, इसके उपरांत लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी बोर्ड बैठक में छावनी परिषद, लखनऊ के इस प्रस्ताव को पारित किया और सभी 17 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित कर दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, कैंटोनमेंट बोर्ड के सी.ई.ओ. अभिषेक राठौर, लखनऊ डेवलपमेंट अथॉरिटी के वीसी. प्रथमेश कुमार उपस्थित थे।



#### रक्षामंत्री से मिले व्यापारी, की व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। वहां व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने रक्षामंत्री से मिलकर अपनी समस्याएं बताईं। व्यापारियों ने एक ज्ञापन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंपा। इसमें उन्होंने कई मांगें रखीं। उनके मांगपत्र के मुताबिक लखनऊ को बिजली कटौती से मुक्त किया जाना चाहिए। बिजली कटौती से काफी परेशानी होती है। आए दिन मरम्मत के नाम पर पांच-पांच घंटे तक बिजली बंद कर दी जाती है। व्यापार प्रभावित होता है। प्रमुख बाजारों में बिजली के तारों का मकड़जाल होने से हादसों का अंदेशा बना रहता है। हटाया जाना चाहिए। बाजारों में फायर से संबंधित इंतजाम पुख्ता होने चाहिए। अमीनाबाद जैसे बड़े बाजारों में फायर विभाग की एक अतिरिक्त गाड़ी मौजूद रहनी चाहिए। नगर निगम द्वारा व्यस्त बाजारों में ठंडे पानी की मशीनें लगाई जानी चाहिए। व्यापारियों ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के जल्द ही गठन की मांग की। व्यापारियों की समस्याएं सुनकर रक्षामंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में उतर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष अशोक मोतियानी, महामंत्री अनिल बजाज, अमित तलवार, प्रभु जालान, श्याम कृषनानी, पुनीत लाल चंदानी, सुशील गुरनानी जितेंद्र अरोड़ा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

#### 2029 तक भारतीय अर्थव्यवस्था होगी तीसरे स्थान पर

रक्षा मंत्री लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल कारखाने का 11 मई को करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत पहले वाला भारत नहीं है, भारत अब बदल गया है। पहले भारत की छवि कमजोर और गरीब देश की थी, लेकिन अब यह अवधारणा बदल चुकी है। अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। इसीलिए यह तय किया था कि रक्षा मंत्रालय के सभी उपकरण भारत में भारतवासियों से बनाए जाएंगे क्योंकि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है। अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान से जम्प लेकर अब भारत पांचवें स्थान पर आ गया है और वर्ष 2029 तक विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने तमाम विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल के लखनऊ में बनने का कार्य पूरा हो गया है। 11 मई को मैं इसका उद्घाटन करुंगा। पहले कोई भी हथियार, टैंक, गोला, मिसाइल हमको दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था, लेकिन आपको खुशी होगी कि आप 24 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन में 14 लाख करोड़ का लेनदेन हुआ है और यूपीआई के माध्यम से लेन-देन भी कई गुना बढ़ा है। रूस और यूक्रेन लड़ाई के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तभी रूस और यूक्रेन के प्रधानमंत्री से पत्र लिखा था और वहां से 22 हजार पांच सौ छात्रों सुरक्षित निकाल कर भारत आया गया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भी मैं अपने संसदीय क्षेत्र में आता हूं, मेरी कोशिश होती है कि ज्यादा से ज्यादा अपने कार्यकर्ताओं से मिल सकूं। आप लोगों ने लगातार तीसरी बार मुझे अपना सांसद चुना है। पर शायद आप लोगों को मैं उतना समय नहीं दे पता, जितना मुझे देना चाहिए। रक्षा मंत्रालय के कार्य, कैबिनेट बैठक और सदन में व्यस्तता और अन्य राज्यों व विदेश दौरों के कारण ऐसा होता है। पर जब भी मैं दिल्ली रहता हूं तो वहां लखनऊ से पहुंचने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता से अवश्य मिलता हूं।

## रामबन में बाढ़ व भूस्खलन से तीन की मौत, 100 का रेस्क्यू

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसके चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। लैंडस्लाइड के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पहाड़ से मलबा गिरते देखा जा सकता है। कुछ इलाकों में पहाड़ का मलबा सड़कों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। एक वीडियो में तीन-चार टैंकर और कुछ अन्य गाड़ियां मलबे में पूरी तरह दबी हुई दिख रही हैं। इसके अलावा होटल और घर भी मलबे से प्रभावित दिख रहे हैं। एक चश्मदीद ने बताया- जम्मू से श्रीनगर जाने के दौरान बारिश तेज हो गई तो मैंने रामबन मैं रुक गया। रात करीब 10 बजे मैंने होटल में चेकइन किया। रात करीब 3 बजे शोर-शराबे के बीच मेरी नींद खुली। मैं होटल से नीचे आया तो देखा पानी तेजी से ऊपर की ओर भर रहा था। नीचे का स्टाफ होटल छोड़कर भाग चुका था और हम सारे लोग फंस गए थे। चश्मदीद ने होटल की ओर इशारा करते हुए बताया कि यह होटल तीन मंजिला है। इसकी दो मंजिलें नीचे मलबे में दबी हुई हैं। यह तीसरी मंजिल दिख रही है। करीब 8-10 गाड़ियां नीचे दब गई हैं। मैंने 15 दिन पहले ही नई गाड़ी ली थी, वह भी मलबे में दबी है। उस समय हम 15 लोग ऊपर फंसे थे।



जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद, सैकड़ों वाहन फंसे

## संक्षिप्त समाचार

### अधीक्षण अभियंता के कई ठिकानों पर एसीबी का छापा

**जयपुर।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग प्रोजेक्ट वृत्त बांसवाडा के अधीक्षण अभियन्ता अशोक कुमार जांगिड के जयपुर शहर सहित विभिन्न ठिकानों पर आय से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करने के मामले में रविवार को तलाशी अभियान शुरू किया। संदिग्ध अधिकारी के जयपुर शहर, पावटा कोटपूतली, मौजमाबाद, उदयपुर, अजमेर, मालपुरा टोंक के विभिन्न ठिकानों, पीएचईडी कार्यालय बांसवाडा, खनिज कार्यालय उदयपुर, टोंक, अजमेर, जयपुर एवं उप पंजीयक कार्यालय पावटा, मौजमाबाद में पर ब्यूरो के करीब 250 अधिकारी एऊ कर्मचारियों की दो दर्जन टीमों द्वारा सर्च जारी है। संदिग्ध अधिकारी द्वारा राजकीय सेवा में नियुक्त होने से अब तक करीब 11.50 करोड रूपये की आय से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करना सामने है जो कि उनकी आय से 161 प्रतिशत अधिक है।

### कृषि में भारत-ब्राजील सहयोग की मजबूत शुरुआत : शिवराज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ब्राज़ील यात्रा से दोनों देशों के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग की मजबूत शुरुआत हुई है। ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15 वीं बैठक में ब्राजीलिया गए श्री चौहान ने ब्राजील के खेतों का दौरा किया और भारतीय संदर्भ में कृषि तकनीक को जांचा, परखा और समझा। उन्होंने टमाटर सोयाबीन और मक्का की खेती में विशेष तौर पर रुचि दर्शायी और प्रक्रियाओं तथा मशीनों को भारत में स्थापित करने पर विचार? विमर्श किया। उन्होंने भारत में सोया उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने की संभावना तलाशने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसानों को कृषि का मशीनीकरण का लाभ दिलाने के लिए तकनीक आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी के साथ-साथ यह दौरा भारत और ब्राजील के बीच कृषि व्यापार, तकनीक और नवाचार को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ केस दर्ज

**जयपुर।** जाति-विशेष को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ बजाज नगर थाने में मामला दर्ज हुआ है। मामला सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने से जुड़ा है, जिसमें जाति-विशेष को लेकर अपशब्द लिखे गए थे। जांच अधिकारी एएसआई इंद्राज ने बताया कि बरकत नगर में रहने वाले अनिल चतुर्वेदी ने शनिवार रात फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि फिल्म डायरेक्टर की ओर से जाति-विशेष को लेकर विवादित पोस्ट डाली गई।

### अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस आज से भारत यात्रा पर

**जयपुर।** संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल (सोमवार) को भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद वे उसी रात जयपुर पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, तीन बच्चे-इवान, विवेक और मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वे आमेर किला, जयपुर सिटी पैलेस सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। वेंस 22 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे।

## हिमाचल में चल रही कांग्रेस की मिस मैनजमेंट वाली सरकार : जेपी नड्डा

एजेंसी

**धर्मशाला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं उर्वरक व रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सुक्खू सरकार बार-बार केंद्र से पैसे नही मिलने का झूठा राग अलाप रही है जबकि केंद्र से हिमाचल को भरपूर आर्थिक सहायता मिल रही है।

जेपी नड्डा ने कहा कि वर्तमान में हिमाचल में चल रही कांग्रेस सरकार मिस मैनजमेंट वाली नॉन फरफॉर्मिंग गवर्नमेंट है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तीखे शब्दों में कहा कि कांग्रेस से यदि सरकार नहीं चल रही हैं, तो उन्हें छोड़ देनी चाहिए। दूसरों पर आरोप लगाकर अब जनता को बरगलाना बंद कर देना चाहिए। चंबा दौरे से लौटने के बाद कांगड़ा के गगल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मिस मैनजमेंट की हद पार की जा रही है।



### मणिपुर में विभिन्न संगठनों के 10 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने विभिन्न अभियानों में कुल 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जो विभिन्न संगठनों से जुड़े थे और अवैध वसूली जैसी गतिविधियों में संलिप्त थे। मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यूएनएलएफ (पाम्बेई) के दो विद्रोहियों युमनाम नौचा सिंह उर्फ मेंगबा (24) और हिकरुजम बिद्याचंद्र सिंह उर्फ ब्रूस (28) को लामलाई थाना क्षेत्र के नपेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया। इनसे दो मोबाइल, दो स्लिंग बैग, एक बटुआ (3,630 रुपये) और एक आईडी कार्ड जब्त किया गया।

## केडी बालिका डिग्री कॉलेज लोहियापुरम आवास विकास का नहीं गया है कहीं भी सेंटर

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज लोहियापुरम् आवास विकास फर्रुखाबाद का सेंटर किसी भी दूसरे विद्यालय व अन्य जनपद में नहीं गया है। विद्यालय से संबंधित छात्रायें किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

विद्यालय की ओर से जानकारी देते हुए बताया कि कानपुर से प्रकाशित एक समाचार पत्र ने विद्यालय का सेंटर जनपद कन्नौज छिबरामऊ के एक विद्यालय में जाने का समाचार गलत प्रकाशित किया गया है। इस संदर्भ में कृष्ण देवी बालिका डिग्री कॉलेज की प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा विद्यालय सिर्फ छात्राओं के लिए है। ऐसे में कोई छात्र कैसे प्रवेश ले सकता है। विवि की नियमावली के अनुसार छात्राओं के सेन्टर स्वकेन्द्र निर्धारित किये गये है फिर भी यह जानते हुए कि यह कॉलेज बालिकओं की शिक्षा से सम्बन्धित हैं। विद्यालय व शिक्षा संबंधित किसी भी अधिकारी से बिना जानकारी किये इस तरह की अफवाह फैलाना गलत है, इस तरह के समाचार से विद्यालय के साथ-साथ छात्राओं को मानसिक कष्ट पहुंचा है। विद्यालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे विद्यालय का सेंटर किसी अन्य विद्यालय में नहीं गया है। विद्यालय से संबंधित सभी परीक्षार्थी तिथि और परीक्षा के समय का ध्यान रखते हुए परीक्षा केंद्र कृष्णा देवी बालिका डिग्री कालेज आवास विकास पर उपस्थित हों।

▸ विद्यालय से संबंधित छात्राएं किसी भी अफवाह पर न दें ध्यान

## सीएम योगी ने शहर पहुंचकर लिया तैयारियों का जायजा

▸ प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को कानपुर में रहेंगे मौजूद

समृद्धि न्यूज

**घाटमपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को जनपद में प्रस्तावित दौरा है। जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर पहुंचे करीब चार घंटे वह शहर में रहे। इस दौरान उन्होंने घाटमपुर स्थित नेवेली और पनकी पावर प्लांट सीएसए मैदान में बनाये गए हैलीपैड और भूमिगत मेट्रो का भी जायजा लिया।



जनपद में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। इससे पहले तैयारियों का जायजा लेने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार शहर पहुंचे थे। इसी क्रम में सीएम योगी भी कानपुर पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने 3M660 नेवेली घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना का जायजा लिया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना जबकि लोकार्पण के लिए प्रथम यूनिट की लागत 9337.68 करोड़ रुपये है। इसके बाद सीएम द्वारा 1M660 मेगावाट पनकी तापीय विस्तार परियोजना का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जानकारी भी जुटाई। बताते चले कि इस परियोजना की उत्पादन क्षमता 660 मेगावाट और कुल लागत 8305.16 करोड़ रुपये है। पनकी पावर प्लांट का जायजा लेने के बाद पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचे। यहां से उन्होंने नयागंज मेट्रो स्टेशन से रावतपुर मेट्रो स्टेशन तक का सफर किया। करीब नौ मिनट इस सफर में उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद रमेश अवस्थी, देवेंद्र सिंह भोले, मंत्री राकेश सचान, मेट्रो अधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

### कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या, घर में खून से लथपथ मिली लाश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश का खून से लथपथ शव संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार को उनके बेंगलुरु स्थित आवास पर मिला है। पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश के शव पर चाकुओं के कई घाव हैं। पुलिस के अनुसार बिहार के चंपारण के रहने वाले 68 वर्षीय आइपीएस अफसर का शव बेंगलुरु स्थित पाश इलाके एचएसआर में स्थित तीन मंजिले मकान के भूतल पर मिला। फर्श पर हर तरफ खून फैला था और हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

## असम जेल में बंद अमृतपाल के विरुद्ध एनएसए एक साल के लिए बढ़ाया गया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह के विरुद्ध लगाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) एक साल के लिए बढ़ा दिया है। जिसके बाद अमृतपाल सिंह अब एक साल और असम की डिब्रूगढ़ जेल में रहेंगे। यह अवधि 23 अप्रैल से लागू होगी।

अमृतपाल सिंह 23 अप्रैल 2023 से हिरासत में है। उसकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद ही उस पर एनएसए लगा दिया गया था और उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया गया था। सरकार ने उसकी गतिविधियों को राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए एनएसए लगाया था। पंजाब सरकार अमृतपाल के नौ साथियों पर लगाया एनएसए समाप्त करके उन्हें पंजाब की जेलों में शिफ्ट कर चुकी है। अमृतपाल के विरुद्ध लगाया गया एनएसए 22 अप्रैल को समाप्त होने जा रहा है, जिसके चलते यह अटकलें कई दिनों से लग रही थी कि सरकार अन्य की तरह अमृतपाल से भी एनएसए हटाकर उसे पंजाब की जेल में शिफ्ट कर सकती है।

### उत्तराखंड : 253 किसानों ने पांच माह में किया ढाई करोड़ से अधिक का कारोबार

**देहरादून।** उत्तराखंड के किसानों की किस्मत बदल रही है। अभी प्रदेश के सीमांत जिलों में स्थित आईटीबीपी की बटालिय ने अक्तूबर, 2024 तक मटन, चिकन और फिश सप्लाई के लिए बड़े शहरों पर निर्भर थीं। लेकिन उत्तराखंड पशुपालन विभाग और आईटीबीपी का अनुबंध पहाड़ी राज्य के किसानों के लिए सुखद और सकारात्मक परिणाम लेकर आया। इस अनुबंध के बाद शुरुआती पांच महीने में ही चार सीमांत जिलों के 253 किसान आईटीबीपी के साथ 2.6 करोड़ का कारोबार कर चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस योजना के बेहद सकारात्मक परिणाम आए हैं। सीमांत के किसानों की आय बढ़ने से गांवों में पलायन भी कम होगा। साथ ही वे आईटीबीपी के साथ मिलकर देश की रक्षा पंक्ति को मजबूत करने का काम भी करेंगे और आईटीबीपी को भी ताजा खाद्य सामग्री की आपूर्ति होगी। पशुपालन विभाग ने गत 30 अक्तूबर को इस योजना को लेकर आईटीबीपी के साथ विधिवित अनुबंध किया।

# अग्निपीड़ितों के बीच मसीहा बनकर पहुंचे डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

### पीड़ित परिवारों की जली नकदी के बदले दी आर्थिक सहायता, गंगापार के लोगों के हर दुख-दर्द में साथ खड़ा रहने का दिलाया भरोसा



आग से उजड़े अशियानों को देखते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव



अग्निपीड़ितों की आपबीती सुनते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव



खाद्य सामग्री वितरित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व मौजूद ग्रामीण

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद ।** बीते दिनों विधानसभा अमृतपुर के ग्राम पंचायत गुडेरा में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लगभग दस परिवारों की गृहस्थी का सामान सहित नगदी आदि जलकर राख हो गयी थी।

इस घटना में एक बेटी के विवाह के लिए घर में रखा सामान भी जलकर राख हो गया था। इसकी जानकारी होने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दुख-दर्द बांटा।

एक-एक कर पीड़ित बोडिन, रमेश, अशोक, रमनपाल, अमरीश, नन्हें, घुटई, धनदेवी, अमरपाल, रामसती सहित सभी पीड़ित परिवारों से मिले और उनका दुख दर्द जाना। सभी पीड़ित परिवारों को खाने-पीने सामग्री की व्यवस्था डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने मौके पर करायी और बोले गंगापार के लोग अपनी हर मुसीबत में हमें अपने साथ खड़ा पाये। हम हमेशा आप सबके साथ थे और बने रहेंगे। हमारे होते हुए कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोयेगा। इस दौरान अशोक कुमार ने डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव को बताया कि मेरी पुत्री खुशबू का विवाह 14 मई होना तय है। विवाह से संबंधित सामान लेकर रखा था, सामान के साथ-साथ 45 हजार रुपये की नगदी भी मेरी जल गयी। और चार बकरियों की जल जाने से मृत्यु हो गई तथा एक बच्चा भी झुलस गया था। जिसका उपचार होने के बाद चिकित्सक ने उसे घर भेज दिया था। यह सुनकर डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव भावुक हो उठे और आर्थिक मदद अशोक कुमार को दी और अन्य सहयोग करने का भरोसा दिया।

भोजन की कराई व्यवस्था, बोले किसी को भूखा नहीं सोने दूंगा

वहीं बोडिन ने बताया कि मेरी भी 4500 रुपये की नगदी जल गयी है डाक्टर साहब, उनको भी आर्थिक सहायता दी और बोले कि हम हमेशा आपके साथ हैं। जब भी जरुरत समझे हमारे दरवाजे आप सबके लिए हमेशा खुले हैं। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव को अपने बीच देख पीड़ित भी भावुक हो उठे और बोले कि बहुत लोग देखे, लेकिन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव जैसा इंसान अभी तक नहीं देखा।

इस मौके पर अमैयापुर प्रधान शिवदेश यादव, समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, सतेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, निर्भान सिंह उर्फ बापू, रमनपाल, आदेश पाल, राजेश, वीर सिंह, दिनेश, रामनिवास, अरविन्द अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# वैज्ञानिकों ने भ्रमण के दौरान गन्ना फसल का किया निरीक्षण, किसानों को दिए सुझाव

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गठित संयुक्त टीम के सदस्य डॉ.अनिल कुमार सिंह , डॉ.सुनील विश्वकर्मा एवं डॉक्टर नीलम कुरील उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर तथा डॉक्टर अरुण कुमार बैठा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के कीट वैज्ञानिक तथा समिति के सचिव मोहम्मदी नंदलाल माथुर एवं कुम्भी चीनी मिल अधिकारियों द्वारा शनिवार को चीनी मिल के क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान गन्ना वैज्ञानिकों के द्वारा गन्ने की फसल की स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि एक पत्ती पर 10 से 15 पायरिला कीट पाए जाते हैं तो रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग करें। यदि इस कीट के परजीवी अधिक संख्या में दिखाई देते हैं तो रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग नहीं करेंगे। इसी के साथ ही यह भी सुझाव दिया गया की अंड समूह युक्त पत्तियों को तोड़कर नष्ट कर दे तथा फसल में समय अनुसार नमी बनाए रखे तथा खरपतवार नियंत्रित करें।

# आईएफडब्ल्यू लखीमपुर प्रेस क्लब की बैठक संपन्न, पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश पत्रकार यूनियन (आईएफडब्ल्यू) लखीमपुर प्रेस क्लब की शाखा लखीमपुर की बैठक नगर पालिका परिषद सभागार में अध्यक्ष कुलदीप पाहवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रमेश चंद्र मिश्र को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया और इसके उपरांत यूनियन के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कुलदीप पाहवा ने कहा कि यूनियन हमेशा पत्रकार हितों के लिए खड़ी रही है और भविष्य में भी पत्रकारों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। महामंत्री शबाब खान ने भी यूनियन के सहयोगात्मक रवैये को रेखांकित किया। चुनाव में कुलदीप पाहवा को अध्यक्ष, सुबोध कुमार शुक्ल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश चंद्र मिश्र को उपाध्यक्ष, शबाब खान को महामंत्री, बीके सिंह व आशीष कटियार को मंत्री, विवेक गुप्ता को संगठन मंत्री, रितेश भसीन को कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी में मोहम्मद साजिद, ब्रह्म ऋषि नागर, धीरज कुमार, सूरत सिंह, अनूप रंजन मुखर्जी और कौशल को चुना गया। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के रूप में शकील अहमद, अय्यूब, शाहरुख खान व संजय गुप्ता, महामंत्री शक्तिधर त्रिपाठी, मंत्री रमेश चंद शुक्ला, संगठन मंत्री रफी अहमद और कार्यकारिणी में राकेश मिश्रा, शौर्य कुमार रस्तोगी, राकेश कुमार शर्मा, एसपी सिंह, सुरेंद्र मिश्रा व शंकर लाल अग्रवाल को सर्वसम्मति से चुना गया। अंत में बैठक की समाप्ति पर सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया गया।

## तेज रफ्तार आर्टिका कार ने तीन को रौंदा, दो गंभीर घायल

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 अप्रैल को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार आर्टिका कार ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दो व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई, जिनमें एक के पैर में फैक्चर भी हुआ। दुर्घटना के एक सप्ताह बाद, पीड़ित की स्थिति सामान्य होने पर 19 अप्रैल की रात को मामला दर्ज कराया गया। घटना उस समय घटी जब ग्राम ग्रन्ट नं. 3 सीतारामपुर निवासी अनुज कुमार अपने पिता मुन्ना लाल, फूफा तुलसीराम निवासी बांसगांव, बड़े फूफा घुरईलाल निवासी भीखमपुर के साथ मालवा ढाबा, खुटार रोड के पास सड़क

**एक सप्ताह बाद दर्ज हुई एफआईआर**

किनारे खड़े थे। तभी गोला की ओर से आती एक सफेद रंग की आर्टिका कार (यूपी55पी-0286) ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए चारों को रौंद दिया। कार चालक की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र अम्बिका निवासी झिझाना रुरल, झिझाना शमली के रूप में हुई है। इस भयावह टक्कर में अनुज कुमार के पिता मुन्ना लाल और फूफा तुलसीराम को गंभीर चोटें आई और उनका पैर टूट गया। दोनों को तत्काल हॉस्पिटल, लखीमपुर खीरी में भर्ती कराया गया। अनुज कुमार और उनके बड़े फूफा को भी गंभीर चोटें आई। घटना के बाद पीड़ित अनुज कुमार की तबीयत बिगड़ने के कारण तहरीर तत्काल नहीं दी जा सकी। उनकी स्थिति में सुधार होने के बाद 19 अप्रैल की रात को हैदराबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक संतपाल सिंह राठौर को सौंपी है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ में चल रहा इलाज**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्ण ढंग से चलाई गई मोटरसाइकिल सवार ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा 16 अप्रैल की रात करीब 10:15 बजे जलालपुर मोड़ के पास हुआ। कुम्हारन टोला निवासी मनोज जायसवाल ने गोला कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई जितेंद्र जायसवाल, जो रोजाना ड्यूटी के बाद अपनी मोटरसाइकिल (यूपी31बीएम7858) से घर लौट रहा था। देर रात 10:00 बजे जैसे ही वह जलालपुर मोड पर पहुंचा। उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (यूपी31बीएस3050) से सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र का बांया पैर तीन जगहों से गंभीर रूप से फ्रैक्चर हो गया। उसे पहले गोला सीएचसी लाया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर लखीमपुर रेफर किया गया और फिर लखनऊ के एक बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, उसका इलाज जारी है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में उसकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रार्थी ने बताया कि वह और उसका परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से बेहद परेशान हैं। घटना की सूचना पर गोला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# पिता की आंखों से बहता दर्द, दिल में सिर्फ एक ही दुआ- मेरी बिटिया सलामत लौट आए!

**गोला गोकर्णनाथ खीरी , समृद्धि न्यूज़।**

तहसील के मैलानी थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक पिता की दुनिया उस दिन बिखर गई, जब उसकी नाबालिग बेटी रोज़ की तरह घर से बाजार निकली लेकिन लौटकर वापस नहीं आई। कई दिनों की तलाश, रिश्तेदारों से लेकर गाँव के हर गली-नुक्कड़ तक पूछताछ, पर बेटी का कोई सुराग न मिलने पर टूटे हुए दिल से पिता ने थाना मैलानी में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**गांव के ही सौरभ उर्फ रामू और उसकी बहन शालू पर बहला-फुसलाकर बेटी को भगा ले जाने का आरोप:** शिकायत में पिता ने आरोप लगाया कि कोठीपुर ग्रन्ट नंबर 10, मैलानी निवासी सौरभ उर्फ रामू पुत्र परशुराम ने अपनी बड़ी बहन शालू के सहयोग से उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।



**पुलिस की संवेदनशीलता- लड़की की तलाश में तेज़ी से जुटी टीम, आरोपी पक्ष के दबाव के बीच भी नहीं रुकी कार्रवाई:** जांच अधिकारी उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस ने मामले में तेजी दिखाई। आरोपियों की तलाश और पूछताछ के दौरान पुलिस ने हर संभव प्रयास किया कि मासूम बच्ची को सही-सलामत बरामद किया जा सके। लेकिन इसी बीच, आरोपी सौरभ और शालू के परिजनों ने एक दिन पूर्व शनिवार को चौकी बाकेगंज परिसर में पुलिस पर बेवजह टॉर्चर और मारपीट का आरोप लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिस पर पुलिस में धरना कर रहे आरोपी पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चिकित्सीय परीक्षण कराया।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार?**

सर्किल गोला के कार्यवाहक पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह मोहम्मदी ने बताया की मामला संज्ञान में है आरोपितों के विरुद्ध लड़की के अपहरण का मामला दर्ज है। लड़की कि बरामदगी के लिए आरोपितों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था पुलिस के मारपीट करने का आरोप बुनियाद है आरोपियों के विरुद्ध शांति भंग का मुकदमा हुआ चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, असली मंशा पर उठे सवाल:** आरोपी पक्ष का यह प्रदर्शन पुलिस पर दबाव बनाने की एक सोची-समझी कोशिश मानी जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद जहां कुछ लोगों ने पुलिस पर सवाल उठाए, वहीं गांव के लोग जानते हैं कि पुलिस एक बेबस पिता की आखिरी उम्मीद बनकर इस मामले में ईमानदारी से काम कर रही है।

**टूटा हुआ पिता, बस एक ही प्रार्थना- इंसाफ तब ही मिलेगा, जब मेरी बिटिया वापस आएगी:** यह सिर्फ एक पुलिस केस नहीं, बल्कि एक बाप की अधूरी सांसों की कहानी है। उसकी दुनिया तब तक अधूरी रहेगी, जब तक उसकी मासूम बेटी सही-सलामत घर लौट नहीं आती। अब देखना ये है कि पुलिस की मेहनत और पिता की दुआ कब जाकर मिलती है इंसाफ़ के मुकाम से।

## इटौरा, हांसा में लगी आग, नुकसान होने से बचा

**कालपी (जालौन)।** कालपी तहसील के अलग-अलग दो स्थानों में आग लगने की घटना हो गयी। तहसील क्षेत्र के थाना आटा अंतर्गत ग्राम इटोरा में राजन अहिरवार के घर के छप्पर में में आग सुलगने लगी। धीरे-धीरे आग ने विकृत रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी विनोद कुमार नायक के नेतृत्व में दमकल वाहन लेकर पहुंचे कर्मचारियों ने आग की घटना में काबू पा लिया। इस घटना म मौके पर पहुंची दमकल कर्मचारियों की टीम ने आग बुझाई। आग बुझाने में रवि प्रकाश, मानवेंद्र सिंह, गोविंद कुमार, राजेश मिश्रा शिवकुमार मिश्र आदि फायरमैन शामिल रहे। अग्निशमन विभाग के प्रभारी विनोद नायक ने बताया कि तहसील क्षेत्र के हासा गांव में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल वाहन लेकर के कर्मचारी मौके पर पहुंच ही रहे थे कि रास्ते में आग बुझने की सूचना मिल गई तो टीम वापस लौट आई।

# शादी से 10 दिन पहले युवती ने घाघी नाले में लगाई छलांग, तलाश में जुटी पुलिस

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। झौआ पुरवा गांव निवासी कामता की 20 वर्षीय बेटी मैना देवी ने रविवार को रहस्यमय हालात में गांव के पास स्थित घाघी नाले के पुल से छलांग लगा दी। युवती की शादी महज 10 दिन बाद यानी 30 अप्रैल को तय थी, लेकिन अचानक इस कदम ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। परिजनों के मुताबिक, मैना देवी रविवार को अचानक घर से लापता हो गई थी। पहले तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ समय बाद गांव के पास स्थित घाघी नाले के पुल पर उसका दुपट्टा बंधा हुआ देखा गया।



दुपट्टा देखकर स्थानीय लोगों ने अंदेशा जताया कि युवती ने नाले में छलांग लगा दी है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवती की तलाश शुरू कर दी गई। हालांकि, खबर लिखे जाने तक युवती का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ग्राम प्रधान ने भी पुष्टि की है कि युवती का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्च ऑपरेशन जारी है। इस पूरे घटनाक्रम पर जब निघासन कोतवाली के प्रभारी महेश चंद से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वे अवकाश पर हैं और उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है। वहीं, पुलिस ने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे हैं और युवती की तलाश में लगातार प्रयास जारी हैं। मैना देवी की इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शादी की तैयारियों में जुटा परिवार अब उसकी सलामती के लिए भगवान से दुआ कर रहा है। गांव के लोग भी स्तब्ध हैं और इस हादसे के पीछे की वजह को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस फिलहाल हर पहलु से मामले की जांच में जुटी है।

# देशभक्ति, हास्य और सुरों की शाम: गोला चैती मेले का यादगार समापन

**अल्ताफ रज़ा के सुरों पर झूमे श्रोता, गोला चैती मेला बना ऐतिहासिक**

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




ऐतिहासिक चैती मेला 2025 का भव्य समापन सांस्कृतिक मंच पर सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं भाजपा जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष सीजीएन पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. ओपी मिश्र एवं पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

**सांस्कृतिक संध्या में देशभक्ति और हास्य का संगम:** कार्यक्रम का संचालन कानपुर की एंकर खुशी सिंह एवं हास्य कलाकार अमित बिहारी ने किया। अमित बिहारी की हास्य शैली और मिमिक्री ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। उन्होंने फिल्मी कलाकारों की आवाजों की नकल करते हुए कहा- पप्पू के मोजा से चाय छानकर लाए हैं, और दही रात में ढीली, दिन में टाइट है, जैसी चुटकुलों से पंडाल में ठहाके गूंज उठे। कार्यक्रम की शुरुआत शैलजा कुशवाहा ने देशभक्ति गीत ऐ मेरे वतन के लोगों... से की। इसके पश्चात उन्होंने तू है वही... और तू मुझे कुबूल, मैं तुझे कुबूल... जैसे मधुर गीतों से समां बांधा।

**प्रत्येक दिन के कार्यक्रम संयोजकों का हुआ सम्मान:** 4 अप्रैल से 19 अप्रैल तक आयोजित प्रतिदिन के कार्यक्रम संयोजकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया, जिसमें ब्रजेश तिवारी (सुंदरकांड), राजेश दीक्षित (भजन संध्या), सुरेश ठाकुर (मनोहारी कला केंद्र), राजा दीक्षित (जूनियर गायन/नृत्य), प्रमिला खुराना (धन निरंकार), डा. वेदप्रकाश अग्निहोत्री (अखिल भारतीय कवि सम्मेलन) और अन्य आयोजक शामिल रहे।

**समापन पर भावुक विदाई :** चैती मेला 2025 के इस रंगारंग आयोजन ने न सिर्फ नगरवासियों बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से आए हजारों दर्शकों के दिल में एक यादगार छवि छोड़ दी। मंच से उठती तालियों और जयघोषों के साथ यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

### शहीदों को समर्पित अभिनय ने दर्शकों को किया भावुक

कलाकारों ने कारगिल युद्ध को केंद्र में रखकर देशभक्ति पर आधारित अभिनय प्रस्तुत किया, जिसमें तिरंगा लहराते हुए शहीदों के बलिदान को याद किया गया। दर्शक इस दृश्य को देख भावुक हो उठे और पूरे मंच पर भारत माता की जय के जयकारे गूंजने लगे।

### प्रतिभाओं को गोला गौरव से नवाजा गया

मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने गोला की बहुमुखी प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ प्रतिभाओं का धाम है। पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य के लिए आशीष तिवारी, शिक्षा एवं शोध के लिए आशुतोष कुमार गुप्ता, राजनीतिक सेवा हेतु सुर्जन लाल वर्मा, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में राजेश साहनी और कपिलश फाउंडेशन को 'गोला गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। भाजपा जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं की प्रतिभा को निखारने में सहायक हैं।

### नगर पालिका के कर्मचारियों को मिला सम्मान

पालीका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने आयोजन की सफलता के लिए नगरवासियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने वाले कोतवाली निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, मेला प्रभारी रवींद्र पांडे, एसआई जितेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी योगेश, फायर अधिकारी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य को सम्मानित किया। साफ-सफाई में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नगर पालिका के दिलीप कुमार, जितेंद्र कुमार, नरेश कुमार, संदीप वर्मा और ईओ सुरेंद्र कुमार को भी मंच पर सम्मानित किया गया। प्रकाश व्यवस्था में हृदेश मोहन खरे, टेंट व्यवस्था में प्रो. राकेश गुप्ता को पुरस्कृत किया गया।

### अल्ताफ रज़ा की प्रस्तुति ने मेला मंच पर बांधी शमां

सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध गायक अल्ताफ रज़ा ने जैसे ही मंच संभाला, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने आवारा हवा का झोंका है... से शुरुआत की और तुम तो ठहरे परदेसी..., हमें तो लूट लिया..., झूम बराबर झूम शराबी... जैसे सुपरहिट गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके गीतों पर दर्शक झूमते रहे और मंच के समीप भारी भीड़ एकत्र हो गई।

### प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लहराया परचम

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कृषक समाज इंटर कॉलेज को प्रथम, सरस्वती ज्ञान मंदिर को द्वितीय एवं लिटिल हॉपर्स एकेडमी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर नृत्य प्रतियोगिता में धान्या प्रथम, प्रतिज्ञा द्वितीय, महिमा सैनी तृतीय रहीं। गायन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में मोहम्मद अल्तमश, अभि चौधरी और अंश राजपूत विजयी रहे। सीनियर वर्ग में प्रियंका शर्मा, शिवम सोनी और गायत्री मिश्रा को स्थान मिला।

### सावन मेला भजन संध्या के कलाकारों का भी सम्मान

नीलकंठ मैदान में एक माह तक नि:शुल्क भजन प्रस्तुत करने वाले राजेश गुप्ता, महेश आज़ाद, अनिल वर्मा, नरेंद्र आज़ाद, प्रभात सक्सेना, मुन्ना अंसारी सहित कई कलाकारों को भी मंच से सम्मानित किया गया।

# टमाटर की खेती से किसानों का मोह भंग

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कृषि प्रधान क्षेत्र बिजुआ में अधिकांश आबादी खेती किसानी पर ही निर्भर है तो वहीं दूसरी तरफ जब किसानों की फसले तैयार होती हैं तो उनकी फसल के दाम गिर जाते हैं लेकिन इस बार टमाटर के दामों ने तो हद कर दी है जहां 500 से 700 की एक कैरेट बिका करती थी तो आज 50 से 40 की कैरेट की बिक्री पाकर किसानों का जीना मुहाल सा हो गया है और किसान परेशान है।

टमाटर की खेती से पहले लगभग तीन-चार महीने पहले यही टमाटर 20 का ढाई सौ ग्राम बिका करता था लेकिन जैसे ही किसान की टमाटर की फसल तैयार हुई बराबर दाम गिरते चले गए। दाम यहां तक गिर गए कि लोग फ्री में टमाटर लेने के लिए तैयार नहीं बहुत से किसानों ने कर्जा लेकर टमाटर की खेती की थी। सूत्रों की माने तो बहुत से किसानों ने अपनी गिरवी गांठ कर टमाटर की खेती की फसल लगाई थी अब किसान यहां तक परेशान है की खेत में गड़े हुए बस के टुकड़ों व बंधे हुए तार को खुलवाने तक के लिए गुंजाइश नहीं बची है फिलहाल जब किसान की फसल तैयार होती है तो दाम क्यों गिर जाते हैं वहीं दूसरी तरफ गन्ने की फसल के दामो में वृद्धि भी जैसे ऊंट के मुंह में जीरा जैसी कर जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ लेते हैं गैस की रसोई के दाम निरंतर बढ़ते रहते हैं।

डीजल पेट्रोल के दाम निरंतर बढ़ते रहते हैं किसानों के कामों में आने वाली हर चीज महंगी होती चली जा रही है चाहे खाद हो चाहे दवा हो लेकिन किसानों की बेची जाने वाली फसले निरंतर सस्ती क्यों होती चली जाती हैं।

# ब्लाक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बिजुआ का बुरा हाल, नरक बना पूरा गांव

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



बिजुआ गांव में ब्लाक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लाक संसाधन केंद्र, एक महाविद्यालय , दो इंटर कालेज , 4 आंगनबाड़ी केंद्र , 3 प्राइमरी स्कूल 3 उच्च प्राथमिक विद्यालय , 4 हिंदी मीडियम व 2 इंग्लिश मीडियम प्राइवेट स्कूल , सरस हाट, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन सहित 3 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें , पशु चिकित्सालय, गौशाला, श्मशान घाट, पावर हाउस एवं किसान सहकारी समिति, सहकारी संघ , गन्ना सोसाइटी, और शहीद स्मारक , पुलिस चौकी बिजुआ भी स्थित है।

इतना सब होने के बावजूद बिजुआ का दुर्भाग्य है कि साफ सफाई के मामले में बिजुआ गांव आंसू बहाता नजर आ रहा है अगर आप बिजुआ चौराहे से उतर कर बीआरसी या जिला पंचायत इंटर कॉलेज को जाएंगे तो आपको दुर्गंध युक्त गंदा पानी पार करके ही जाना पड़ेगा इसके बावजूद अगर कोई दूसरा मार्ग भी ढूंढते हैं तो छोटा चौराहा से महिला महाविद्यालय, बीआरसी, जिला पंचायत इंटर कॉलेज को जाने वाले खड़ंजे से भी गंदे पानी के महासागर से गुजरना पड़ता है।

वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआ में मॉडल शौचालय खुद ही 4 वर्षों से पूर्ण होने को रो रहा है काम चलाने के लिए शौचालय निर्माण किया गया है जिसकी छत की जगह पर कबाड़ की टीन डालकर काम चलाया जा रहा है। इतना ही नहीं ब्लाक संसाधन केंद्र व उप्रा विद्यालय के लिए रास्ता तो है लेकिन आधा बना है केंद्र और विद्यालय पहुंचने के लिए कीचड़ और गंदगी से होकर ही गुजरना पड़ता है।जब ब्लॉक बिजुआ के गांव का ये हाल है तो आप अंदाजा लगा सकते हैं अन्य ग्राम पंचायतों में कितनी साफ सफाई होगी

> ये सब आकस्मिक हुआ है, रोस्टर चल रहा है जल्द ही जल निकासी करा दी जाएगी।
>
> -अनिल वर्मा (एडीओ पंचायत बिजुआ)

### बिजुआ का श्मशान घाट

श्मशान घाट में अंतिम संस्कार करने वाले लोगों को सहूलियत के लिए सरकार ने सुविधाएं मुहैया करवाई लेकिन बिजुआ में शवदाह गृह की छत गायब, बड़ी बड़ी झाड़ियां और बनैले कीड़े मकोड़ों ने अपना डेरा बना लिया है। जहां पर भीड़ भाड़ के साथ किसी अंतिम संस्कार में जाना भी सुरक्षित नहीं है।

### पावर हाउस

हाइवे के किनारे पावर हाउस बना हुआ है लेकिन हाइवे से पावर हाउस तक लगभग 150 मीटर तक कच्चा रास्ता है जहां खड़ंजा की तो बात दूर मिट्टी पटाई हो जाने मात्र से पावर हाउस पहुंचना सुगम हो जाएगा लेकिन जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

### सहकारी संघ बिजुआ

सहकारी संघ बिजुआ पर वाहन आना जाना हो तो काफी संघर्ष से पहुंचते हैं क्योंकि वर्षों पहले जल जीवन मिशन की खुदाई में मार्ग जर्जर हो गया था जिसे जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते अभी तक सही नहीं किया गया है। जिससे आए दिन किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### शहीद स्मारक बिजुआ

आजादी की लड़ाई में बिजुआ क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में निर्माण हुआ था जिसमें एक शिला पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम लिखे हुए हैं उन्हीं की याद में प्रति वर्ष देशभक्ति आयोजन होते रहते हैं जहां 15 अगस्त पर खंड विकास अधिकारी बिजुआ ध्वजारोहण करते हैं लेकिन उसके चारों ओर हमेशा नालियां बजबजाती रहती हैं कही थोड़ी बरसात भी हो जाती है तो चारों तरफ हफ्तों गंदा पानी भरा रहता है।

### गन्ना सोसायटी बिजुआ

गन्ना सोसाइटी बिजुआ में किसानों को यूरिया, डी ए पी, एन पी के आदि उर्वरकों को लाने ले जाने का एक मात्र रास्ता बिजुआ चौराहे हाइवे से समिति तक लगभग 200 मीटर जो हमेशा कीचड़ व गंदे पानी से भरा रहता है।

## खेत से पेड़ काटे, दी तहरीर

**निघासन खीरी।** इलाके के मुड़िया बैलहा निवासी इस्लाम ने निघासन कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसने अपने खेत में लिप्टिस के 300 पेड़ लगाए थे, जिनमे से गांव के ही छोटू पुत्र जव्वाद ने 18 अप्रैल की रात में लगभग 150 पेड़ काट दिए, मामले में पीड़ित ने तहरीर देकर विपक्षी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### सूचना

मेरा हाई स्कूल का अंक प्रमाण पत्र संख्या 2772421 है जो वास्तव में कहीं खो गया है। प्रिया गुप्ता पुत्री स्वर्गीय श्री वंशीलाल गुप्ता निवासी ग्राम नेवादा चौराहा कुन्दुरखी पोस्ट गोविन्द पारा थाना मोतीगंज जिला गोंडा।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी विधानसभा के प्रभुद्ध वर्ग से किया सीधा संवाद

# सभी पार्कों में लगाए जाएं ओपन जिम

समृद्धि न्यूज



**▸ लखनऊ की पांचों विधानसभा में पांच कम्युनिटी सेंटर, 5 लाइब्रेरी एवं ओल्ड एज केयर सेंटर का निर्माण भी मेरी प्राथमिकता : राजनाथ सिंह**

**लखनऊ।** पूर्वी विधानसभा में रविवार शाम 4 बजे इंदिरानगर सेक्टर-सी स्थित इरम स्कूल में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रक्षामंत्री एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह मौजूद रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचन्दर प्रधान, डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, इरम कॉलेज मैनेजिंग डायरेक्टर व प्रबंधक सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही।

रक्षामंत्री ने उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का हालचाल पूछा, उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव भी जाने और शीघ्र निराकरण करने को कहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भी मैं अपने संसदीय क्षेत्र में आता हूं मेरी कोशिश होती है कि ज्यादा से ज्यादा अपने कार्यकर्ताओं से मिल सकूं। आप लोगों ने लगातार तीसरी बार मुझे अपना सांसद चुना है। पर शायद आप लोगों को मैं उतना समय नहीं दे पता मुझे देना चाहिएं।

रक्षा मंत्रालय के कार्य, कैबिनेट बैठक और सदन में व्यस्तता और अन्य राज्यों व विदेश दौरों के कारण ऐसा होता है। पर जब भी मैं दिल्ली रहता हूं तो वहां लखनऊ से पहुंचने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता से अवश्य मिलता हूं। विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ में बनने का कार्य पूरा हो गया है और 11 मई को मैं उद्घाटन करूंगा।

पहले कोई भी हथियार, टैंक, गोला, मिसाइल हमको दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था लेकिन आपको खुशी होगी कि आप 24000 करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। यह हम लोगों ने तय किया था की रक्षा मंत्रालय के सभी उपकरण भारत में बनाएंगे। भारतवासियों के द्वारा बनाएंगे क्योंकि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है। भारत पहला वाला भारत नहीं है, भारत अब बदल गया है। पहले भारत की छवि कमजोर और गरीब देश की थी, लेकिन अब यह अवधारणा बदल चुकी है। अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि सभी पांच विधानसभाओं में कम्युनिटी सेंटर और पांच लाइब्रेरी बन रही हैं। सम्मानित बुजुर्गों के लिए ओल्ड एज केयर सेंटर का भी निर्माण किया जा रहा है। लखनऊ के जितने भी प्रमुख पार्क हैं सभी में ओपन जिम लगाए जाएंगे। लखनऊ की पांचो विधानसभा में पांच कम्युनिटी सेंटर, 5 लाइब्रेरी, ओल्ड एज केयर सेंटर का निर्माण भी प्राथमिकता पर है। जो कम्युनिटी केयर सेंटर बनेंगे उनमें बाराती घर और दूल्हे दुल्हन के रहने की उचित व्यवस्था होगी।

### यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में चीनी उद्योग की होगी अहम भूमिका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के के लक्ष्य को साकार करने में गन्ना और चीनी उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। सरकार ने वर्ष 2027-28 तक गन्ना और चीनी उद्योग के ग्रॉस वैल्यू आउटपुट को मौजूदा 1.32 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्षों में जीवीओ में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 में यह 1,24,198 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 1,32,024 करोड़ रुपये हो गया है और 2027-28 तक इसे 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान गन्ना उत्पादन में 7 प्रतिशत और गुड़ उत्पादन में 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर हासिल करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है।

# महाकुंभ में हुई मौतों के आंकड़े छिपा रही भाजपा यूपी में बनेगी सपा की सरकार : अखिलेश

**▸ डिजिटल महाकुम्भ अभियान फेल, लेकिन जब आंकड़ा मांगा जा रहा है तो नहीं दे पा रहे**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ को लेकर भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को एक निजी कार्यक्रम के तहत प्रयागराज पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आंकड़े छुपाती रही। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि डिजिटल महाकुम्भ का दावा करने वाली सरकार के ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे हादसे के समय कहां गायब हो गए थे।

सोशल मीडिया में हुए प्रचार से लोगों में त्रिवेणी पावन जल के प्रति अथाह आस्था बढ़ गई और करोड़ों श्रद्धालु यहां उस पावन बेला में पुण्य अर्जित करने पहुंचे। लेकिन व्यवस्था ठीक नहीं थी। इनका डिजिटल महाकुम्भ अभियान फेल हो गया। लेकिन जब आंकड़ा मांगा जा रहा है तो नहीं दे पा रहें है। मुझे भी एक महाकुम्भ कराने का मौका मिला है। उस दौरान जो भी मेरी सरकार द्वारा अनुभव मिला था, उसके आधार पर लगातार हमने सरकार को ट्वीट के माध्यम से सुझाव साझा किया गया। लेकिन भाजपा वाले नकारात्मक बताते रहे और महाकुम्भ में यह भी कहा कि युवाओं को रोजगार दिया गया। अब युवा कब तक रोजगार के लिए इंतजार करेंगे।



प्रयागवासी महाकुम्भ में हाउस अरेस्ट रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि महादानी राजा हर्षवर्धन की मूर्ति को वहां से हटा दिया गया। यदि मेरी सरकार बनी तो हम उनकी सोने की मूर्ति बनवाऊंगा। भाजपा नफरत की राजनीति में विश्वास रखती है। जाति, धर्म आगे करके सरकार बना रही है। भाजपा सरकार में दलितों के साथ लगातार अत्याचार हो रहा है। देश में सबसे अधिक उप्र में दलितों के साथ अत्याचार हो रहा है। प्रयागराज में दलित युवक को दबंगों ने जलाकर मार डाला, यह कुछ और नहीं अहंकार ही है। एंग्लो इंडियन का आरक्षण छीन लिया, वक्फबोर्ड के सहारे मस्जिद एवं मठ मंदिरों की जमीनों पर कब्जा करने के लिए संशोधन किया गया है। भाजपा भूमाफिया की पार्टी है। उत्तर प्रदेश में हम पीडीए के मुद्दे पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाऐंगे।

## खबरें एक नजर में

### सी.एम.एस. कानपुर रोड कैंपस 'पर्यावरण मित्र पुरस्कार' से सम्मानित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस को पर्यावरण संवर्धन के प्रयासों एवं छात्रों को इस क्षेत्र में प्रेरित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर 'पर्यावरण मित्र पुरस्कार' से नवाजा गया है। सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस को यह सम्मान सेन्टर फॉर इन्वायर्नमेन्ट एण्ड एजुकेशन (सी.ई.ई) के तत्वावधान में प्रदान किया गया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के मेधावी छात्रों आरना सक्सेना, अद्वैत कृष्ण सरन, प्लाक्षा सिंह, वैष्णवी शर्मा, अंश प्रताप सिंह एवं अनिका चौरसिया ने अपनी वरिष्ठ प्रधानाचार्या डा. विनीता कामरान एवं शिक्षकों के नेतृत्व में इन्वार्यनमेन्ट एण्ड सस्टेनबिलिटी के क्षेत्र में अपने शोध एवं प्रस्तुतिकरण से जनमानस को 'रि-साइकिल, रियूज एण्ड रिड्यूज पलूशन' हेतु प्रेरित किया है। पर्यावरण के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्य से इन छात्रों ने जनमानस में यह विश्वास जगाया कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों से हम पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु चयनित होकर सी.एम.एस. परिवार अत्यन्त गौरवान्वित है। पर्यावरण मित्र पुरस्कार भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के संयोजकत्व में सेन्टर फॉर इन्वायर्नमेन्ट एण्ड एजुकेशन (सी.ई.ई) द्वारा प्रदान किया जाता है, जो कि खासतौर पर विद्यालयों को छात्रों एवं युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु प्रदान किया जाता है।

### बंगाल में हिन्दुओं के साथ हिंसा के विरोध में प्रदर्शन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा अर्थात अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी एवं हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ सहित विभिन्न हिन्दू संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में कल 21 अप्रैल को अपराह्न दो बजे जीपीओ पार्क पटेल प्रतिभा हजरतगंज में वक्फबोर्ड कानून की आड़ में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी हिन्दूवादी नेता व अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने देते हुए विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और हिन्दू जनमानस से विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक शामिल होने का आह्वान किया। इसके साथ ही श्री त्रिवेदी ने बताया कि देश की हालत 1947 में हुये बंटवारे के समय के हालातों से ज्यादा बदतर हो गए हैं, अब समय आ गया है कि उसे अपनी आत्मरक्षा और राष्ट्र सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### राजनाथ व डिप्टी सीएम मेयर से मिलने उनके आवास पहुंचे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में मैट पर पैर फिसलने से मेयर सुषमा खर्कवाल का पैर फ्रैक्चर हुआ था। इसके एक दिन बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मेयर से मिलने उनके आवास पहुंचे। इस दौरान रक्षा मंत्री ने मेयर के स्वास्थ्य की जानकारी ली है। करीब आधे घंटे तक वह मेयर के कैंप कार्यालय पर रहे। राजनाथ सिंह ने भाजपा के नेताओं के साथ सुषमा खर्कवाल से उनके कैंप कार्यालय पर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सुषमा एक मेहनती और सक्रिय जनप्रतिनिधि हैं। नगर की सेवा में उनका योगदान सराहनीय है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जल्द स्वस्थ होकर फिर से अपने काम में जुटें। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे।

### महिलाओं ने रैली निकाल किया सर्वाइकल कैंसर के लिए जागरूक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में ऑल इनर व्हील क्लब की तरफसे महिलाओं ने कार रैली निकाली। इस दौरान कई महिलाएं राजस्थानी पगड़ी पहनी हुई थी। इसमें महिलाएं विभिन्न पोस्टर पर स्लोगन लिखकर पहुंचीं, जिन पर सर्वाइकल कैंसर से जागरूक करने के स्लोगन लिखे हुए थे। कई तरीके से कार सजाई गई थीं। इन पर कई तरह के स्लोगन लिखे और चित्र लगाए गए थे। रैली में करीब 150 कार और बाइक साथ दिखीं। गोमतीनगर के मरीन ड्राइव से जी-20 चौराहे और उसके बाद वापस मरीन ड्राइव पर यह कार रैली समाप्त हुई। रैली में शामिल नीलम ने कहा हमें कैंसर के पहले चरण में ही जानकारी होना जरूरी है। डायग्नोसिस होना जरूरी है। महिलाओं को अपना रूटीन चेकअप जरूर करना चाहिए। अपने हेल्थ के प्रति जागरूक होना चाहिए।

# निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान जारी

**▸ कंसलटेंट का आदेश निरस्त करने के बजाय पावर कॉरपोरेशन उसे बचाने में लगा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट द्वारा झूठा शपथ पत्र दिए जाने के बाद नियुक्ति का आदेश रद्द करने के बजाय पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजी कंसल्टेंट को बचाने में लगा है। ऊर्जा मंत्री द्वारा संविदा कर्मियों को बर्खास्त करने की कठोर कार्रवाई की प्रतिक्रिया में संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री को कठोर कार्रवाई करनी ही है तो घोटाला करने वाली टोरेंट पावर कंपनी, ग्रेटर नोएडा पावर कंपनी और झूठा शपथ पत्र देकर फर्जीवाड़ा करने वाले ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन पर करनी चाहिए।

निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान आज अवकाश के दिन भी जारी रहा। आज गोरखपुर में राज्यसभा के सांसद डॉक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल को, गोंडा में लोकसभा के सांसद करण भूषण सिंह को और फूलपुर में लोकसभा के सांसद प्रवीण पटेल को ज्ञापन दिए गए।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजेक्शन कंसलटेंट का झूठा शपथ पत्र और अमेरिका में उसके ऊपर लगी पेनाल्टी का मामला सामने आने के बाद एक सप्ताह से ज्यादा समय हो गया है और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष फाइल को दबाए बैठे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि पता चला है कि ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मे ग्रांट थॉर्टन को बचाने के लिए नई नई जुगत लगाई जा रही है और यह तर्क दिया जा रहा है कि कंपनी पर अमेरिका में फाइन लगी है, भारत में फाइन नहीं लगी। संघर्ष समिति ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण कि जिस कंपनी का चयन अमेरिका में काम करने के अनुभव के आधार पर किया गया है उस कंपनी पर अमेरिका में लगी पेनाल्टी को नजर अंदाज कर इस कंपनी के जरिए उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों का निजीकरण कराया जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि यह खुला भ्रष्टाचार है जिस पर ऊर्जा मंत्री को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

### सपा दलितों की हितैषी नहीं हो सकती : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा आदि की तरह ही सपा भी अपनी नीयत व नीति में खोट-द्वेष है, इस कारण सपा कभी भी दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती है। वोटों के स्वार्थ की खातिर लगातार छलावा करती रहेगी, जबकि बसपा बहुजन समाज को शासक वर्ग बनाने के लिए हमेश संघर्ष करती रहेगी। मायावती ने रविवार को एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, कांग्रेस-भाजपा की तरह सपा में भी गरीबी, जातिवादी शोषण व अन्याय-अत्याचार आदि को समाप्त करने की इच्छाशक्ति नहीं है। दलितों को संवैधानिक अधिकार देकर उनका वास्तविक कल्याण व उत्थान करना तो दूर की बात है। इसके कारण वे मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा के लोगों ने हमेशा बसपा के साथ विश्वासघात किया है।

# पुलिस ने स्पा सेंटर पर छापा मारकर पकड़ी थाईलैंड की छह युवतियां




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस ने रविवार को लुलु मॉल के पीछे बने स्पा सेंटर पर छापा मारा। यहां से छह थाईलैंड युवतियां पकड़ी गई, जो बिना वर्क वीजा के काम कर रही थी। पुलिस ने युवतियों के बारे में एंबेसी को जानकारी देते हुए संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मोहनलालगंज के एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि पुलिस ने लुलु मॉल के पीछे बने स्काई इन प्लाजा में चल रहे ब्लू बेरी थाई स्पा सेंटर पर छापा मारा। मौके से छह थाई युवतियां पकड़ी गई है। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम न्यूचनरत खानख्वां, श्रीरावन विंगेट, नफवां आडिनफिन, सुपात्र लोहचाई, विजिटर चिमटी और न्यूचनरत त्यागकर्तिक बताया। युवती न्यूचनरत ने बताया कि वो यहां की देखरेख करती है। संचालिका सिमरन सिंह वाराणसी में रहती है। कभी-कभी लखनऊ आती है। स्पा सेंटर में काम करने वाली सभी लड़कियां रात में यहीं ठहरती है। लड़कियों ने पुलिस को सेल और परचेज वीजा दिखाया है, जबकि इनके पास कोई भी एंप्लायमेंट या वर्क वीजा नहीं था। एसीपी ने बताया कि दारोगा विपिन प्रताप सिंह की तहरीर पर संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। युवतियों को हिरासत में लेकर एंबेसी को जानकारी दे दी गई है। सभी विदेशी महिलाओं के बयान दर्ज होंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# आवास योजना के आवंटियों के लिए विशेष कैम्प आज से 25 तक

समृद्धि न्यूज

**▸ पोर्टल पर एन्ट्री सहित सभी औपचारिकताओं की होगी पूर्ति**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटियों की समस्याओं, अवैध कब्जों के निस्तारण के लिए 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कैम्प लगाने का निर्णय किया है। लखनऊ में वृंदावन योजना के सेक्टर नौ स्थित आवास एवं विकास परिषद कार्यालय परिसर में यह कैम्प लगेगा। वहीं सुलतानपुर में प्रधानमंत्री आवास के लिए कैम्प को सम्पत्ति प्रबंध कार्यालय में लगाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के अपर आवास आयुक्त डॉ.नीरज शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटियों को भवन कब्जा, भुगतान और अन्य औपचारिकताओं में आ रही परेशानी से अब राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आवास विकास परिषद विशेष कैम्प आयोजित करने जा रही है। यह कैंप कल से शुरू होकर 25 अप्रैल तक चलेंगे। कैम्प सुबह ग्यारह बजे से शुरू होंगे। फिलहाल योजना का शुभारंभ राजधानी लखनऊ और सुलतानपुर से किया जा रहा है। इन कैंपों में भवन के आवंटन, कब्जा, प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पोर्टल पर एन्ट्री सहित सभी औपचारिकताओं की पूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैम्प में अपनी समस्याओं के साथ ही आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे। जिनके आधार पर जांच की जाएगी। कैम्प में मौके पर ही समस्या का समाधान होगा। जनपद लखनऊ और सुलतानपुर के निर्माणाधीन भवनों के आवंटियों की समस्याओं का समाधान आवास विकास परिषद के अधिकारी, सूडा व डूडा के अधिकारीगण मौके पर करेंगे।

### अंतिम मतदाता सूची -2025 में नहीं प्राप्त हुई कोई अपील

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली भारत निर्वाचन आयोग के निदेशन, नियंत्रण और अधीक्षण में तैयार और समय-समय पर अद्यतन की जाती है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बूथ लेवल अधिकारी की सत्यापनोपरांत प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर नामावली में नाम जोड़े जाने, विलोपित किए जाने और संशोधित किए जाने के संबंध में निर्णय लिया जाता है। निर्वाचक नामावलियों को निरंतर अद्यतन करते रहने के अलावा, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष निर्वाचक नामावलियों को अद्यतन करने के लिए वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) का आयोजन किया जाता है जो हर वर्ष अक्तूबर-दिसंबर की अवधि के दौरान आयोजित होता है और अगले महीने जनवरी में अंतिम नामावलियां प्रकाशित की जाती हैं। तैयार निर्वाचक नामावली का प्रारूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है तथा राजनीतिक दलों को भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

# त्वरित व गुणवत्ता के साथ हो समस्या निस्तारण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की की जरूरत नहीं है। सीएम योगी ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण, त्वरित गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन के इलाज में आर्थिक दृष्टि से लाचार होने की बात कही तो मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला के परिजन को हॉस्पिटल ले जाने भर्ती कराकर समुचित इलाज कराने की व्यवस्था की जाए औरए आगे किसी भी प्रकारकी स्वास्थ्य समस्या होने पर दिक्कत न हो इसके लिए आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। इसी क्रम में एक महिला ने कहा कि पैसे की कमी से परिजन को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मरीज को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। भर्ती कराने के साथ इलाज का भी पूरा इंतजाम किया जाए। यह सब होने के बाद आयुष्मान कार्ड भी बनवा दिया जाए। मुख्यमंत्री से मिले इस आत्मीय संबल से महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता ज्ञापित करने लगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने पहुंचे अन्य लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन कीकमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशिदी जाएगी।

# राज्य विद्युत अभियंता संघ चुनाव : संजय सिंह नए अध्यक्ष व जितेंद्र सिंह महासचिव चुने गए

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के सत्र 2025-27 के लिए नई केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है। निर्वाचन अधिकारी अधीक्षण अभियंता इंजीनियर पंकज अग्रवाल ने आज चुनाव परिणाम घोषित कर दिया। निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह लखनऊ में अभियंता संघ के मुख्यालय हाइडिल फील्ड हॉस्टल, 17 राणा प्रताप मार्ग पर 21 अप्रैल को होगा। बिजली के निजीकरण के विरोध में संघर्षरत विद्युत अभियंताओं ने केंद्रीय कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव कर समय के अनुसार अपनी एकजुटता का परिचय दिया है। परिछा ताप बिजली घर में तैनात वरिष्ठ अधिशासी अभियंता इंजीनियर संजय सिंह चौहान को नया अध्यक्ष चुना गया है। इंजीनियर जितेंद्र सिंह गुर्जर को दोबारा महासचिव के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर इंजीनियर प्रभात सिंह और संयुक्त सचिव के पद पर इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव दोबारा चुने गए हैं।

उपाध्यक्ष के पद पर इंजीनियर रणवीर सिंह, इंजीनियर कृष्ण कुमार सारस्वत, इंजीनियर अदालत वर्मा, इंजीनियर राहुल बाबू कटियार और इंजीनियर मनोज कुमार सिंह निर्वाचित किए गए हैं। संगठन सचिव के पद पर इंजीनियर जगदीश पटेल को, कोषाध्यक्ष के पद पर इंजीनियर बृजेश कुमार सिंह को और प्रचार सचिव के पद पर इंजीनियर साजोल को निर्वाचित किया गया है। सहायक सचिव के पद पर इंजीनियर सुबोध झा, इंजीनियर निखिल कुमार, इंजीनियर शशि प्रकाश सिंह, इंजीनियर राहुल सिंह और इंजीनियर पुष्पेंद्र सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। लेखा परीक्षक के पद पर इंजीनियर गौरव शुक्ला निर्वाचित किए गए हैं।

**कार्यक्रम** | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ विभाग की शाखा टोली का एकत्रीकरण कार्यक्रम

# बीते 100 वर्ष से हिन्दू समाज को संगठित व जागृत कर रहा संघ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ विभाग की शाखा टोली का एकत्रीकरण लखनऊ के आशियाना क्षेत्र स्थित स्मृति उपवन में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी ने कहा, स्वयंसेवक शाखा के माध्यम से भारत के परम वैभव के लिये प्रतिदिन साधना कर रहे हैं।

साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि संघ 100 वर्षो से हिन्दू समाज को जागृत करता आ रहा है। संघ हिन्दुओं को सेवाभावी हिन्दू बनाने के साथ ही अकेले हिन्दू को शक्तिशाली एवं राष्ट्रीय हिन्दू बनाने का कार्य कर रहा है। हिन्दुओं को समरसता की धारा में लाने का कार्य संघ ने किया है। सरकार्यवाह ने कहा, पवित्र भगवा ध्वज के सम्मुख हम सभी यहां एकत्र हुए हैं, यह अपने कार्य पद्धति का हिस्सा है।



संघ समय-समय पर अपने कार्यकर्ताओं को ठीक बनाये रखने एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिये इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। यह एक संगठनात्मक कार्यक्रम है। अपने संगठन को और मजबूत एवं सुसंगठित करने के लिये इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इससे हमारे अंदर का स्वयंसेवकत्व बेहतर होता रहता है। इसकी तैयारी के लिये सभी ने अपनी-अपनी शाखा में कई दिनों तक मेहनत की है। इसके आगे उन्होंने कहा कि हम सब संघ के स्वयंसेवक हैं। हमने देश के लिये संकल्प लिया है।

इस राष्ट्र को वैभव के शिखर एवं विकास के पथ पर ले जाने के लिये हम सदैव कार्यरत रहेंगे। ऐसा हम इसलिये करते हैं क्योंकि हम भारतवर्ष में जन्मे हैं। भारतवर्ष में जन्म लेने के लिये देवता भी तरसते हैं। इसलिये यहां जन्म लेना हमारा सौभाग्य है। ऐसे में हमारा कर्तव्य भी बनता है कि हम समाज और देश के प्रति अपने संकल्पनिष्ठ कर्तव्यों का निर्वहन करें। भारत के साहित्यकारों, वैज्ञानिकों एवं समाजसेवकों आदि ने इसे भारत तो बना दिया है। इस धरती को सँवार भी दिया है लेकिन इसे निरंतर उच्चता की ओर ले जाने के लिये हमें भी अपने कर्तव्यों ने का निर्वहन करना होगा।

सरकार्यवाह ने कहा, इस देश के लिये जिन महापुरुषों ने बलिदान दिया है, उन सबका हमें नाम तक याद नहीं रहता। ऐसे अनेक वीर हैं जिन्होंने आवश्यकता पड़ने पर अपने जीवन को न्योछावर करते हुये भारतीयता और धर्म की रक्षा की है। देश की खातिर अपने जीवन को समर्पित करने वाले ऐसे लोगों की तरह ही हमें भी अपना जीवन निर्वहन करना होगा। ऐसे महापुरुषों का कर्ज हम सब पर हैं। उन्होंने कहा, एक स्वयंसेवक का सपना होता है कि देश हमें सब कुछ देता है, हम भी देश को कुछ देना सीखें। सरकार्यवाह ने कहा कि सामाजिक काम तो पहले भी बहुत से लोगों ने किया है। ऐसे महापुरुषों से हम प्रेरणा लेते हुये उन्हें नमन करते हैं। मगर इसमें विचारणीय है कि आरएसएस की भूमिका क्या है? इसे स्पष्ट करते हुये उन्होंने कहा कि संघ का कार्य है कि हर प्रकार का व्यक्ति अपने कार्य करते हुये देश-समाज के लिये कुछ न कुछ करे, यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य है। संघ की विशेषता है कि एक ही समय में एक ही पद्धति से एक ही लक्ष्य के साथ स्वयंसेवक शाखा का कार्य रहे हैं।

# तेरह वर-वधु ने अग्नि के समक्ष लिए सात फेरे

**सामूहिक विवाह में निर्धन कन्याओं के हुए हाथ पीले**

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

रविवार को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में निर्धन कन्याओं हेतु सामूहिक भव्य विवाह समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हिंदू रीति रिवाज एवं पूरे वैदिक मंत्रोचार के साथ सायंकाल के समय 13 वर वधू एक दूसरे को जयमाल पहनाते हुए परिणय सूत्र में बंधे।

ये कार्यक्रम जनपद के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से वर एवं वधू पक्ष के परिवार जन विवाह स्थल पर पहुंचने के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें वर बधू का जयमाल हुआ।

फिर भंवर (अग्नि फेरा) हुआ। उसके बाद देर रात वर वधु की विदाई संपन्न हुई।विदाई के समय संस्था द्वारा सभी जोड़ों को नई गृहस्थी एवं खुशहाल जीवन के लिए आवश्यक सामान दिए गये, जिसमें लोहे का बॉक्स, अटैची, एयर बैग,पलंग, गद्दा, चादर, प्रत्येक कन्या को 7 साड़ी, ब्लाउज व पेटिकोट, पायल, बिछिया व मंगलसूत्र, प्रेशर कुकर, टेबल पंखा, कंबल, बर्तन व मिठाई आदि सामान समिति द्वारा देकर सभी तेरह जोड़ी की विदाई हुई।




सभी मेहमानों के लिए जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी श्री राम जानकी धर्मादा समिति,श्री राम जानकी महिला मंडल,श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट, मारवाड़ी युवा मंच गोंडा शाखा, मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन मंडल महिला शाखा के अलावा कई समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा। और इस कार्यक्रम में नगर के संभ्रांत, प्रतिष्ठित एवं सामाजिक गणमान्य व्यक्तिय एवं जनप्रतिनिधि भारी संख्या में शामिल हुए।

इस दौरान श्री राम जानकी समिति के अध्यक्ष अनिल मित्तल सचिव संजय अग्रवाल, संयोजक राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट, विवाह संयोजक अनिल अग्रवाल, श्याम केडिया,विकास जैन,दीपक अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, संदेश गर्ग, पीयूष मित्तल, सुरेश भावसिंहका, सुशील पचेरिया, मुकेश नहारिया, विमलेश सिंघल, गोविंद जालूका, कार्यक्रम सह संयोजक सरोज अग्रवाल, स्वागत समन्यवक अमिता अग्रवाल, विवाह सह संयोजक नीलम जैन, संस्कृति प्रमुख नीतू गर्ग, श्री राम जानकी महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, पूनम मित्तल, डॉ नेहा नेवटिया, वर्षा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, मीनू पचेरिया, रचना पचेरिया, मंजू केडिया, डाक्टर रेनू अग्रवाल, अनिता मनीरामका,सोनम अग्रवाल, रीता काबरा, किरन बंसल, सरिता अग्रवाल, पुष्पा सिंघल के अलावा समाज के कई समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मी मुस्तैद रही।

## बिना परमिशन चल रहे प्रदर्शनी पर उच्च न्यायालय ने लगाई रोक

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक प्रदर्शनी दो माह के लिए लगाई गई किंतु जब इस प्रदर्शनी के बारे में अधिवक्ता के द्वारा पीआईएल डाला गया जिसकी सुनवाई करने के बाद उच्च न्यायालय के विद्वान न्यायाधीशों के द्वारा कहा गया किसी भी शैक्षणिक प्रेमिसेस के अंदर शैक्षणिक कार्य के चलने के समय वहां दो महीने का प्रदर्शनी नहीं लगाया जा सकता है बहस के दौरान यह भी मामला खुलकर आया कि यह प्रदर्शनी किसी भी सक्षम अधिकारी के द्वारा आदेश नहीं जारी किया गया और प्रदर्शनी पर




रोक लगाते हुए 17/04/ 2025 को आदेश जारी किया गया इस प्रकरण की जानकारी लेने के लिए जब जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र से दूरभाष पर जानकारी लेना चाहे तो उनका फोन नहीं उठा।।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के घर पर हमला

**ईदगाह पर मीटिंग में मदरसे की आय व्यय का प्रस्ताव रखते ही भड़के मुस्लिम समुदाय को लोग**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

जनपद के कोतवाली कर्नलगंज अंतर्गत हलधरमऊ ब्लाक के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के घर पर बीती रात्रि सैकड़ो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया,जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। वहीं मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल पठान द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो थाने से भारी पुलिस बल पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष तथा उनके परिवार जनों की जान बचाई जा सकी।



भाजपा मंडल अध्यक्ष सद्दाम हुसैन उर्फ कपिल का आरोप है कि उन्होंने गांव में चल रहे मदरसे के बारे में किछौछा से आए हुए पीर व अन्य लोगों से बातचीत करने के दौरान आक्रामक होकर मंडल अध्यक्ष को भाजपा का कार्यकर्ता बताते हुए उनके आवास पर करीब 1000 से लगभग 1500 मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। इसके साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि उनके पुश्तैनी जमीन पर गांव में एक मदरसा संचालित हो रहा है। जहां किछौछा शरीफ से पीर साहब आए हुए थे, मदरसे में एक मीटिंग चल रही थी जिस पर उनके द्वारा मदरसे में कमेटी बनाकर आय और व्यय के ब्यौरे की बात का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर मुस्लिम समाज के लोगों ने उन्हें भाजपा का बताते हुए उनके साथ अभद्रता की। इस घटना के बाद किछौछा से आए हुए पीर नाराज होकर चले गए। लेकिन अन्य गांव के लोगों ने उन पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए षड्यंत्र करते हुए गांव के मदरसे से उनके ऊपर हमला करने की घोषणा कर दी। और मस्जिद से सूचना अनाउंस होने के बाद उनके घर पर लगभग 1500 मुसलमानों ने हमला बोल दिया। इस हमले में उनके पिता फकीर बख्श के सीने में व उनके घर के अन्य सदस्यों को चोट भी आई है। वही मामले में कर्नलगंज पुलिस ने 10 लोगों को नाम जद करते हुए 15 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। घटना की पुष्टि करते हुए प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज श्रीधर पाठक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपितों की तलाश की जा रही है सख्त कार्यवाही होगी।

**नॉर्मल एफआईआर लिख दायित्व की इति श्री**

पुलिस ने नॉर्मल एफ आई आर लिखते हुए दायित्व की इति श्री कर ली मामले को लेकर मैं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश तथा गोंडा जनपद के जिला अध्यक्ष से बात करके न्याय की गुहार लगाई है। जिला अध्यक्ष शीघ्र ही सरकारी करवाने का शासन दिया है।

सद्दाम हुसैन ब्लॉक मंडल अध्यक्ष
भाजपा हलधर मऊ

## आयुक्त ने सीएमओ को दिए कर्मचारी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच करने की निर्देश

देवीपाटन मण्डल, गोण्डा समृद्धि न्यूज़। शिव शंकर यादव पुत्र हरिहर प्रसाद यादव ग्राम बैरिया सुरजनपुर विकास खण्ड-रेहरा बाजार तहसील उतरौला, जनपद बलरामपुर के शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने सीएमओ बलरामपुर को एमसीटीएस आपरेटर विश्वनाथ प्रताप सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहरा बाजार द्वारा जन्म प्रमाण-पत्र निर्गत करने के नाम पर अवैध धन उगाही करने के लगे आरोपों की जाँच कर एवं शिकायतकर्ता को सुनकर अपनी सुस्पष्ट आख्या 25 अप्रैल तक उपलब्ध कराने का आदेश दिये गये है।

इसके अलावा आयुक्त द्वारा जिला चिकित्सालय तथा जनपद बलरामपुर की समस्त सीएचसी व पीएचसी में तैनात डाक्टरों तथा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ लिपिकों सहित अन्य सभी कार्मिकों की पटल पर तैनाती की तिथि, आवंटित कार्य तथा कार्यस्थल की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## निसार अहमद ने हज उमराह मोमिन टूर एण्ड ट्रैवलस का किया उद्घाटन

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

रविवार को शहर के स्थानीय मोहल्ला दयानन्द नगर उतरौला रोड पर हज उमराह पर जाने वाले व्यक्तियों के लिए मोमिन टूर एण्ड ट्रैवलस का आफिस का उद्घाटन गोण्डा सांसद प्रतिनिधि निसार अहमद ने किया।

मोमिन टूर एण्ड ट्रैवलस के मैनेजर हाजी हकीम मेहदी ने बताया कि इससे पहले भी लोगों को उमरा व हज पर इस टूर एण्ड ट्रैवलस से लोगों को सफर पर भेजा गया है। रविवार को देवी पाटन मण्डल कार्यालय आफिस मोमिन टूर एण्ड ट्रैवलस का उद्घाटन समारोह किया गया है।

हाजी हकीम मेहदी ने बताया कि हमारे यहां दिसम्बर में 40 लोग उमराह पर गये थे रमजान में 14 लोग उमराह पर हमारे द्वारा गये थे आगे उन्होंने बताया कि इस बार 2025 में छ लोग हज पर जा रहे हैं। उन्होंने




बताया कि 65000 हजार में उमराह की बुकिंग हो रही है 15 मई अन्तिम तारीख है। 15 नवम्बर को यह लोग जायेंगें। सभी फ्लाइट लखनऊ से जायेगी। उन्होंने बताया कि दूसरा पैकेज 75000 हजार रूपये में है जुलाई तक इसकी बुकिंग होगी। जो हरम से काफी नजदीक है जो 21 दिन का सफर है। इस प्रोग्राम में आए प्रतिनिधि ने कहाकि यह एक अच्छा कार्य है इससे लोगों को उमराह हज जाने वाले लोगों को आसानी होगी अब आप को दूसरे शहर जाने के बजाय सारी सहूलियतें यहीं मिलेंगी। इस मौके पर सभासद हाजी अब्दुल सईद, हाजी इदरीश चूड़ी वाले, अब्दुल मुकीत, मसूद शमसी, मोहम्मद अहमद फारूकी, मसरूर खां, मो. जलील खां, मो. ज़मा, शकील भाई राकी, बबलू मुशफिक, शमीम बबलू, राजेश दीक्षित, मुशफिक जमीर,अकबर अली, जमशेद वारसी, जावेद खां, हाफिज यूसुफ एमआईएम, हाफिज मोहम्मद आमिर एडवोकेट व जीशान सहित आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मटेरा और रिसिया थानाध्यक्ष बदले, राजकुमार पांडे बने मटेरा थाना इंचार्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने मटेरा और रिसिया थाना इंचार्ज को बदल दिया है। मटेरा थाना इंचार्ज रहे मदनलाल को रिसिया थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया है। अपराध शाखा में तैनात रहे राजकुमार पांडे को मटेरा का नया थानाध्यक्ष बनाया है।

### चार वारंटी और दो वांछित गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के विभिन्न थाने की पुलिस ने चार वारंटी और दो वांछित को गिरफ्तार किया। बौण्डी थाने की पुलिस ने एक वारण्टी दाताराम पुत्र कीटू निवासी ग्राम घूरहरी थाना बौण्डी, थाना पयागपुर पुलिस द्वारा दो वारण्टी शमशुद्दीन पुत्र नजर मोहम्मद उर्फ नजरू निवासी ग्राम सचौली, ऋषिकेश तिवारी पुत्र शत्रुधन निवासी ग्राम कांधी कुइयां थाना पयागपुर और मटेरा थाने की पुलिस द्वारा एक वारण्टी हसन मोहम्मद पुत्र समद खाँ निवासी मझौली दा0 समोखन थाना मटेरा जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया है ।इसी प्रकार थाना कैसरगंज पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त कौशल किशोर पुत्र राम चन्दर निवासी कुसहा थाना पडुआ जनपद लखीमपुर खीरी को मु0अ0सं0 113/25 धारा 137(2)/351(3) बीएनएस और को थाना को0 देहात पुलिस ने भी एक वांछित अभियुक्त वसी अहमद पुत्र स्व0 नन्हू निवासी मो0 बन्दरियाबाग घोसियाना थाना को0 देहात जनपद बहराइच सम्बन्धित मु0अ0सं0 126/2025 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 351(3), 125(क), 109(1) बीएनएस व धारा 7 सीएलए एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### वाहन चेकिंग अभियान, कई बाइक से वसूला जुर्माना यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। वजीरगंज के झिलाही मोड़ पर पुलिस ने दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान संपन्न हुआ। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। बिना हेलमेट और गलत तरीके से वाहन चलाने वालों का चालान काटा गया। कुल 10 दोपहिया वाहनों से 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया ।प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने स्वयं मौके पर रहकर अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने सभी दोपहिया वाहनों की जांच सुनिश्चित की। पुलिस का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। पुलिस के अनुसार इस तरह के अभियान से वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ेगी। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। पुलिस आगे भी ऐसे अभियान जारी रखेगी। इससे वाहन चालक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे।

### काली मंदिर से निकली कलश यात्रा, श्रद्धालुओं ने कई गांवों की परिक्रमा

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज, गोंडा में स्थित जोगापुर काली माता मंदिर से रविवार शाम भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे शुरू हुई इस यात्रा में सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए और गाजे-बाजे के साथ यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा जोगापुर से शुरू होकर अकबरपुर, शाहपुर, कोल्हमपुर इमाम सहित कई गांवों और मंदिरों तक पहुंची। डीजे की धुन पर युवाओं ने भी जमकर नृत्य किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। यात्रा वापस जोगापुर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर में आज शाम से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू होगा।

# दो साइबर ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोले भाले लोगों का एकाउंट खोलवा कर, किया करोड़ों की रकम आर पार**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो साइबर ठगों को कूटरचित दस्तावेजों और ठगी में प्रयुक्त सामान के साथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने दी। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में अनवर पुत्र शाकिर अली और मूशीर पुत्र मुसीबत, दोनों निवासी ग्राम शेखदहीर बंजारी मोड़ थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया गया। ये आरोपियों पर लंबे समय से



बैंक खाताधारकों को लुभाकर साइबर ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी भोले-भाले लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उनके नाम पर बैंक में चालू और बचत खाते खुलवाते थे। इसके बाद खातों से संबंधित चेकबुक, एटीएम कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर इंटरनेट बैंकिंग के जरिए खातों को हैक कर बड़ी रकम अपने और फर्जी खातों में ट्रांसफर कर लेते थे। इस धनराशि को ऑनलाइन माध्यम से निकालकर आर्थिक लाभ कमाते थे। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो आधार कार्ड की छायाप्रतियां, दस एटीएम कार्ड, पांच कूटरचित आधार कार्ड, छह बैंक चेक, दस चेकबुक विभिन्न बैंकों की, दो जीएसटी पंजीकरण पत्र, दो मुहर, एक लैपटॉप तथा एक काली रंग की स्कॉर्पियो क्लासिक कार बरामद की गई। यह गिरफ्तारी टिकोरा मोड़ से बहराइच शहर की ओर गोलवाघाट पुल के पास थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में की गई। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में साइबर क्राइम थाना बहराइच के साथ-साथ साइबर सेल और सर्विलांस सेल के अधिकारी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। बहराइच पुलिस लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है और नागरिकों से अपील करती है कि वे अनजान स्रोतों या संदिग्ध लिंक पर अपनी बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखने पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या साइबर क्राइम थाना को सूचित करें।

## पड़ोसी किसान पर लगाया गेहूं की कटी फसल बर्बाद का आरोप

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। खेत में कटी पड़ी फसल को पानी भरकर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित किसान ने उचित कार्रवाई एवं नुकसान की भरपाई कराने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव छिरिया सलेमपुर निवासी किसान प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके खेत की फसल हाल ही में काटकर खेत में ही रखी थी। इसी दौरान पड़ोसी किसान द्वारा सिंचाई के नाम पर अपने खेत से पानी छोड़ दिया गया, जिससे उसके खेत में पानी भर गया और कटी हुई फसल पूरी तरह भीगकर खराब हो गई। पीड़ित किसान का आरोप है कि जब उसने इस हरकत पर पड़ोसी किसान से आपत्ति जताई और उलाहना दिया, तो उसने उल्टा धमकाना शुरू कर दिया। किसान का कहना है कि उसने अपनी फसल पर महीनों की मेहनत की थी और अब उसकी पूरी उपज पानी में नष्ट हो गई है, जिससे उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने उचित कार्रवाई एवं नुकसान की भरपाई कराने की पुलिस से गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पदाधिकारीयों ने दी बीएसए को पुत्र रत्न की बधाई

**शिक्षकों का दल पहुंचा लखनऊ, मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह को पुत्र रत्न की प्राप्ति होने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री व पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में शिक्षकों का एक दल बेसिक शिक्षा अधिकारी को मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में जाकर के प्रसन्नता के साथ नवजात शिशु को शुभाशीष तथा अपने बीएसए को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिला मंत्री राजेश कुमार मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि ईश्वर का पूजा व वरदान तथा नेक कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता उसका प्रतिफल अच्छा होता है और उचित समय पर सुखद फल मिलता है। बीएसए को लड्डू खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। आपको बताते चलें कि जब से बहराइच में बीएसए के पद पर आशीष कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किये है तब से अपने अधीनस्थों का रात दिन ख्याल रखते हैं तथा उनके सुख-दुख में शामिल होते हैं इसी कारण से पूरे जनपद के समस्त बेसिक शिक्षा के कर्मचारी व पूरा परिवार प्रसन्नता के साथ बधाई व शुभकामनाएं दे रहे हैं। बधाई व शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व एआरपी रमेश कुमार पाठक,ब्लॉक फखरपुर अध्यक्ष मिथिलेश मिश्र, शिक्षक नेता प्रेम कुमार अवस्थी व अन्य शिक्षकों ने अपने मुखिया को प्रसन्नता के साथ बधाई व शुभकामनाएं दी।

## एसपी ने किया थाना पयागपुर का निरीक्षण



**थाना क्षेत्र के पुलिस पेंशनर के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याओं को सुना**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने थाना पयागपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की व सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिसम्मत कार्यवाही के उपरांत स्वयं थाना प्रभारी द्वारा फीडबैक लेने के लिए आदेशित किया। साथ ही फरियादियों/ आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और बैठने, पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। मालखाने के निरीक्षण के दौरान मालो को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया।

मेस की साफ-सफाई रखने, फिक्स मेनू के तहत गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने के लिए कहा गया। एसपी ने थाना क्षेत्र के पुलिस पेंशनर के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याओं को सुना। एसपी ने थाना मालखाना हवालात का निरीक्षण कर हवालात में साफ-सफाई रखने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया।

थाना प्रांगण में सी.सी.टी.वी. कैमरो की दशा व दिशा दुरस्त रखने हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया। रजिस्टरों के व्यवस्थित रख रखाव एवं मालखाने में माल का क्रमवार रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया। थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले आगुन्तकों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी बातो/शिकायतों को सुनकर विधिक निस्तारण किया जाये, ताकि उनको अनावश्यक मुख्यालय न जाना पड़े। थाना परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को निर्देशित किया। थाने में शौचालय का निरीक्षण किया गया शौचालय की बेहतर साफ सफाई तथा पानी की उपलब्धता के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। थाना परिसर की बैरकों का निरीक्षण कर उनकी बेहतर साफ-सफाई तथा सामान का उचित रख रखाव हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसपी ने समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचना तथा क्षेत्र की जानकारी कर सीमावर्ती क्षेत्र में आने वाली समस्याओं की जानकारी की। थाना क्षेत्र के पुलिस पेंशनर के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह पेंशनर के साथ समन्वय बैठक की जाये। थाना क्षेत्र के चौकीदारों को उपहार भेंट किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर में कराई गई फागिंग

**ईओ के निर्देश पर नगर पंचायत में कराई गई फागिंग**

समधन, समृद्धि न्यूज़।

बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। लोगों की रातों की नींद हराम हो रहीं है। मच्छरों से राहत पहुंचाने के लिए समधन नगर के तमाम नागरिकों ने चेयरमैन आसमा बेगम से नगर में फागिंग करवाएं जाने की मांग उठाई गई थी।

समधन नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर बीते शनिवार शाम



समधन नगर में फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव करता कर्मचारी

को नगर की मेन सड़क व गोरी नवादा, दारा सराय आदि मोहल्लों में मशीन से फागिंग कर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय का कोई भी कर्मचारी किसी भी कार्य में लापरवाहीं न बरतें लापरवाही मिलने पर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# एक देश, एक चुनाव से खर्च में कमी आयेगी व मतदाताओं की बढ़ेगी भागीदारी

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर महिला सम्मेलन इंद्रा पैलेस उरई में आयोजित किया जिसकी मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की।

सम्मेलन को संबोधित करते हुये बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती ने बताया कि एक देश एक चुनाव का अर्थ है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक ही समय पर कराए जा सकेंगे वर्तमान में लोकसभा और विधानसभा चुनाव अलग-अलग



एक देश, एक चुनाव को लेकर सम्मेलन में चर्चा करते भाजपा नेता

समय पर आयोजित किए जाते हैं हम सभी की जिम्मेदारी है कि भारत के नागरिकों को एक देश एक चुनाव के बारे में जागरूक करें इससे चुनाव खर्च में कमी आ सकती है और मतदाताओं की भागीदारी बढ़ सकती है। इससे भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सुधार हो सकता है।

उन्होंने कहा कि देश में हर वर्ष किसी न किसी प्रदेश में चुनाव होता है जिससे समूची मशनरी चुनाव में लग जाती है ऐसे में विकास कार्य भी बाधित होता है। यदि समूचे देश में एक बार में ही सभी चुनाव संपन्न कराये जायेंगे तो उससे विकास को नई गति मिलेगी। इसका लाभ भी देश के लोगों को बड़े स्तर पर मिलेगा इसमें कोई संदेह नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव का मतलब साफ है कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव यदि एक साथ होंगे तो उतना ही खर्च होगा जिसका एक चुनाव कराने में होता है। ऐसी स्थिति में चुनाव के नाम पर डबल खर्च पर विराम लगेगा उसी पैसे से समूचे देश में विकास कराने में खर्च किया जा सकेगा।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, शशि सोमेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, प्रीती बंसल, नेहा मित्तल, रेखा वर्मा, ममता स्वर्णकार, अंजू सिंह, अंजू अग्रवाल, सीमा जादौन, रजनी खरे, पूजा शुक्ला आदि सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



सनातन धर्म पीठ बड़ा मत डलमऊ द्वारा वर्ष 2017 से लगातार डलमऊ गंगा तट पर प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान चलाया जाता है स्वच्छता अभियान के तहत डलमऊ गंगा तट के विभिन्न घाटों पर फैली गंदगी पैच पॉलिथीन अगरबत्ती एवं कूड़ा आदि को निस्तारित कर घाटों को साफ सुथरा एवं गंगा को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया जाता है या अभियान बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी महामण्डलेश्वर देवेंद्रानंद गिरि जी महाराज के संरक्षण एवं दिशा निर्देश पर चलाया जाता है स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने बताया कि गंगा एक राष्ट्रीय नदी है गंगा एक जीवन दायि आनी नदी है इससे सनातन धर्म प्रेमियों की आस्था जुडी हुई है इसलिए श्रद्धालु गंगा को माँ का कर पुकारते हैं उन्होंने गंगा को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी से अपील की है इस मौके पर विकास त्रिपाठी, रोहित त्रिपाठी, मंयक, देवांश, रमन, आयुष, आर्यावर्त आदि लोगो ने गंगा स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

## 26 को शुरू होगा कवियों का समागम

**रायबरेली।** रायबरेली के महाराजगंज रोड पर स्थित एक रिसॉर्ट में अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक कवि महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 26 अप्रैल से शुरू होकर 28 अप्रैल तक चलेगा। अंतरराष्ट्रीय काव्य कुंभ, सम्मान समारोह और पुस्तक विमोचन के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में देश और विदेश के साहित्यकार अपने अनुभवों और विचारों को साझा करेंगे, जिससे साहित्यिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलेगा, आयोजन में मुख्य अतिथि दुबई में रहने वाले डॉ अमृत बिसरिया होंगे।

आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह ने बताया कि हम लोग पूरे देश में घूम घूम कर हिंदी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। रायबरेली एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह जिला साहित्यकारों का जिला है। इस बार साहित्य महाकुंभ में तमाम अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार शामिल होंगे। हम लोगों ने यह देखा है कि धीरे-धीरे हिंदी और अवधी भाषा के शब्द लुप्त हो रहे हैं और अंग्रेजी भाषा के शब्द लिखा पढ़ी में और बोलचाल में शामिल कर लिए जा रहे हैं। ऐसे में हमारी सोच है कि हम हिंदी का प्रचार प्रसार करें और हिंदी पर जो अंग्रेजी हावी हो चुकी है वह न होने दे। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा सोशल मीडिया, फेसबुक और व्हाट्सएप पर जुड़ा हुआ है और साहित्य से दूर होता जा रहा है। हमारी सोच यही है कि इस महाकुंभ के जरिए और हिंदी के प्रचार प्रसार के जरिए देश के युवा को साहित्य से जोड़ें ताकि वह हिंदी के प्रचार प्रसार में सहयोग दें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व राज कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना सम्बन्धी अधिकाधिक वादों को निस्तारण कराये जाने हेतु ध्रुव कुमार तिवारी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के साथ बैठक अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गयी। उक्त बैठक में अगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने व पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के द्वारा अपने सुझाव साझा किये गये।

## खबरें एक नजर में

### वकील ने रजिस्ट्री कार्यालय के जिम्मेदारों पर लगाए गंभीर आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** अशोक कुमार त्रिपाठी एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली ने सुधा यादव उप निबन्धक तहसील महराजगंज रायबरेली सुनील कुमार श्रीवास्तव लिपिक उप निबन्धक महराजगंज रायबरेली के विरुद्ध मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 7 3.2025 को ग्राम बहादुर नगर परगना कुम्हरावां तहसील महराजगंज की गाटा संख्या 2512 / 0.304 विक्रेता हरिश्चंद्र पुत्र नान्हू व क्रेता राजकुमारी व साहिबदीन का बैनामा निबंधन कार्यालय में प्रस्तुत किया गया 2019 में गाटा संख्या 02512 का बैनामा हो चुका है और वापस कर दिया। दिनांक 12 3.2025 को उपरोक्त बैनामा के रजिस्ट्री 12500 लेकर कर दी गई है। तथा सुनील कुमार द्वारा यदि विक्रेता खतौनी पर नाबालिक दर्ज है और वह बालिक हो गया तब भी रजिस्ट्री रोक देते हैं। और दूसरे से ?20000 लेकर रजिस्ट्री कर देते हैं तथा आम जनता को रजिस्ट्री मे परेशान करके 15 से 20000 तक लेते हैं। सुनील कुमार लिपिक का कई बार स्थानांतरण हुआ पर परंतु भ्रष्टाचार में डूबा होने के कारण स्थानांतरण रोकवा लेता है। उपरोक्त दोनों प्रतिपक्षीगण के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए महराजगंज से हटाया जाए अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए मामले की जांच करके अविलंब उप निबंधक व लिपिक को अविलंब हटाए जाने की मांग की।

### स्वर्गीय मास्टर अमीर हैदर की बरसी पर मीर नाजिम हुसैन इमामबारगाह में हुई मजलिस

**उतरौला (बलरामपुर)।** शनिवार रात्रि रफी नगर स्थित इमामबारगाह मीर नाजिम हुसैन साहब में स्वर्गीय मास्टर अमीर हैदर की पुण्यतिथि (बरसी) के अवसर पर एक श्रद्धांजलि मजलिस का आयोजन श्रद्धा एवं धार्मिक भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासियों और शिया समुदाय के लोगों ने भाग लिया। मजलिस का शुभारंभ पेशख्वानी के साथ हुआ, जिसमें अली अब्बास, मोहसिन रिज़वी एवं सलमान रिज़वी ने मारसिया और सलाम पढ़कर माहौल को गमगीन बना दिया। इसके पश्चात मजलिस को संबोधित करते हुए प्रख्यात धर्मगुरु मौलाना अशरफ अली गर्वी ने स्वर्गीय मास्टर अमीर हैदर की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मास्टर साहब न सिर्फ एक नेकदिल इंसान थे, बल्कि समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान स्मरणीय है। मौलाना ने मजलिस के माध्यम से हजरत इमाम हुसैन अ.स. की कुर्बानी और इंसानियत के पैगाम पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बरसी की मजलिसें सिर्फ किसी दिवंगत आत्मा की याद में नहीं होतीं, बल्कि यह हमारी परंपरा, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को संजोने का माध्यम भी होती हैं। मजलिस का आयोजन स्वर्गीय मास्टर अमीर हैदर की स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा किया गया था, जिन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से मेहमानों की मेज़बानी की और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर दिवंगत आत्मा की मगफिरत के लिए विशेष दुआ की गई।

# सेल्फ स्टडी के बदौलत जेईई मेंस में लहराया परचम, एआई में बनाना चाहते हैं करियर

- आयुष का सपना एआई में मास्टर डिग्री हासिल करना
- आयुष सिंह ने कहा- परिवार ने मेरी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

अगर बचपन का जुनून, जवानी में हकीकत बन जाए, तो इससे बड़ी खुशी की बात और कोई नहीं हो सकती। यूपी के रायबरेली जिले के बछरावां कस्बे के चंद्रिका नगर मोहल्ले के रहने वाले आयुष सिंह ने अपनी साइंस और टेक्नोलॉजी के प्रति इसी गहरी रुचि को पूरा कर दिखाया। आयुष ने सेल्फ स्टडी की बदौलत नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित जेईई मेंस 2025 में 99.58 पर्सेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक 6614 और ओबीसी कैटेगरी में 1384 रैंक हासिल की। इस सफलता के बाद आयुष के माता-पिता और परिवार वाले बेहद खुश हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में मास्टर डिग्री हासिल करना

अब आयुष का अगला सपना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में मास्टर डिग्री करना है, क्योंकि उनका मानना है कि आने वाले समय में एआई हर जगह हमारी जिंदगी का हिस्सा बन जाएगा। वह इसे भविष्य की सबसे बड़ी तकनीकी क्रांति मानते हैं और चाहते हैं कि वह इस फील्ड में अपनी पहचान बनाएं। आयुष सिंह की सफलता सिर्फ उनकी मेहनत का नतीजा नहीं है, बल्कि यह उनके परिवार के सपोर्ट और मजबूत इच्छाशक्ति का भी परिणाम है. वह यह साबित कर रहे हैं कि अगर किसी के पास जुनून हो, तो कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।

### प्रयागराज से रायबरेली तक का सफर

आयुष सिंह असल में प्रयागराज जिले के चक गरिवा गांव के रहने वाले हैं, लेकिन उनके पिता, उदयभान सिंह का 2017 में रायबरेली जिले के गुढ़ा स्थित जनता इंटर कॉलेज में टीजीटी के रूप में चयन हुआ। इसके बाद उनका पूरा परिवार रायबरेली में बस गया। आयुष ने अपनी शुरुआती पढ़ाई गांव के ही एक छोटे से स्कूल से की, फिर 10वीं और 12वीं की पढ़ाई लखनऊ के मोहनलालगंज स्थित गुरुकुल एकेडमी से की। यहां पर उन्होंने 10वीं में 98.5फीसद और 12वीं में 94.6फीसद अंक हासिल किए। वह हमेशा पढ़ाई में अव्वल रहे और बचपन से ही साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में गहरी रुचि रखते थे।

### पढ़ाई में अव्वल और परिवार का सपोर्ट

आयुष ने बताया कि बचपन से ही उन्हें साइंस और टेक्नोलॉजी में बहुत रुचि थी। उनके दो चचेरे भाई, सत्यम सिंह, जो एनआईटी दिल्ली से और पीयूष सिंह, जो आईआईटी धनबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, ने भी इस क्षेत्र में उनका मन और भी लगाव बढ़ाया। आयुष का मानना है कि जेईई एग्जाम सिर्फ पढ़ाई का ही नहीं, बल्कि मानसिक ताकत और अनुशासन की भी परीक्षा होती है। वह कहते हैं, यह एग्जाम मुश्किल हो सकता है, लेकिन इससे गुजरने के बाद आप जिंदगी के लिए और भी मजबूत हो जाते हैं। इस सफलता का श्रेय आयुष अपने माता-पिता और चचेरे भाइयों को देते हैं। उनके पिता, उदयभान सिंह, गूढ़ा स्थित जनता इंटर कॉलेज में साइंस के टीचर हैं, और उनकी मां, कमला सिंह, एक गृहिणी हैं। दोनों ने हमेशा उन्हें पढ़ाई के लिए मोटिवेट किया।

## नेहरू युवा केंद्र के मेंबरों ने भारतीय खेल प्राधिकरण से निकली साइकिल रैली

**रायबरेली।** भारतीय खेल प्राधिकरण रायबरेली मैं प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे अभियान फिट इंडिया के तहत आज नेहरू युवा केंद्र यह पदाधिकारी मेंबरों के के द्वारा साइकिल रैली निकालकर लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए साइकिल रैली भारतीय खेल प्राधिकरण से निकल गई जिसका उद्घाटन रेलवे में यूनियन के सहायक महामंत्री सुधीर तिवारी ने किया वहीं साइकिल रैली के आयोजन का नेतृत्व करते हुए प्रभारी खेल प्राधिकरण केंद्र प्रभारी अभय कुमार व सहायक प्रभारी जे बी सिंह के द्वारा किया गया साइकिल लेने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके और लोगों को फिट रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम 1 घंटे का समय निकालकर साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि उनके स्वास्थ्य को लाभ पहुंच सके और वह फिट भी रहे प्रधानमंत्री के आवाहन पर शुरू की गई फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली का आयोजन लगातार भारतीय खेल प्राधिकरण रायबरेली में आयोजित हो रहा है जिसमें विभिन्न संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया उसी के तहत आज नेहरू युवा केंद्र के मेंबरों के द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया जो कि भारतीय खेल प्राधिकरण से निकलकर पुलिस लाइन होते हुए अस्पताल चौराहा डिग्री कॉलेज चौराहा सिविल लाइन नेहरू नगर जेल रोड से होते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण पहुंची जहां पर भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र प्रभारी अभय कुमार के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया और अपील भी की गई की इस साइकिल रैली की जागरूकता आप अपने आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं ताकि साइकिल चलाकर लोग फिट रह सके और जो प्रधानमंत्री का उद्देश्य है वह सफल हो सके।

## 21 अप्रैल को 24 घंटे तक 9 गांवों की सप्लाई रहेगी बाधित, ट्रांसफॉर्मर की क्षमता होगी दोगुनी

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




बीपी 24-25 योजना के तहत रौतापुर में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। 33/11 केवी उपकेंद्र पर मौजूदा 5एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर की जगह 10एमवीए का नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया जाएगा।विद्युत वितरण खंड लालगंज के अधिशाषी अभियंता के अनुसार यह कार्य 21 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्य 22 अप्रैल सुबह 10 बजे तक पूरा किया जाएगा। इस अवधि में उपकेंद्र से जुड़े सभी 11 केवीए फीडर प्रभावित होंगे। बिजली कटौती से 9 गांवों की आपूर्ति प्रभावित होगी। इनमें रामपुर, रालपुर, सैदापुर, बरुआ, हैबतपुर, फिरोजपुर, साहनीपुर और पूरे भूप सिंह शामिल हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे इस दौरान अपने दैनिक कार्यों की योजना पहले से बना लें। ट्रांसफॉर्मर की क्षमता दोगुनी होने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। नए ट्रांसफॉर्मर से लोड बेहतर तरीके से संभाला जा सकेगा। यह सुधार कार्य स्थानीय निवासियों को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

## आर्य नगर की सड़क पर हर घर जल योजना की अनदेखी, नाली में डाली गई पाइपलाइन, बनी खतरा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

'हर घर जल' योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लापरवाही का गंभीर उदाहरण उतरौला नगर के मोहल्ला आर्य नगर घोसियाना में सामने आया है। खाकी दास बाबा मंदिर से होकर घोसियाना की ओर जाने वाली सड़क पर निर्माण कार्य के दौरान पाइपलाइन को इस तरह डाला गया है कि वह सीधे नाली के भीतर से गुजर रही है। इससे न केवल जल आपूर्ति व्यवस्था के दूषित होने का खतरा है, बल्कि क्षेत्रवासियों की सेहत पर भी गंभीर संकट मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पाइप को नाली के भीतर से गुजारते हुए यदि किसी स्थान पर लीकेज हो जाता है, तो गंदा नाली का पानी पाइप के जरिए सीधे लोगों के घरों में पहुंच सकता है। यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरनाक है, बल्कि यह हर घर जल योजना की मूल भावना के भी खिलाफ है, जिसका उद्देश्य लोगों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। विशेषज्ञों का मानना है कि पाइपलाइन को नाली के भीतर से बिछाना तकनीकी और इंजीनियरिंग दृष्टिकोण से घोर त्रुटिपूर्ण है। इसके अलावा यह पाइप भविष्य में नाली के बहाव को भी अवरुद्ध कर सकता है, जिससे वर्षा के मौसम में जलजमाव और बदबू की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि संबंधित विभागों द्वारा बिना समुचित योजना और निरीक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं, जो आगे चलकर आम जनता के लिए भारी परेशानी का कारण बन सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से इस कार्य की तत्काल जांच कराने और पाइपलाइन को नाली से अलग सही स्थान पर पुनः स्थापित करने की मांग की है। यदि शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट का कारण बन सकती है। प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए कि वे इस मसले को गंभीरता से लेते हुए योजना के कार्यों की गुणवत्ता और मानकों की समीक्षा करें, ताकि जनता को भविष्य में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का आयोजन



**लालगंज, रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में 19-20 अप्रैल में दो दिनों का समर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के बच्चों ने खूब मस्ती की और धमाल मचाया कार्यक्रम का सुभारम्भ विद्यालय के मैनेजर डा. शशिकांत शर्मा व न्यू स्टैण्डर्ड बालिका पब्लिक स्कूल रायबरेली के प्रधानाचार्य टी. के. सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने फीता काट कर किया। दो दिनों के समर कैम्प में बच्चों ने वाटर रोलर, ज़ोरबिंगट्रेम्पोलिने, पूल क्रासिंग, एटलस माउंटेन बाइक, पॉटरी, किड्स बॉउंसी, बिग बॉउंसी, सूमो रेसलिंग, रेन डांस, पूल पार्टी, फॉर्म पार्टी, नॉक आउट बॉउंसी, तंडेम डुएल साइकिल, बर्मा ब्रिज, कमांडो क्रासिंग, कमांडो नेट, मैजिक शो आदि में बच्चों ने जमकर मौज मस्ती की। विद्यालय में समर कैम्प में अनुशासित रह कर कैम्प में अपनी अच्छा प्रदर्शन किया उन सभी बच्चों को ऋषु कैम्प की तरफ से स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समर कैम्प के मैनेजर व उनकी टीम को विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

## सादुल्लानगर श्रीहनुमानगढ़ी मंदिर का भूमि पूजन, नवनिर्माण कार्य का शुरू

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए एक शुभ अवसर पर, सादुल्लानगर स्थित ऐतिहासिक श्री हनुमानगढ़ी मंदिर के नवनिर्माण कार्य का भूमि पूजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर क्षेत्रीय सांसद/ विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि यूपी सिंह और क्षेत्रीय विधायक राम प्रताप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में व विशिष्ट अतिथि के रूप में उतरौला अध्यक्ष अनूप चंद्र गुप्ता व ब्लॉक प्रमुख रेहरा बाजार पंकज सिंह चौहान उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि यूपी सिंह व विधायक राम प्रताप वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ नवनिर्माण कार्य की नींव रखी और कहा कि यह मंदिर आस्था का केंद्र है, और इसके पुनर्निर्माण से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि श्री हनुमानगढ़ी मंदिर का नवनिर्माण न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु, क्षेत्रवासी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत हो चुकी है, जो आगामी महीनों में पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिष्णु प्रताप गुप्ता, बहरैची प्रसाद गुप्ता, दीपचंद जायसवाल, रमेश चंद्र तिवारी, कमलेश गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, गुलाब गुप्ता, राम अवध शर्मा, जगप्रसाद, दिनेश, विवेक श्रीवास्तव, रज्जन गुप्ता, राम बहोर वर्मा, गामा भारती, राहुल, संतोष गुप्ता आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा पॉक्सो एक्ट का आरोपी




**उतरौला (बलरामपुर)।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उतरौला अवधेश राज सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत मुअसं 34/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अंचल गुप्ता पुत्र भोला निवासी मोहल्ला आर्यनगर थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर को पतारसी कर उप निरीक्षक प्रभात कुमार मय टीम कांस्टेबल अंशू कुशवाहा व कांस्टेबल अंकित कुमार के द्वारा पुलिस हिरासत में लिया गया । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त अंचल गुप्ता के संबंध में विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया

## रसूलाबाद स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली: सोलर प्लांट बंद, आवास खंडहर में तब्दील

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद में वर्षो से डाक्टर की तैनाती नहीं है। डाक्टर न होने पर इस केंद्र पर आए मरीजों का इलाज फार्मेसिस्ट के सहारे है। डाक्टर न होने पर मरीज इस केंद्र पर कम आते हैं। अधिकांश मरीज अपना इलाज कराने जनपद सिद्वार्थ नगर अथवा जनपद बलरामपुर मुख्यालय पर जाना पड़ता है।

विकास खण्ड गैंडास बुजुर्ग का प्रमुख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार क्षेत्र के मरीज का इलाज इस केंद्र पर होता है। इस केंद्र पर डाक्टर के दो पद होने पर एक भी डाक्टर की तैनाती विभाग ने नहीं कर रखी है। इस केंद्र पर एक फार्मेसिस्ट, एक स्टाफ नर्स, हेल्थ सुपरवाइजर तैनात हैं। इस केंद्र पर महिला डाक्टर की तैनाती आज तक विभाग ने नहीं कर रखी है। लैब टेक्नीशियन की तैनाती न होने पर मरीजों के खून आदि की जांच नहीं हो पाती है। इस केंद्र पर लगे सोलर प्लांट एक वर्ष से खराब पड़ा है। वर्षो से खराब पड़ी सोलर प्लांट को ठीक कराने की रुचि विभाग ने नहीं की है।

इस केंद्र पर पचासों लाख से बने अधिकारी व कर्मचारी आवास प्रतिवर्ष राप्ती नदी में आने वाली बाढ़ से जगह जगह टूट गई है। आवास के दीवारों में दरार आ गई है। इसके दरवाजे व खिड़कियो को चोर चुरा ले? ग ए है। खण्डहर हो जाने से आवास में कोई कर्मचारी नहीं रहता है। मजबूरन कर्मचारी व अधिकारी समीप के बाजार में किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य केंद्र की खराब दशा व चिकित्सीय सुविधा न मिलने पर क्षेत्र के मरीज अपना इलाज कराने जनपद सिद्वार्थ नगर के डुमरियागंज मुख्यालय अथवा उतरौला तहसील क्षेत्र में आने को जाते हैं। महिला डाक्टर न होने पर क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अपना प्रसव कराने के लिए तहसील व जिला मुख्यालय के साथ निजी चिकित्सक का सहारा लेना पड़ता है। इस केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी गैडास बुजुर्ग डा सोएब अहमद ने बताया कि इस केंद्र पर डाक्टर की तैनाती के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है। डाक्टर न होने पर मरीजों का इलाज फार्मेसिस्ट करता है।

# छांगुर की पुणे डील में 16 करोड़ का सवाल

बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता

**उतरौला (बलरामपुर)।** बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र में विवादास्पद धार्मिक गतिविधियों और धर्मांतरण के मामलों में नामजद छांगुर पीर उर्फ छांगुर पुत्र करीमुल्ला एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार मामला उत्तर प्रदेश से सैकड़ों किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के पुणे जिले में करोड़ों रुपये की जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़ा है, जिसमें छांगुर की भूमिका प्रथम पक्षकार के रूप में सामने आई है।

महाराष्ट्र सरकार के नॉन-ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर दिनांक 9 अगस्त 2023 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) तैयार किया गया, जिसमें तीन पक्षों – नवीन घनश्याम रोहरा (माधपुर, उतरौला), छांगुर पुत्र करीमुल्ला (रेहरा माफी, उतरौला) और मोहम्मद अहमद खान (पिंपरी, पुणे) – के बीच पुणे जिले के मावल तहसील में स्थित सर्वे क्रमांक 40/1/2 की 187.5 गुंठा भूमि के सौदे की बात की गई है। समझौते के अनुसार कुल भूमि की कीमत 16 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, लेकिन इसमें से सिर्फ 49 लाख 80 हजार रुपये का भुगतान नवीन घनश्याम रोहरा द्वारा किया गया, जो कि आरटीजीएस और नकद के माध्यम से मोहम्मद अहमद खान को दिए गए। यह राशि बाद में भूमि बिकने की स्थिति में नवीन को लौटाई जाएगी, या लाभांश के रूप में बांटी जाएगी। अहम बात यह है कि समझौते में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जमीन से प्राप्त किसी भी अतिरिक्त लाभ को दो भागों में बांटा जाएगा। एक भाग नवीन घनश्याम रोहरा और छांगुर के बीच बराबर बांटा जाएगा, जबकि दूसरा भाग मोहम्मद अहमद खान को मिलेगा। यह बात छांगुर के संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में भागीदार होने की ओर संकेत करती है।

**जेएफ इंडिया और आसवी चैरिटेबल ट्रस्ट को लाभांश:** समझौते में यह भी दर्ज है कि सौदे से प्राप्त लाभ का कुछ अंश जेएफ इंडिया नामक संस्था और आसवी चैरिटेबल ट्रस्ट, माधपुर, बलरामपुर को दिया जाएगा। इन संस्थाओं की पृष्ठभूमि और गतिविधियों की भी गहन जांच की आवश्यकता है, क्योंकि इन्हें ऐसे लेन-देन से लाभ दिलाया जा रहा है जिनमें जांच एजेंसियों की नजर पहले से ही है। यह एमओयू अनेक जटिलताओं और अस्पष्टताओं से भरा हुआ है। भूमि की सीमा रेखा (कंपाउंड) और मूल भूमि मालिकों से अनुमोदन लेने की शर्तें, साथ ही 3 चरणों में होने वाले ट्रांजैक्शन- इन सब में छांगुर की गवाह के रूप में संलिप्तता भी दर्ज है। अब जबकि छांगुर पीर पहले ही लव जिहाद, धर्मांतरण, हवाला और आतंकियों से संपर्क जैसे गंभीर आरोपों में संदिग्ध है, ऐसे में उसके द्वारा महाराष्ट्र के पुणे जिले में की गई करोड़ों रुपये की जमीन डील, और उसमें लाभ का स्पष्ट रूप से दावा करना, उसके खिलाफ चल रही जांच में एक और बड़ा अध्याय जोड़ता है। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहीं यह जमीन सौदा हवाला, मनी लॉन्ड्रिंग या आतंक फंडिंग से तो नहीं जुड़ा हुआ है।

## विधायिका व न्यायपालिका में टकराव ठीक नहीं

भारत में, संविधान के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अलग-अलग शक्तियां दी गई हैं. विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका कानून लागू करती है, और न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या करती है। कार्यपालिका और विधायिका के नीतिगत लक्ष्य और प्राथमिकताएं अलग-अलग हो सकती हैं, जिससे टकराव हो सकता है। कार्यपालिका और विधायिका इस बात पर असहमत हो सकती हैं कि धन का आवंटन कैसे किया जाए। कार्यपालिका के पास कुछ अधिकारियों को नियुक्त करने की शक्ति होती है, जबकि विधायिका के पास उन्हें हटाने की शक्ति होती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयको को सम्बन्धित राज्यपालों द्वारा अनंत काल तक रोक कर 'पॉकेट वीटो' करने की प्रवृत्ति के खिलाफसुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ ने जो निर्णय दिया है, उससे विधायिका में भारी कसमसाहट है। सत्तापक्ष का मानना है कि यह कार्यपालिका के क्षेत्र में न्यायपालिका का अनावश्यक हस्तक्षेप है। अदालतें कार्यपालिक प्रमुखों जैसे राष्ट्रपति और राज्यपालों को निर्देशित कैसे कर सकती हैं। दूसरी तरफन्यायपालिका का मानना है कि यदि कार्यपालिक प्रमुख अपने संवैधानिक दायित्वों की व्याख्या मनमाने और सियासी गुणा भाग के हिसाब से करेंगे तो न्यायपालिका को न्यायदंड अपने हाथ में लेना ही पड़ेगा। तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के इस मामले में सरकार तो सीधे तौर पर कुछ नहीं कह रही है, लेकिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यसभा के सभापति भी हैं, ने तो सीधा सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट सुपर संसद की तरह काम न करे। हालांकि, उपराष्ट्रपति के इस तेवर पर भी विधि विशेषज्ञ दो खेमों में बंट गए हैं, एक इस पर आपत्ति जता रहा है तो दूसरा इसे 'साहसिक' बता रहा है। तो क्या अब संविधान के दो मूलभूत अंग न्यायपालिका और कार्यपालिका ही एक दूसरे के खिलाफखड़े हो गए हैं? क्या यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए सुखद है? वैसे, विधायिका और न्यायपालिका में टकराव कोई नई बात नहीं है। वर्ष 1973 में केशवानंद भारती केस में ऐसा हुआ था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संसद संविधान संशोधित तो कर सकती है, लेकिन संविधान के बुनियादी ढांचे को छू नहीं सकती। उस समय तक संसद खुद को सर्वोच्च मानती थी, लेकिन कोर्ट ने उसकी शक्ति पर सीमा लगा दी थी। ऐसे कई प्रकरण है जिनमें न्यायपालिका और विधायिका के बीच टकराव हो चुके है। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल रवि के मामले में स्पष्ट फैसला देते हुए राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी की समय सीमा 3 माह तय कर दी। कोर्ट ने कहा कि यदि इस समयावधि में राज्यपाल विधेयक पर कोई फैसला नहीं लेते हैं तो उन्हें स्वतः कानून माना जाए। लिहाजा तमिलनाडु में ऐसे 10 विधेयक बिना राज्यपाल के हस्ताक्षर के कानून बन चुके हैं। यह अभूतपूर्व स्थिति है। यही नहीं न्यायपालिका ने राज्यपालों के साथ साथ राष्ट्रपति द्वारा भी किसी विधेयक पर मंजूरी की समयावधि तीन माह तय कर दी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.बी.पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ द्वारा दिए गए इन फैसलों को एक वर्ग न्यायपालिका द्वारा अपनी मर्यादा के उल्लंघन के रूप में देख रहा है तो समाज का दूसरा वर्ग इसे न्यायपालिका की सक्रियता और निर्भीकता का प्रमाण मान रहा है।

# चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन चिंताजनक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

अब इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए, बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाये। राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गये। 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53,749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है, जबकि इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या में पीएचडी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी शिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक भी चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर रही है।

सवाल है कि आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती। फिर सीधा-सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम हैं पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही।

इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है। जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए, इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की



**सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है, उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है। दरअसल इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती हैं तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है। दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है।**

अनेकों संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती हैं। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडीक्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है।

सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है, उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है। दरअसल इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती हैं तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है। दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है, जिससे दोहरा नुकसान होता है । एक तो उस पद के योग्य लोगों को नुकसान होता है तो दूसरा मूल पर का काम तो बाधित ही रहता है, क्योंकि जिस पद पर चयन हुआ है वह काम तो करना ही नहीं है। अभी कुछ समय पुरानी ही बात है। लगभग सभी जगह हालात यह है कि नगर निगमों में सफाई कर्मियों की भर्ती में अधिकांश उच्च शिक्षा प्राप्त होने या उच्च वर्ग से जुड़े होने के कारण चयनित होने के बाद उन्हें सफाई कर्मी का काम तो करना ही नहीं था और किया भी नहीं। उनकी सेवाएं आफिस में क्लर्की के रूप में ली जाने लगीं। इससे अधिकांश नगर निकायों की सफाई व्यवस्था तो प्रभावित हुई ही, साथ ही असली दावेदार तो बेरोजगार ही रह गए। रोजगार के नाम पर ऐसी भर्तियां हुईं जो बोझ बनकर रह गईं। यह वास्तविकता का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष तो उच्च योग्यता होने के बाद भी उसके अनुसार नौकरी नहीं मिलना है। इसके लिए किसे दोष दिया जाए।

सवाल यह उठता है कि बीटेक करने वाले युवक को इंजीनियरिंग का काम नहीं मिलता है तो फिर उसकी पढ़ाई का मतलब ही क्या है। सवाल यह भी है कि जिस तरह निजी क्षेत्र में नए-नए इंजीनियरिंग कॉलेज, एमबीए कालेज खोले गये और उनमें शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता पर ध्यान ही नहीं दिया गया तो केवल डिग्री से क्या होने वाला है। समस्या इतनी साधारण नहीं है, जितनी इसे समझा जा रहा है। यह बढ़ती बेरोजगारी की समस्या नहीं, अपितु कहीं ना कहीं हमारी संपूर्ण व्यवस्था का ही दोष है।

हालात का समग्रता के साथ विश्लेषण करना होगा, नहीं तो चपरासी हो या सफाई कर्मी। अपितु इनसे भी ज्यादा आवेदन आएंगे और भर्ती भी होगी, नौकरी पर भी आयेंगे, वास्तविक युवाओं के लिए रोजगार समस्या ही बना रहेगा। सरकारी खर्चा तो यों ही होता रहेगा पर जिस उद्देश्य से या जिस काम के लिए पदों को भरा जाना है, उसमें हालात नहीं बदलने वाले हैं। फिर यह कहना कि सफाईकर्मी है पर सफाई नहीं हो रही या चपरासी है पर चपरासी के काम करने वालों की कमी है तो हालात ऐसे ही रहने वाले हैं। यह समूची व्यवस्था के सामने चुनौती है और इसका समाधान खोजना ही होगा।

## विचार

# गर्मी में परिंदों की प्यास बुझाना इंसानियत की परीक्षा

**प्रियंका सौरभ**

तेज़ होती गर्मी, घटते जलस्रोत और बढ़ती कंक्रीट संरचनाओं के कारण पक्षियों के लिए पानी और छांव जैसी बुनियादी ज़रूरतें भी दुर्लभ होती जा रही हैं। परिंदे हमारी प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं और अगर वे गायब हो गए तो यह धरती और भी सूनी हो जाएगी। आधुनिक समाज वातनुकूलक (ए.सी.) चलाने में सक्षम है, लेकिन पक्षियों के लिए एक कटोरा पानी रखने में असफल। हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करके इस स्थिति को बदल सकता है, जैसे छत या बालकनी में पानी रखना, पेड़ लगाना और बच्चों में करुणा की भावना जगाना। यह सिर्फ परिंदों के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत के लिए भी एक परीक्षा है कि क्या हम वाकई इंसान हैं।

गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है, खासकर उनके लिए जिनकी आवाज़ न अख़बार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की जो इस तेज़ धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...यह पंक्ति अब



किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है। एक निरीह पुकार जो हर दोपहर किसी छत पर, किसी सूखी डाल पर, किसी तपती खिड़की की जाली के पीछे से उठती है। हमने पेड़ काटे, तालाब पाटे, छज्जों को सीमेंट से बंद कर दिया और टीन की छतों से सूरज को और गर्म कर दिया। आधुनिकता के नाम पर हमने अपने घरों को एसी से ठंडा किया, लेकिन परिंदों के लिए एक घूंट पानी छोड़ना भूल गए। पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम होती जा रही हैं। अब उनके लिए न पेड़ बचे, न परछाई, न ही वह परंपरागत संस्कृति, जिसमें हर घर की मुंडेर पर मिट्टी का एक कटोरा पानी से भरा होता था।

कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं। यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं, क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है या फिर क्या इनका कोई एनजीओ सम्मेलन बुलाया जाता है। दरअसल परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं और सबसे ज़रूरी कि वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी और हम भी। हमें यह समझना होगा कि ये नन्हें जीव प्रकृति की बड़ी चेतावनियाँ लेकर आते हैं। जब वे प्यास से मर रहे हैं तो समझिए कि पानी की कमी अब हमारी ओर भी बढ़ रही है।

आज ज़रूरत इस बात की है कि हम बर्ड फ्रेंडली समाज बनें। यह कोई बड़ा आंदोलन नहीं, सिर्फ छोटी-छोटी चीज़ें हैं। छत या बालकनी में एक मिट्टी का पानी भरा कटोरा रखें। पेड़ लगाएं, खासतौर पर नीम, पीपल, अमरूद जैसे देशी वृक्ष। बच्चों को परिंदों के बारे में बताएं, दया, संवेदना और जुड़ाव सिखाएं। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था करें। मंदिरों-मस्जिदों-गुरुद्वारों जैसे स्थलों को भी प्रेरित करें कि वे पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। यह काम किसी सरकार का इंतज़ार नहीं करता। यह आपके

**कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं। यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं, क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है या फिर क्या इनका कोई एनजीओ सम्मेलन बुलाया जाता है। दरअसल परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं और सबसे ज़रूरी कि वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी।**

हाथ में है। हम ए.सी. चलाने के लिए हजारों की बिजली जला देंगे, लेकिन एक कटोरा पानी रखने में कंजूसी कर जाते हैं। हम स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों बहा देंगे, लेकिन स्मार्टनेस इतनी नहीं कि बेजुबानों के लिए भी कुछ छोड़ सकें। हमारे समाज में अब 'करुणा' भी इंस्टाग्राम रील बन गई है सिर्फ दिखावा भर, पर असर नहीं। गाँवों में भी अब पुराने तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियाँ टूट चुकी हैं और पशु-पक्षियों के लिए पीने का पानी अब मुश्किल हो गया है। एक समय था जब गाँव में हर कुएँ की मेड़ पर परिंदे पानी पीने आते थे। आज वही कुएँ सीमेंट से बंद कर दिए गए हैं। शहरों ने गाँवों को विकास तो दिया, लेकिन वह विकास पक्षियों के लिए विनाश बन गया। जलवायु परिवर्तन का सबसे पहला और सीधा असर बेजुबानों पर पड़ता है। तापमान में जरा-सी वृद्धि भी इनके लिए प्राणघातक हो सकती है। इंसान तो पंखा चला लेता है, बर्फ खा लेता है, डॉक्टर के पास चला जाता है। पर चिड़िया कहां जाए, कबूतर किससे कहे कि वह प्यासा है। हम खुद को बुद्धिजीवी, संवेदनशील, शिक्षित और विकसित कहते हैं, लेकिन क्या कोई भी ऐसी सभ्यता वाकई ÷विकसित÷ कहलाने लायक है जो अपने साथ रहने वाले जीवों को मरता देखे और फिर भी चुप रहे। हर गर्मी हमें यह सोचने का मौका देती है कि इस बार क्या हम अपने घर की छत, खिड़की, बालकनी या आंगन में एक कोना ऐसा बना सकते हैं, जहां कोई छोटा परिंदा अपनी चोंच भर पानी पी सके।

## रामराज्य की प्रचलित अवधारणा के निहितार्थ

रामराज्य, जिसे अक्सर राम का राज्य या राम का शासन के रूप में अनुवादित किया जाता है, हिंदू परंपरा में निहित एक अवधारणा है, जो विशेष रूप से महाकाव्य 'रामायण' से ली गई है। यह भगवान राम द्वारा शासित एक आदर्श, काल्पनिक समाज को संदर्भित करता है, जो विष्णु के अवतार हैं, जिन्हें उनकी धार्मिकता, न्याय और 'धर्म' (नैतिक और लौकिक व्यवस्था) के पालन के लिए मनाया जाता है। लोकप्रिय कल्पना में, रामराज्य शासन की एक आदर्श स्थिति का प्रतीक है जहाँ समानता, समृद्धि और सद्भाव कायम है, जो उत्पीड़न, गरीबी या अन्याय से मुक्त है।

इस अवधारणा को ऐतिहासिक रूप से भारतीय राजनीतिक और सांस्कृतिक प्रवचन में, विशेष रूप से महात्मा गांधी द्वारा, एक न्यायपूर्ण और समतावादी समाज के लिए एक मॉडल के रूप में देखा गया है। रामराज्य की पारंपरिक कथा, जैसा कि वाल्मीकि द्वारा 'रामायण' और बाद में तुलसीदास के रामचरितमानस जैसे पुनर्कथनों में दर्शाया गया है, राम को एक ऐसे राजा के रूप में चित्रित करता है जो वर्ग या स्थिति की परवाह किए बिना अपनी सभी प्रजा का कल्याण सुनिश्चित करता है। उदाहरण के लिए, शबरी (एक आदिवासी महिला) और गुहा (एक निचले सामाजिक तबके से नाविक) जैसी शख्सियतों के साथ राम की बातचीत को अक्सर उनकी समावेशिता और करुणा के सबूत के रूप में उद्धृत किया जाता है। इस आदर्श दृष्टिकोण में, रामराज्य एक ऐसे समाज का वादा करता है जहाँ जाति सहित पदानुक्रमिक भेद, न्यायपूर्ण शासन और आपसी सम्मान से परे हैं। हालाँकि, राम राज्य की जीवित वास्तविकता और व्याख्या, विशेष रूप से दलितों (ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े समुदाय जिन्हें पहले जाति व्यवस्था के भीतर अछूत कहा जाता था) के लिए जटिल और विवादित है। दलितों पर इस अवधारणा के प्रभाव को इसके दार्शनिक वादे और जाति-ग्रस्त समाज में इसके व्यावहारिक अनुप्रयोग दोनों के माध्यम से समझा जा सकता है। सिद्धांत रूप में, रामराज्य का न्याय और 'धर्म' पर जोर दलितों के उत्थान का संकेत दे सकता है। निम्न-स्थिति वाले व्यक्तियों के प्रति राम की उदारता की कथा को कभी-कभी जाति-आधारित भेदभाव की अस्वीकृति के रूप में व्याख्यायित किया जाता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर जैसे दलित विचारकों और सुधारकों ने कभी-कभी ऐसे विचारों से जुड़े रहे हैं, हालांकि अंबेडकर खुद रामायण और इसके सामाजिक निहितार्थों के बहुत आलोचक थे। कुछ आधुनिक दलित आंदोलनों ने मुक्ति के लिए संभावित ढांचे के रूप में रामराज्य की फिर से कल्पना की है, इसे समानता और सम्मान की उनकी आकांक्षाओं के साथ जोड़ते हुए। अपने काल्पनिक आदर्शों के बावजूद, राम राज्य की अवधारणा को अक्सर उच्च-जाति के आख्यानों द्वारा अपनाया गया है जो पारंपरिक पदानुक्रमों को मजबूत करते हैं। रामायण स्वयं, राम के गुणों का गुणगान करते हुए, जाति व्यवस्था को स्पष्ट रूप से समाप्त नहीं करती हैय यह एक ऐसे ढांचे के भीतर काम करती है जहाँ वर्णाश्रम धर्म (चार वर्णों के कर्तव्य) को बरकरार रखा जाता है। दलितों के लिए, इसका मतलब यह है कि राम राज्य, जैसा कि प्रमुख समूहों द्वारा व्याख्या की जाती है, शायद ही कभी जाति उत्पीड़न से मूर्त मुक्ति में तब्दील हो। इसके बजाय, यह अतीत के एक रोमांटिक दृष्टिकोण को कायम रख सकता है जो प्रणालीगत असमानताओं को नजरअंदाज करता है। समकालीन भारत में, रामराज्य को राजनीतिक आंदोलनों द्वारा, विशेष रूप से हिंदुत्व (हिंदू राष्ट्रवाद) से जुड़े लोगों द्वारा, शासन के लिए एक दृष्टिकोण के रूप में लागू किया गया है। जबकि यह बयानबाजी एकता और नैतिक व्यवस्था पर जोर देती है, आलोचकों का तर्क है कि यह अक्सर दलितों की चिंताओं को दरकिनार कर देती है, जाति-आधारित न्याय पर एक समरूप हिंदू पहचान को प्राथमिकता देती है। दलित कार्यकर्ताओं ने बताया है कि इस तरह की व्याख्याएं उनके संघर्षों को हाशिए पर डाल सकती हैं, क्योंकि अस्पृश्यता, भूमिहीनता या शिक्षा तक पहुंच जैसी संरचनात्मक असमानताओं को संबोधित करने के बजाय राम के लिए प्रतीकात्मक श्रद्धा पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।



# राशिफल

**मेषः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुलाः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# ग्लोबल वार्मिंग के लिए अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोपीय देश जिम्मेदार

**संजीव ठाकुर**

ग्लोबल वार्मिंग या धरती की उष्णता की जब भी कहीं चर्चा होती है तो यह निश्चित तौर पर अमेरिका, इंग्लैंड और तमाम यूरोपीय देश जिसमें फ्रांस, इटली, कनाडा इजरायल ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड तथा पश्चिम एशिया के धनवान देश में इस्तेमाल की जा रही ऊर्जा के कारण जहां वातानुकूलित मशीने, कल कारखाने, मोटर वाहन एवं अन्य ऐसी मशीने जिनसे कार्बन डाइऑक्साइड एवं दूषित हवा वायुमंडल में फैलती है ही बड़े जिम्मेदार होते हैं और इसका खामियाजा दक्षिण एशिया दक्षिण अफ्रीका और छोटे-छोटे देश को उठाना पड़ता है।

ग्लोबल वार्मिंग के उपाय के लिए आयोजित बड़े-बड़े सम्मेलनों में यही बड़े देश अपनी जिम्मेदारी छोटे-छोटे देश पर डालकर निवृत्ति हो जाते हैं। जबकि सारा किया कराया इन्हीं देशों का होता है और छोटे-छोटे देश को इसके लिए नियमन पालन की जिम्मेदारी सौंप जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल, डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने एसी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही हैस इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैस अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत

**भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन, जापान चीन, रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं। विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखते हैं। इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं।**

चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60: तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा।

इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# ट्रक-चार पहिया में भिड़ंत, परिवार के तीन लोगों की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग एक बार फिर खूनी हो गया द्य तेज रफ्तार के कहर से एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। चार पहिया वाहन और डम्फर ट्रक में आमने सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढ़े मे जा पहुँचे द्य चार पहिया मे एक ही परिवार के चार लोग सवार थे सभी लोग अंदर बुरी तरीके से फस गए द्य घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुँच गए एवं भारी मात्रा मे पुलिस बल भी मौजूद था और फसे हुए घायलो को मशीनों के माध्यम से निकाल कर अस्पताल एम्बुलेंस की मदद से भेजा गया जहा डाक्टरों ने ससुर, सास और बहु को मृत घोषित कर दिया द्य बेटा की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने झासी मेडिकल कालेज भेजा है। पुलिस ने मृतको का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सड़क हादसो को लेकर सरकार ने भी चिंता जाहिर कर सड़क हादसो मे रोक लगाने को लेकर एक बैठक कर आदेशित भी किया गया था।

कबरई थाना क्षेत्र के किराड़ी रेलवे फाटक के पास बरीपुरा गाव के समीप एक ही परिवार के लोग साली के यहा किसी मांगलिक कार्यक्रम मे गए हुए थे और वहा से लौटकर अपने घर सागर जिले के बहेरिया थाना क्षेत्र के जिदगाव जा रहे थे कि ट्रक में आमने सामने तेज रफ्तार से टक्कर हो गई द्य टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार पहिया वाहन के पडखच्चे उड़ गए चार पहिया मे सवार चार लोग सभी वाहन के अंदर फस गए। घटना की सूचना मिलते ही एसपी के साथ साथ आला अधिकारी एवं भारी पुलिस बल ने घटना स्थल पर पहुँच फसे हुए लोगो को जेसीबी के माध्यम से कड़ी मेहनत के बाद निकाला गया सभी घायलो को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहा इलाज के दौरान सतीश मौर्य उम्र, 68, पत्नी उर्मिला मौर्य 56 वर्ष और बहू मोहनी कन्नौजिया 32 वर्ष को मृत घोषित कर दिया ये सभी सागर जिले के जिदगाव निवासी है। घायल बेटा हार्दिक की हालत गम्भीर होने पर उसे झासी मेडिकल कालेज भेजा है । पुलिस ने शवों को कब्जे मे ले पीएम के लिए भेजा है और जांच पड़ताल में जुट गई है। इस घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में मातम का माहौल बना हुआ है।

## हनुमान मंदिर के सन्त को मिली जान से मारने की धमकी

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र में यमुना नदी किनारे स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी संत शिवदयाल दास त्यागी ने गांव के एक व्यक्ति पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पत्योरा पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। पुजारी का कहना है कि पत्योरा निवासी लल्लू डीजे वाले के पुत्र ने पहले मंदिर से पैसे चोरी किए थे। हनुमान जयंती के अवसर पर जब लल्लू ने मंदिर में डीजे लगाने की मांग की तो पुजारी ने पूर्व घटना का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया। इस पर लल्लू नाराज हो गया और कथित रूप से पुजारी के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा।

# दबंगों ने बुजुर्ग पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम सुरौली बुजुर्ग में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के ही दो दबंगों ने घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग व्यक्ति पर धारदार हथियार बांका और बरछी से जानलेवा हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दियाए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके एक आरोपी को हिरासत में लिया है। सुरौली गांव निवासी बुजुर्ग रामबिलास सिंह ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना की तरह अपने घर के बाहर लेटा हुआ था तभी बीरू उर्फ विकास सिंह अपने हाथ में लोहे का धारदार बांका तथा उसका पिता अभिनाश बरछी लेकर उसके करीब जा पहुंचे। बीरू ने जान से मारने की नीयत से बांका से उसके गले पर वार किया तो उसने किसी प्रकार अपना बचाव किया। इस दौरान उनके बाएं गाल और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईए उसके शोर मचाया, जिससे हमलावर भाग खड़े हुए। पीड़ित द्वारा तत्काल स्थानीय पुलिस चौकी सुरौली बुजुर्ग को सूचना दी गई। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की तो बड़ी मुश्किल से सुमेरपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया है।

# खबरें एक नजर में

## बिना लाइसेंस ई रिक्शा चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** यातायात नियमों से ई रिक्शा चालकों को रूबरू कराने के उद्देश्य से कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुआ। इसमें ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों से से जागरूक किया गया। रविवार को गायत्री तपोभूमि प्रांगण में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कहा कि सभी ई रिक्शा चालक रजिस्ट्रेशनए बीमाएलाइसेंस के ही रिक्शा का संचालन करें। सीओ यातायात सलमान खान ने कहा कि दिव्यांगएनाबालिगएई रिक्शा मत चलाएं। उन्होंने ई.रिक्शा संघ को सभी चालकों का फोटो सहित सत्यापन रजिस्टर बनाने की निर्देश दिए। जिला यातायात प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि ई रिक्शा चालक चार सवारी से ज्यादा न बैठाएं। माल भाड़ा की ढुलाई न करें। पीटीओ चंदन शुक्ला ने कहा कि ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन महज पांच वर्ष के लिए होता है। इसलिए ई रिक्शा पांच वर्ष से ज्यादा पुराना नहीं होना चाहिए। ई रिक्शा संघ संरक्षक व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि सभी चालक शासन प्रशासन के नियमों का पालन करें। संघ के अध्यक्ष धीरू यादव ने सभी का आभार जताया। गोष्ठी में कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के ई रिक्शा चालक शामिल रहे।

## नील गाय की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** कछवा कला नहर के पास नीलगाय की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के करही गांव निवासी 46 वर्षीय बृजभान पुत्र रामआसरे 15 अप्रैल वर्ष 25 को राठ कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में अपना गेहूं बेचने के लिए आया था। गेहूं बेचने के बाद देर रात वह बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव करही जा रहा था। रास्ते में कछवां कला नहर के पास उसकी तेज रफ्तार बाइक एक नीलगाय से टकरा गई। इस हादसे हादसे में बाइक पर सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसके बाद वह अपने घर चला गया। शनिवार को अचानक बृषभान की हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे उरई मेडिकल कालेज ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही शाम करीब साढ़े पांच बजे बृषभान ने दम तोड़ दिया। मृतक वृषभान के पास करीब 5 बीघा जमीन है। जिसमें वह खेती किसानी के अलावा पशुपालन आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पुत्री सोनम पुत्र सागर को छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी मीरा व मां श्रीदेवी का रो रोकर बुरा हाल है।

## महिला ने अस्पताल में किया हंगामा, स्वास्थ्यकर्मी हुए परेशान

**हमीरपुर।** महिला के द्वारा किए गए हंगामे के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हंगामा शांत न होते देख कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मामला शांत हुआ और मरीजों के साथ साथ स्वास्थ्य कर्मियों ने राहत की सांस ली। शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे जिला अस्पताल एक महिला घायल अवस्था में पहुंची थी। जिसका इलाज करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को खासी जद्दोजहद करनी पड़ी। महिला के द्वारा इलाज के दौरान हंगामा करना शुरू कर दिया गया। ओटी से उठकर वह भागी और शौचालय के पास लेट गई। महिला की इस हरकत से स्वास्थ्य कर्मी काफी परेशान हो गए और उसके पीछे पीछे इलाज के लिए दौड़ते रहे। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन महिला ने किसी की नही सुनी और वह करीब आधे घंटे तक हंगामा करती रही। परेशान होकर स्वास्थ्य कर्मियों को पुलिस बुलानी पड़ी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने भी महिला को काफी समझाया। लेकिन जमीन से उठने को तैयार नही थी। किसी तरह से स्वास्थ्य कर्मियों व पुलिस कर्मियों ने महिला को व्हील चेयर में बैठाया और इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उसका उपचार किया।

## नदी में कूदने के बाद तैरकर घर पहुंचा युवक, पुलिस होती रही परेशान

**हमीरपुर।** बड़े भाई से विवाद के बाद छोटा भाई गुस्से में आकर बेतवा नदी में कूद गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसकी तलाश के लिए नदी किनारे भटकती रही और वह तैरकर अपने घर पहुंच गया। सुबह जब परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने राहत की सांस ली। शनिवार की रात करीब नौ बजे थाना ललपुरा के रुरीपारा गांव निवासी 25 वर्षीय मुकेश पाल अपने 28 वर्षीय बड़े भाई संजय पाल पुत्र सुखदीन पाल के साथ अपनी आटो से हमीरपुर बस स्टैंड से भरुआ सुमेरपुर की ओर जा रहे थे। तभी बेतवा पुल के पास दोनों भाइयों के बीच शराब पीने की बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर बड़े भाई संजय ने मुकेश पाल को डांट दिया। जिससे नाराज हो गुस्से में आकर मुकेश ने बेतवा पुल से नदी में छलांग लगा दी। छोटे भाई के नदी में कूदने की घटना के बाद बड़े भाई ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर एसआइ दारा सिंह पुलिस बल व गोताखारों के साथ नदी किनारे युवक की तलाश करते रहे। रातभर पुलिस नदी में युवक को तलाशती रही। लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं लगा। वहीं नदी में कूदा युवक चुपचाप नदी पार करके अपने गांव चला गया।

## राठ डिपो बस और ओवरलोड पिकअप की टक्कर से तीन बच्चे घायल

**महोबा।** पनवाड़ी थाना अंतर्गत झांसी मिर्जापुर हाईवे पर भरवारा रोड पर ओवरलोड पिकअप राठ डिपो की रोडवेज बस के पीछे जा घुसी द्य पिकअप चालक आदर्श पुत्र बृजेंद्र जो भारी सामान लादकर महोबा की ओर जा रहा था। ओवरलोड पिकअप ने पीछे से बस में टक्कर मारी जिससे बस में सवार तीन नाबालिग बच्चे घायल हो गए। राठ डिपो की बस जो महोबा की ओर जा रही थी द्य एक ओवरलोड पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन नाबालिग बच्चे घायल हो गए। घायल भावना पुत्री राम सहोदर उम्र 9 वर्ष गौरव पुत्र राम सहोदर उम्र 7 वर्ष दिव्यांश भास्कर पुत्र राम सहोदर उम्र 5 वर्ष को इलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया गया वही बड़ा हादसा होने से टल गया, बस के पीछे से पिकप घुसने से हादसा टल गया लेकिन बच्चों को चोटें आईं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहाँ इलाज कराया जा रहा है द्य स्थानीय लोगो का कहना है कि इन ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की जाए जिससे सड़क हादसो से बचा जा सके।

# मौरंग भरा ट्रक केले से भरी डीसीएम में घुसा, ट्रक का चालक घायल

**हमीरपुर।** मौरंग से भरा तेज रफ्तार ट्रक शनिवार की देररात थाना ललपुरा के पास बने पेट्रोल पंप के पास खड़े डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डीसीएमस आगे खड़े ट्रक में जा घुसा। इस घटना में डीसीएम समेत तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं इस घटना में मौरंग भरे ट्रक का चालक घायल हो गया। महाराष्ट्र के शामदा गांव निवासी डीसीएम चालक मुकेश धाकड़ पुत्र भाव सिंह धाकड़ ने बताया कि शनिवार की रात करीब पौने 12 बजे वह महाराष्ट्र से केला लेकर सीतापुर मंडी जा रहा था। राठ हाईवे ललपुरा थाने के पहले पेट्रोल पंप के समीप पंचर की दुकान में डीसीएम खड़ी करके टायर का पंचर बनवा रहा था। तभी राठ की ओर से हमीरपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार




ओवरलोड मौरंग लदे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें ट्रक का चालक मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले के इसोन निवासी 26 वर्षीय अनुरुद्ध बुंदेला पुत्र राजेंद्र कुमार घायल होकर केबिन में फंस गया। जिसे कटर की मदद से ट्रक की बाडी काटकर निकाला गया। ललपुरा थाना प्रभारी योगेश शुक्ला ने बताया कि खड़े डीसीएम में मौरंग लदा ट्रक पीछे से घुस गया था। जिससे ट्रक चालक केबिन में फंस गया था। कटर द्वारा चालक को सुरक्षित निकालकर जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# 24 अप्रैल तक चलाएं विशेष स्वच्छता अभियान, ग्रामीण आंचल भी न छूटे

- हजारों करोड़ की परियोजनाओं से कानपुर व प्रदेश को मिलेगी गति, 24 अप्रैल को जनपद वासियों को 16 किलोमीटर मेट्रो कनेक्टिविटी का मिलेगा लाभ, शेष 16 किलोमीटर की मेट्रो लाइन का संचालन जल्द होगा आरम्भ: योगी

**कानपूर, समृद्धि न्यूज़**

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज कमेटी हाल, चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में 24 अप्रैल को मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनपद दौरे के



दृष्टिगत अधिकारियों संग तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की गई।

**मुख्यमंत्री ने दिए ये महत्वपूर्ण निर्देश:** समीक्षा बैठक में 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री जी के दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में बनाए गए हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल के बीच के मार्ग को ठीक करें, झाड़ी इत्यादि को साफ किया जाए और जरूरत पड़े तो इंटरलॉकिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। सभा स्थल पर जगह-जगह स्क्रीन लगाया जाए, ताकि लोगों को कार्यक्रम को स्पष्ट रूप से देखने में आसानी हो। सभा स्थल पर बनाए गए 30 ब्लॉकों में 10-10 कार्यकर्ताओं की स्पेशल ड्यूटी लगाई जाए, जिससे आम जनमानस व लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ये पार्टी कार्यकर्ता विशिष्ट लोगों के भाषण के समापन तक पब्लिक का सपोर्ट करें। सभा स्थल एवं पार्किंग स्थल पर शुद्ध पेयजल, गुड़, स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने लाभार्थियों को आवागमन हेतु बसों इत्यादि की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि कम से कम 800 बस के द्वारा लोगों को सभा स्थल तक लाया जाए। इस दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। सड़क पर आनायास पार्किंग न हो, जिससे लोगों को जाम इत्यादि से लोगों को रूबरू न होना पड़े। पार्किंग व्यवस्था हर हाल में उत्तम हो ताकि नगर वासियों को भी किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रधानमंत्री जी के आगमन तक जनपद में पार्टी संगठन, जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के द्वारा स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाए, जिसके अंतर्गत प्लास्टिक फ्री वातावरण, कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था, गंदगी से निजात दिलाकर कानपुर को स्वच्छ व सुंदर दिखाई देने में योगदान दिया जाए।

# बंगाली कारीगर सर्राफा व्यवसायी को जहर दे पांच सौ ग्राम सोना व चार पहिया लेकर हुआ चंपत

- पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते सर्राफा व्यापारी की जहरीले पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतक के भाई ने बंगाली कारीगर पर भाई को जहर खिला कर 500 ग्राम सोना व कार लेकर भाग जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी 46 वर्षीय धूराम सोनी पुत्र चंद्रभान सोनी की रविवार की सुबह चार बजे जहरीला पदार्थ खाने से अचानक हालत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी



ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई मनीष सोनी ने बताया कि उसका बड़ा भाई कस्बे के कोट बाजार में सोने चांदी की दुकान किए हैं। जिससे परिवार का भरण.पोषण होता है। बताया कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी अल्ताफ नाम के बंगाली कारीगर से उसके व्यापारिक संबंध थे। तथा धूराम अपने परिचित के सर्राफा व्यापारियों से सोना लेकर अपनी गारंटी की बदौलत उक्त बंगाली कारीगर के यहां पर सोने के आभूषण बनवाता था। बाजार के अन्य सर्राफा व्यापारियों के सोने की गारंटी भी धूराम की ही रहती थी। आरोप लगाया कि बीती रात्रि को उक्त बंगाली कारीगर ने उसके बड़े भाई को जहर खिला दिया और उसके भाई की चार पहिया कार सहित 500 ग्राम सोना लेकर अपने परिवार के साथ फरार हो गया। मृतक अपने पीछे तीन पुत्री वर्षा चंचल आस्था और एक पुत्र अभय छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी नीतू सोनी का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवली इंचार्ज दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## दो डंपरों की भिड़ंत में चालक व खलासी घायल

**हमीरपुर।** ललपुरा थाने के पौथिया गांव के पास रविवार की सुबह दो डंपरों में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें चालक व खलासी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। रविवार की सुबह करीब 6 बजे हमीरपुर की तरफ से राठ की ओर जा रहा डंपर जैसे ही ललपुरा थाना के पौथिया गांव के आगे पहुंचा कि तभी सामने से आ रहा है डंपर इसे टक्कर मारते हुए निकल गया। इस घटना में जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर निवासी खाली डंपर का चालक दानिश पुत्र सम्मी व जालौन के कालपी निवासी खलासी सलमान पुत्र दिवाना केबिन में फंस गए। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद चालक और खलासी को बाहर निकाला। इस मामले में ललपुरा थाना प्रभारी योगेश शुक्ला ने बताया नो इंट्री के कारण तेज रफ्तार डंपर ने खाली डंपर को टक्कर मारते हुए फरार हो गया।

# चोरों ने डेढ़ लाख के जेवर व नकदी पार की



**राठ(हमीरपुर)।** चोरों ने कोटेदार के घर से डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। पीड़ित के पुत्र ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के नंदना गांव निवासी कोटेदार राजरानी राजपूत ने बताया कि शनिवार की रात वह स्वजनों के साथ घर में सो रही थी। तभी चोर उसके घर में घुस आए। बताया कि चोरों ने कमरे में रखा बक्सा उठाकर छत पर ले गए। चोर बक्से में रखे चार जोड़ी चांदी पायलें, 12 जोड़ी मीना, सोने के बाला, तीन सोने की हायए दो सोने की कील चोरी करके ले गए हैं। सुबह जब स्वजन जागे तो सामान बिखरा पड़ा मिला तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कोतवाली इंचार्ज दिनेश पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# कुलपहाड़ में रोडवेज के सामने हो रहा बड़ा खेल

- भांग के ठेके पर बेचा जा रहा अवैध गांजा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

कुलपहाड़ कस्बे के बीचों बीच स्थित रोडवेज बस स्टैंड के सामने एक भांग के सरकारी ठेके पर अवैध गांजे की खुलेआम बिक्री का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि इस गोरखधंधे की जानकारी होते हुए भी स्थानीय पुलिस प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ठेके की आड़ में लंबे समय से गांजे की बिक्री की जा रही है। कई बार मौखिक शिकायतें की गई लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस पूरे खेल में कुछ जिम्मेदार लोग भी शामिल हो सकते हैं या फिर मिलीभगत से आंखें मूंद ली गई हैं।

चश्मदीदों के अनुसार यहां रोजाना दर्जनों युवा गांजा लेने पहुंचते हैं और नशे के इस जाल में फंसते जा रहे हैं। इससे न सिर्फ समाज पर बुरा असर पड़ रहा है बल्कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

अब जनता प्रशासन से मांग कर रही है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकाला जा सके।

# पुलिस ने बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने यूपी-एमपी बॉर्डर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। अजनर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में उप-निरीक्षक आकाश मौर्य की टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस ने बिजौरी गांव के पास से 19 वर्षीय काशी अहिरवार और 22 वर्षीय दयाशंकर बसोर को गिरफ्तार किया। काशी महोबा के बघौरा गांव का रहने वाला है, जबकि दयाशंकर मध्य प्रदेश




के छतरपुर जिले के हरपालपुर का निवासी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना अजनर में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (नंबर यूपी95वाई4295) बरामद की है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी में उप-निरीक्षक आकाश मौर्य के साथ कांस्टेबल नरेंद्र बाबू और तुषार सिंह शामिल थे। पूरी कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह और क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के पर्यवेक्षण में की गई।

## सीएम के निरीक्षण को लेकर जिला अस्पताल की व्यवस्था रही दुरुस्त

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हमीरपुर जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी गईं। हमीरपुर जिला अस्पताल की इमरजेंसी से लेकर आपरेशन थियेटर सभी जगह व्यवस्थाएं दुरुस्त नजर आईं। सीएमओ डा. गीतम सिंह ने स्वयं जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि पड़ोसी जनपद का जिला अस्पताल होने के चलते किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई हैं। मुख्यमंत्री का कहीं जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण न हो जाए। सदर एसडीएम सुक्रमा प्रसाद, अतिरिक्त एसडीएम पवनप्रकाश पाठक ने भी जिला अस्पताल समेत अन्य स्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# उरई नगर में जाम की समस्या को लेकर पालिका सभासदों ने खोला मोर्चा

- दर्जन भर से अधिक सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंप नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की

**जालौन (उरई)।** नगर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रही जाम की समस्या से आमजन को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका के सभासदों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। नगर के एक दर्जन से अधिक सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर नगर की प्रमुख सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। सभासदों ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम राजेश पांडेय को बताया कि नगर में अतिक्रमण एक विकराल रूप ले चुका है। दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर सामान फैलाकर राहगीरों और वाहनों के निकलने का रास्ता तक बंद कर दिया जाता है। कई बार तो स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि राहगीरों और दुकानदारों के बीच झगड़े तक की नौबत आ जाती है। सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका और प्रशासन की लापरवाही के चलते अतिक्रमण दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। जिन रास्तों का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है, उनमें नगर पालिका से लेकर नत्थू यादव चौराहा, पत्थर वाली गली, बड़ी माता मंदिर गली, पानी की टंकी से बस स्टैंड तक, झंडा चौराहा से छोटी माता मंदिर तक, छोटी बिजली घर से छत्रसाल रोड, साहनी डॉक्टर वाली गली, कोतवाली रोड, कोच चौराहा के चारों ओर तथा लोना रोड पर बंबा तक शामिल हैं। इन सभी मार्गों पर दुकानदारों द्वारा फड़ लगाकर, ठेले खड़े कर और सामान सड़क तक फैलाकर यातायात को बाधित किया जा रहा है। सभासद सरला दोहरे, जयकरण, अनु शर्मा, ललित शुक्ला, रुखसाना, रमाकांत, हर्षित राय आदि ने इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए मांग की कि जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई करते हुए नगर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

# ट्रांसफार्मरों में न्यूट्रल एवं फेस में विद्युत की लोड बैलेंसिंग व्यवस्था की जा रही

- आकाशीय बिजली गिरने के बावजूद भी ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहेंगे

**कालपी (जालौन)।** नगर की विद्युत व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन को दृष्टिगत रखते हुए आरडीएसओएस योजना के अंतर्गत पुरानी विद्युत केविल को बदलने का कार्य चलाया जा रहा है। योजना के तहत 70 प्रतिशत से अधिक कार्य निपट चुका है। विभागीय अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के के मुताबिक कालपी नगरीय क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में पुरानी केविल स्थापित होने से आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो जाती है। उप्र पावर कारपोरेशन की कार्ययोजना के अनुरूप आरडीएसएस योजना के अंतर्गत पुरानी विधुत केविल को हटाकर नई केविल स्थापित करने का अभियान उपखंड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र कुमार की देखरेख में कार्य चलाया जा रहा है। पुरानी केबिल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं। अवर अभियंता ने यह भी बताया कि ट्रांसफर्मरों में न्यूट्रल एवं फेस में विद्युत की लोड बैलेंसिंग की व्यवस्था की जा रही है कि आकाशीय बिजली गिरने के बाबजूद भी ट्रांसफर्मर सुरक्षित रहे।

# खुले बाजार में गेहूं की कीमतों में उछाल, सरकारी खरीद पर भारी

- 33 दिनों में कोई खरीद केंद्र गेहूं खरीद में 5 हजार कुंटल का आंकड़ा नहीं कर सका पार

**कालपी (जालौन)।** गेहूं की खुले बाजार कीमत इस बार भी सरकारी खरीद पर भारी पड़ रही जिसके चलते कोई भी खरीद केन्द्र 33 दिनों के अन्तराल में 5000 का आंकड़ा पार नही कर पाया है। विदित हो कि शासन सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जरूरत मन्द व्यक्ति को प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त राशन देती है और इस व्यवस्था के संचालन के लिए शासन विभिन्न माध्यमो से खाद्यान्न की खरीद कराती है और इसी के चलते गत 17 मार्च से मण्डी परिसर में आरएफसी, पीसीएफ तथा मण्डी समिति द्वारा गेहूं खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं तो महेवा साधन सहकारी समिति व छौंक सहकारी समिति द्वारा भी गेहूं खरीद केन्द्र खोले गए हैं जहां पर 2425 रूपये प्रति कुन्तल की दर से गेहूं की खरीद की जा रही है लेकिन बाजार में गेहूँ की कीमत ऊँची होने के चलते खरीद रफ्तार नही पकड पा रही है। पीसीएफ केन्द्र के प्रभारी धनीराम कुशवाहा के अभी तक उनके केन्द्र पर 4500 कुंतल ही खरीद हुई और कमोवेश यह आंकड़ा सभी केन्द्रों का है जहां पर खरीद का आंकड़ा 5 हजार कुन्तल से कम है। गल्ला व्यापारी रामप्रकाश पुरवार, रोशन ट्रेडिंग कम्पनी के रोशन पाल व गल्ला व्यापारी आशनरायन द्विवेदी की मानें तो गेहूं की कीमत अभी भी खुले बाजार मे समर्थन मूल्य से अधिक है इसी के चलते खरीद केन्द्रों पर गेहूं की आवक कम है। वही जानकारों की माने तो मण्डी में आने वाला गेहूं कानपुर आटा मिलों में जा रहा है जहां पर इसकी कीमत समर्थन मूल्य से अधिक है जिसके चलते प्रतिदिन ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से बड़ी मात्रा में गेहू कदौरा, इटौरा तथा कालपी मण्डी से जा रहा है जिससे लग रहा है कि गेहूं खरीद की रफ्तार बढ़ने के आसार नहीं है।

# धर्म खतरे में बताकर बहुजन समाज को छल रही भाजपा: सावित्री बाई फुले

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



अभी यह अल्पमत में है इसलिए इनका बस नहीं चल रहा है। तब यह हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं। जिस दिन हमारे भारत का बहुजन समाज 85 परसेंट जाग जाएगा उस दिन यह सत्ता से कोसों दूर हो जाएंगे। यह बात ग्राम रसूलपुर में आयोजित डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए बहराइच की पूर्व सांसद सावित्रीबाई फुले ने कही है। उन्होंने ने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि जो बाबा साहब ने रास्ता दिखाया है। वह वोट का अधिकार है। हम वोट से इनको परास्त करेंगे। यह कहते हैं हमारा मंदिर खतरे में है। हमारा धर्म खतरे में है। हमें संविधान चाहिए। हमें कानून चाहिए हमें आजादी चाहिए हमें धर्म में फसाया जा रहा है। हमको मेले में फसाया जा रहा है। हमें यह सब नहीं चाहिए हमें सिर्फ बराबर का हक चाहिए। जो बाबा साहब ने संविधान में लिखा है। इनके राज में सरकारी नौकरियों को समाप्त कर प्राइवेट किया जा रहा है। जिससे कि उन्हें आरक्षण ना देना पड़े। रविवार को क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर समिति के संयोजन में अम्बेडकर जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसमें तमाम दलित नेताओं ने डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

## कैंप लगाकर बिजली विभाग ने वसूले तीन लाख

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र में विद्युत विभाग ने रविवार को बदोसराय पंचायत भवन में आयोजित मेगा कैंप में विभाग ने करीब 3 लाख रुपये का बकाया वसूल किया। साथ ही 42 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए गए। अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने मेगा कैंप लगाया। टीम में मिथिलेश कुमार, सत्यवान, अतुल कुमार, पप्पू, लालजी, मनीष कुमार, अंकित गुप्ता, पिंटू, लवलेश और अशोक शुक्ला शामिल थे। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से बकाया जमा करने की अपील की। टीम ने मीटरों की जांच भी की। अवर अभियंता राज मौर्य ने बताया कि बकाया वसूली के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों ने गांव में चेकिंग अभियान भी चलाया।

# रेलवे निर्माण कार्य में मानकों की उड़ रही धज्जियां

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



यदि आप रेलवे निर्माण कार्यों में मानकों की धज्जियां उड़ते देखना चाहते हैं। तो आप रामनगर क्षेत्र के चौकाघाट रेलवे क्रॉसिंग पर बन रही रेलवे गुमटी के निर्माण को देखकर यहां की अनियमितताओं का सहजता से अंदाजा लगा सकते हैं। हालांकि यह तो मात्र बानगी है यदि गंभीरता से जांच की जाए तो पूर्व में केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग पास कराया गया निर्माण मानक विपरीत है। ग्रामीणों व आसपास के लोगों की माने रेलवे विभाग द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण में मानकों के विपरीत जमकर पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। यह निर्माण गोंडा रेलवे विभाग के जूनियर इंजीनियर सुनील कुमार की देखरेख में चल रहा है। क्षेत्रीय जागरूक जनों का कहना है कि उक्त निर्माण कार्य में नींव से लेकर दीवार तक पीली ईंटों का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। जोकि रेलवे के निर्धारित मानकों का उल्लंघन है। वहीं जब इस मामले में जेई सुनील कुमार से पूछताछ की गई तो उन्होंने निर्माण को मानकों के अनुरूप बताकर बात आई गई कर दी।

# बिना पंजीकरण, फिटनेस न होने पर एआरटीओ ने किये पांच ई-रिक्शा सीज, छह का चालान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



मानकों का उल्लंघन कर सड़कों पर बिना फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व आटो के विरुद्ध परिवहन विभाग अंकुश लगाता दिखाई दे रहा है। इस दौरान बिना पंजीकरण, फिटनेस समेत जर्जर हालत के ई-रिक्शा को जब्त किया गया। आज रविवार को बाराबंकी-गोण्ड़ा-बहराइच मार्ग पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने बिना पंजीकरण, फिटनेस समेत नाबालिग द्वारा संचालन करते मिलने पर 5 ई-रिक्शा को थाना मंड़ी मे बंद किया। तथा 6 ई-रिक्शा के अन्य अभियोगो मे चालान किये।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइंस सभागार में की अपराध गोष्ठी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग कर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों द्वारा माल निस्तारण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही, विवेचनाओं के निस्तारण कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की गई साथ ही गम्भीर अपराधों/महिला सम्बन्धी अपराध के घटित होने पर तत्काल मौके पर जाने एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने, एफ.आई.आर. का शत-प्रतिशत पंजीकरण किये जाने व संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध 14(1) गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्यवाही किए जाने, गौ तस्करी व अन्य अपराध जैसे- चोरी/नकबजनी/लूट/हत्या व आई.जी.आर.एस. पोर्टल की शिकायतों तथा अन्य लम्बित शिकायत प्रार्थना पत्र का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किये जाने, वेरीफिकेशन सम्बन्धित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने,




शातिर अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, भूमि विवाद के प्रकरणों को राजस्व विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर मौके पर जाकर निस्तारित कराने, यूपी-112 के कर्मचारियों की सतर्कता परखने एवं उनका रिस्पान्स टाईम सुधारे जाने, विवेचनाओं की गुणवत्ता को सुधारे जाने, किरायेदारों/नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही किये जाने, थाने के अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी कार्यालय या थाने पर आने वाले आगुन्तकों के साथ अत्यन्त शालीनता का व्यवहार किया जाये तथा उसकी समस्याओं का निस्तारण थाने स्तर पर ही किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में ही सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गयी तथा उनकी समस्या के निस्तारण हेतु सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## आरोग्य मेले में मरीज़ों की हुई जांच

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की जांच की गई। बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला और उनकी टीम ने 32 मरीजों की जांच की। महमूदाबाद केंद्र में डॉ. अन्विता पांडेय की टीम ने 36 मरीजों को देखा। सैदनपुर केंद्र में डॉ. जगदीश और उनके सहयोगियों ने 50 मरीजों की जांच की। सभी मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाएं वितरित की गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने मौसम परिवर्तन को देखते हुए लोगों को सावधानियां बरतने की सलाह दी। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और उबला हुआ पानी पिएं। बार-बार बुखार आने पर तुरंत जांच कराएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर तत्काल समाधान किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### आर्मी चीफ बताकर ईंट व्यवसाई से ठगे तिरसठ हजार

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर कस्बे मे साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को आर्मी चीफ बताकर एक ईंट सप्लायर से 63,600 रुपए की धोखाधड़ी की है।घटना रविवार की सुबह करीब 10 बजे की है। मोहल्ला अहिरान निवासी हाजी मोहम्मद मतीन के पुत्र जहीन को फोन पर श्री साईं इंटर कॉलेज के लिए 2000 ईंटों की डिलीवरी का ऑर्डर मिला। जहीन ने मांगी गई जगह पर ईंटें भिजवा दी।इसके बाद ठगो ने जहीन के व्हाट्सएप पर एक आर्मी चीफ के नाम से बारकोर्ड भेजा। उन्होने कहाकि एक रुपए की जांच के लिए बारकोड स्कैन करें फिर वे 13,600 रुपए ऑनलाइन भेज देंगे।जैसे ही जहीन ने बारकोर्ड स्कैन किया, दो मिनट के अंदर तीन बार में उनके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 63,600 रुपए निकाल लिए गए।ठगों ने आर्मी चीफ की वर्दी में करनाल की प्रोफाइल पिक्चर लगाकर नेट कॉलिंग से जहीन को परेशान भी किया।उसी दिन जैदपुर के कई अन्य व्यापारियों को भी ऐसी धोखाधड़ी वाली कॉल्स आईं। जागरूक व्यापारी बच गए, लेकिन जहीन ठगों की ठगी का शिकार हो गया।पीड़ित ने इस घटना की आन लाईन शिकायत की है।

### एचटी लाइन की चिंगारी से जली पराली, गहराया भूसे का संकट

**उरई (जालौन)।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम जखा में सहकारी बैंक के पास किसानों के खेतों से निकली हाईटेंशन लाइन में अचानक आई खराबी के कारण निकली चिंगारी से किसान के खेत में आग लग गई। जिससे खेतों में खड़ी पराली पूरी तरह जलकर तबाह हो गई। जिससे किसानों के सामने भूसे का संकट गहरा गया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम जखा में रविवार की दोपहर अचानक लाइट आई और हाईटेंशन लाइन में हुए फाल्ट से निकली चिंगारी से खेतो में आग लग गई। जिससे गेंहू के कटाई के बाद भूसा बनाने को पड़ी गेंहू की पराली में जलने लगी। जिसमे जखा निवासी ईश्वरबती की 3 बीघा, रामकुमार की 4 बीघा, बबलु प्रजापति 6 बीघा, रामपाल सेंगर जरगांव निवासी की 4 बीघा, मेम्बर 1 बीघा, लल्लन चौहान की 12 बीघा गेंहू की पराली जल कर खाक हो गई। खेत के किसानों का कहना है कि जानवरो के लिए भूसा की किल्लत हो जाएगी। कैसे पूरे वर्ष जानवर रखे जाए। लेखपाल पंकज यादव का कहना है कि खेत जलने की जानकारी मिली है। गेंहू की पराली जली है। अगर किसी किसान की गेंहू की फसल जली है तो मौके पर जाँच कर नुकशान की रिपोर्ट भेजेंगे।

### एएसपी ने नगर में पैदल भ्रमण कर व्यापारियों और आमजन से किया संवाद

**उरई (जालौन)।** जिला मुख्यालय में शनिवार देर शाम सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने पैदल मार्च किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिटी अर्चना सिंह और कोतवाली पुलिस बल की टीम मौजूद रही। फ्लैग मार्च शहर कोतवाली से शुरू हुआ। यह घंटा घर चौराहे से होते हुए नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुंचा। मार्च बाजार और रेलवे स्टेशन रोड से गुजरते हुए शहीद भगत सिंह चौराहे पर समाप्त हुआ। एएसपी ने बताया कि यह कदम शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर वक्त लोगों की सुरक्षा के लिए तैयार है। पैदल गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से सुरक्षा के बारे में सुझाव लिए। व्यापारियों को निर्देश दिया गया कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। वहीं एएसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा भी की। अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटवाया गया। बाजारों में घूम रहे कुछ युवकों से पूंछताछ की गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे जनता में विश्वास बढ़ा है।

### रंजिशन परिवारीजनों के साथ झगड़ालू व्यक्ति करता विवाद

**जालौन (उरई)।** पत्नी और घर के सदस्यों के साथ गांव के ही व्यक्ति द्वारा विवाद और झगड़ा करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी रामपाल ने पुलिस को बताया कि उनके गांव का ही एक व्यक्ति उसके परिवार से रंजिश रखता है। रंजिश के चलते आए दिन विवाद करता रहता है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीते दिन दिनों से जब वह घर पर नहीं होता है जब उपरोक्त व्यक्ति उसके घर आकर गाली, गलौज करने लगता है। यदि उसको घर के सदस्य के मना करने हैं तो झगड़ा करने लगता है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की शाम उसने घर आकर उसकी पत्नी के साथ झगड़ा किया और धमकी दी।

### महाकाल कंस्ट्रक्शन कर्मचारियों पर हमलावरों ने की फायरिंग

**उरई (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र में खनिज माफिया की दबंगई का मामला सामने आया है। जहां जिला पंचायत द्वारा खनिज परिवहन वसूली का ठेका प्राप्त महाकाल कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों पर हमला हुआ है। आरोप है कि कालपी निवासी श्रीकांत चौहान, शशिकांत चौहान, परमानंद यादव और कल्लू ने हमला बोल दिया उस दौरान उनके साथ करीब एक दर्जन हथियारबंद साथी भी थे। उक्त घटना घटित होने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। हमलावरों ने पहले जिला पंचायत की बैरियर पर तैनात कर्मचारियों को धमकाया। इसके बाद उन पर लाठी-डंडों से हमला किया और हमलावरों ने हवा में कई राउंड फायरिंग भी की। महाकाल कंस्ट्रक्शन के अधिकारियों ने कोतवाली कालपी में शिकायत दर्ज कराई है। मामले की कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी को सौंपी गई है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है, अब उनके खिलाफसाक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस हमले में इस्तेमाल हथियारों की जांच भी की जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# बाराबंकी शहर सहित नगर पंचायतों में चला अवैध होर्डिंग्स हटाने का अभियान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार से नगरपालिका व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शहर व कस्बों के मुख्य मार्गो पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोल पर विभाग की अनुमति के बिना लगाए गए होर्डिग बोर्ड को उतारने का तीन दिवसीय अभियान शहर के मुख्य मार्ग स्थित टेस्टीबाइट से शुरू किया गया। इस अभियान के तहत नगर पालिका नवाबगंज और जिले की सभी नगर पंचायतों के कर्मचारियों ने सैकड़ों पोल पर लगे होर्डिग बोर्ड को हटाकर अपने कब्जे में ले लिए। ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज संजय शुक्ला ने बताया कि पिछले कई दिनों से निरंतर आम जनता की शिकायतें मिल रही थी कि स्टेट हाईवे के अलावा मुख्य मार्गो पर जितने भी स्ट्रीट लाइट व बिजली के



पोल लगे हुए हैं। उन पर अधिकांश लोगों ने विभाग की अनुमति के बिना ही अपने प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिग बोर्ड लगाए हुए हैं और इन होर्डिगों के कारण दुर्घटनाओं का भय भी बना रहता है जिसको शासन व जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही करने के लिये जिले भर में 3 दिवसीय अभियान चलाकर अवैध होर्डिग्स हटवाने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों द्वारा रविवार से इस अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिषद नवाबगंज और जिले की सभी 13 नगर पंचायतों में एक साथ की गई। अभियान में नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की नगर पंचायतों के सभी ईओ और अन्य कर्मचारीगण अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित रहे।

**जैदपुर संवाददाता के अनुसार-** नगर पंचायत में यह अभियान कस्बे के मुख्य मार्ग स्थित पानी टंकी से शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के कर्मचारियो द्वारा स्ट्रीट लाइट और बिजली के पोल पर लगी सैकड़ों अवैध होर्डिग्स को हटाया गया। अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा ने बताया कि इस कार्यवायी का मुख्य कारण आम जनता की शिकायतें थीं।स्टेट हाईवे और मुख्य मार्गो पर लगी ये होर्डिग्स दुर्घटनाओं का कारण बन सकती थीं।

शासन और जिला प्रशासन ने इस समस्या को गंभीरता से लिया।उन्होंने पूरे जिले में तीन दिवसीय अभियान चलाने के निर्देश दिए।इस अभियान के तहत बिना अनुमति लगाई गई सभी होर्डिग्स को हटाया जा रहा है।

# विधायक की संवेदनशीलता से बन गई हाईमास्ट लाइट

**मसौली बाराबंकी।** शनिवार की रात्रि अचानक आयी आंधी से विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्षतिग्रस्त हुई हाईमास्ट लाइटों को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय सपा विधायक गौरव रावत ने सभी लाइटों को 24 घंटे के अंदर सही कराकर अंधेरा दूर कर दिया।

बताते चले कि गत शनिवार की रात्रि अचानक तेज हवा के साथ आयी आंधी से क्षेत्र की कई ग्राम पंचायत बड़ागांव मोड़, कोडरी, सेमरी, रायपुर, रसूलपुर पिपरौली आदि मे सपा विधायक गौरव रावत की निधि से लगी हाईमास्ट लाइटे गिर गयी और टूटफुट गयी जिसकी जानकारी होते ही सपा विधायक गौरव रावत ने संज्ञान मे लेते हुए कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी द्वारा 24 घंटे के अंदर सही कराकर अंधेरे



को दूर करने का सराहनीय कार्य किया है। सपा विधायक द्वारा तत्पर कार्य कराये जाने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, बीडीसी शाहिद अली, पप्पू गौतम, मो. गुफरान, सुरज यादव, मतीन अंसारी, फुरकान अहमद, नूरुल बसर अंसारी सहित क्षेत्रीय लोगो ने आभार व्यक्त जताया है।

# खोवा खाने से आधा दर्जन लोगों की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

- बेटी की शादी में मिठाई बनाने को बाजार से लाया गया था मन भर खोवा

**उरई (जालौन)।** कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम कुदरा में शादी के अवसर पर मिठाई बनाने के लिए लाया गया खोवा खाने से छह लोग फूड प्वाइजन के शिकार हो गए। जिन्हें हालत बिगड़ने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत होने पर तीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुदरा खुर्द में रामकिशोर बरार के यहां 20 अप्रैल को बेटी की शादी है। तमाम नाते-रिश्तेदार शादी वाले घर में जुटे थे और विवाह की तैयारियां चल रही थीं। बारात और व्यौहारियों को दावत देने के लिए कोंच के बाजार से चालीस किलो खोवा खरीद कर लाया गया था। गुरुवार की रात लोगों ने खाना खाया, तभी कुछ लोगों की इच्छा कुछ मीठा खाने की हुई तो खोवा में चीनी मिलाकर खाने को दे दिया गया। थोड़ी ही देर में कुछ महिलाओं और किशोरियां शामिल हैं, के पेट में दर्द शुरू हो गया और देखते ही देखते उल्टी-दस्त शुरू हो गए जिससे शादी वाले घर में हाहाकार मच गया। पहले घरेलू नुस्खे आजमाए गए लेकिन जब हालत पकड़ में नहीं आए तो देर रात छह लोगों सीमा देवी 53 वर्ष वर्ष राधिका 24 वर्ष गोमती 30 वर्ष जान्हवी 15 वर्ष शशिकांत 32 वर्ष सभी निवासी कुदरा खुर्द एवं शशि 17 वर्ष निवासी धंजा को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# नगरीय क्षेत्र में अब बगैर भुगतान नहीं लग पायेंगी किसी की होर्डिंग

- पालिका ने अभियान चलाकर अनाधिकृत लगी होर्डिंगों को हटाया

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

नगर में अब बगैर भुगतान बैनर पोस्टर नहीं लग सकेंगे। रविवार को पालिका परिषद की टीम ने अभियान चलाकर उन्हें हटा दिया है।

विदित हो कि नगर सीमा में बैनर पोस्टर के माध्यम से शुभकामना संदेश तथा विभिन्न प्रकार का प्रचार प्रसार करने के लिए पालिका परिषद टैक्स वसूलती है जिसके लिए प्रतिवर्ष किसी फर्म को ठेका दिया जाता है जिसके तहत इस वर्ष यह ठेका काफी मंहगा उठा है। जिसके



चलते ठेका लेने वाली फर्म ने पालिका प्रशासन से शिकायत की थी कि नगर में बड़ी संख्या में ऐसे बैनर पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर लगे हैं जिन्होंने निर्धारित शुल्क जमा नहीं किया है और शायद इसी के चलते रविवार को पालिका की टीम ने नगर में अवैध होर्डिंग्स व बैनर पोस्टर हटाने का अभियान शुरू किया है जिसके तहत पालिका की टीम ने बगैर भुगतान के लगे बैनर पोस्टरों को मुन्ना फुल पावर चौराहे, दुर्गा मन्दिर तथा अमलतास तिराहा सहित अन्य स्थानों पर लगी होर्डिंग तथा बैनर पोस्टर को हटा दिया हालांकि टीम को कई स्थानों पर बिरोध का भी सामना करना पड़ा था। ठेकेदार मोहसिन खान के अनुसार इस बार नगर में प्रचार प्रसार का ठेका प्रतिस्पर्धा होने के चलते काफी महंगा हो गया है इसलिए अब नगर सीमा में जो भी होर्डिंग्स अथवा प्रचार सामग्री लगेगी उसका शुल्क देना होगा इसके लिए नगर में आधा सैकडा स्थान चिन्हित है। अधिशाषी अधिकारी अवनीश शुक्ला के अनुसार नगर में बगैर शुल्क जमा किए प्रचार प्रसार की सामग्री नही लगाई जा सकती है और इसी के अनुपालन के लिए ही रविवार को यह अभियान चलाया गया है। उन्होने सभी लोगों से आग्रह किया है कि कि वह क्षति से बचना चाह रहे हैं तो बगैर शुल्क जमा किये नगर में किसी भी तरह की प्रचार सामग्री न लगाए अन्यथा की स्थित मे हटा दी जाएगी।

# भारत विकास परिषद तुलसी का दायित्वग्रहण कार्यक्रम हुआ संपन्न

- डॉ कैलाश यादव अध्यक्ष, ध्रुव कुमार गुप्ता सचिव एवं मौसमी पाल बनीं कोषाध्यक्ष
- पूरी ऊर्जा व क्षमता से सभी के साथ मिलकर करेंगे दीन दुखियों की सेवा: डॉ. कैलाश

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

भारत विकास परिषद इटावा तुलसी का दायित्व ग्रहण समारोह कृष्णापुरम स्थित पानकुवर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार की शाम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा, विशिष्ट अतिथि इन्द्र नारायण पाण्डे अध्यक्ष पांचाल प्रान्त, आलोक रायजादा प्रांतीय महासचिव व शपथ अधिकारी, स्नेहलता उमराव प्रांतीय संयोजक महिला सहभागिता एवं परिषद के वरिष्ठ सदस्य अच्युत कृष्ण मिश्र, एवं शाखा के अध्यक्ष डॉ कैलाश चन्द्र यादव सहित अन्य दायित्वधारियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन कर किया। दीप प्रज्वलन के समय वाणी वन्दना एवं राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का गायन संगीत शिक्षिका करुणा बंसल ने परिषद की परम्परानुरूप अपने सुरीले कंठ से गाया तत्पश्चात सभी ने अपना व्यक्तिगत परिचय दिया।

तुलसी के सदस्य प्रधानाचार्य राजेश




सिंह, डॉ अनुराग श्रीवास्तव एवं मोहिनी मिश्रा के द्वारा मंचासीन मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का रोली अक्षत से तिलक व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। पुष्प रूपी शब्दों से स्वागत संयोजिका रश्मि यादव द्वारा किया गया। साथ ही परिषद का सूक्ष्म परिचय वरिष्ठ संस्थापक सदस्य अच्युत कृष्ण मिश्र द्वारा दिया गया। तुलसी शाखा के नवीन दायित्वधारियों मे डॉ कैलाश यादव को अध्यक्ष, डॉ. ध्रुव कुमार गुप्ता को सचिव, मौसमी पाल को कोषाध्यक्ष, संगीता को महिला सहभागिता एवं अंजू चौधरी को संगठन सचिव के दायित्व की शपथ आलोक रायजादा शपथ अधिकारी द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने नये सदस्य के रूप में सुनीता पाल को भी शपथ ग्रहण कराई। इस कार्यक्रम के अवसर पर नन्ही बालिका ध्वनि बंसल ने राष्ट्र भक्ति गीत जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वह भारत देश है मेरा को अपने मधुर सुर में गाकर सभी को मोहित किया और खूब तालिया बटोरी व पुरस्कार भी प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ ने शाखा के नवीन दायित्वधारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्र भावना से प्रेरित समाजसेवा के कार्य कर परिषद ने नई पीढ़ी को दिशा दिखाने का प्रशंसनीय कार्य किया है। आप दायित्व धारियों को सभी के साथ मिलकर इसे गगन की ऊंचाइयों तक लेकर जाना हैं।

विशिष्ट अतिथि इन्द्र नारायण पाण्डे ने इस अवसर पर परिषद द्वारा संचालित किये जाने वाले विभिन्न प्रकल्पों के संबंध में उपस्थिति लोगों को विस्तार से अवगत कराते हुए आवाहन किया कि हमें पूर्व की भाँति पूरी ऊर्जा व उत्साह के साथ कार्य करके इस प्रान्त को श्रेष्ठ प्रान्त बनाने को जुटना होगा। समापन पर सभी अतिथियों का आभार डॉ कैलाश चन्द्र यादव ने व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया कि उनकी टीम पूरी ऊर्जा एवं क्षमता के साथ समाज सेवा के कार्यों को सभी के साथ मिलकर सफलतापूर्वक आयोजित करने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन नीलिमा चौधरी पूर्व प्रांतीय महिला संयोजिका ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में अर्चना चौबे, अनीता सिंह, शशि दीक्षित, डॉ गीता श्रीवास्तव, पूरन सिंह पाल, पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य सभी तुलसी सदस्यों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# जाति तोड़ो, समाज जोड़ों सभा में एकजुटता का दिया संदेश

**भाजपा सरकार पर वक्ताओं ने साधा निशाना**



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को ग्राम इस्माइलपुर में आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में जाति तोडो समाज जोड़ों सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा बीजेपी सरकार में दलितों का शोषण हो रहा है।

बीजेपी सरकार मे जानवरों की कीमत है। लेकिन दलितों की कोई कीमत नही है। एंड चन्द्रशेखर आजाद से ही दलितों को उम्मीद रह गई है। आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि एंड चन्द्रशेखर आजाद संसद में बहुजनों के मुद्दे लगातार उठा रहे हैं। बीजेपी सरकार में जितना अत्याचार हो रहा है। उतना तो पिछली सरकारों मे नहीं हुआ है। आगरा में दलितों को घोड़ी से बारात निकालने पर ठाकुरों ने दलित बरातियों को पीटा। बाबा साहब की जयंती मनाने पर दलितों को पीटा गया। आजाद भारत में ये सब हो रहा है। कहा कि यूपी में योगी के राज मे कानून का कोई राज नही जंगलराज कायम है। बीजेपी सरकार मे बेरोजगार और महंगाई चरम सीमा पर है। अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है। बीजेपी के मंसूबे है। संविधान को खत्म करना पर भीम आर्मी मंसूबे कामयाब नही होने देगी। 2027 के विधानसभा चुनाव में एंड चन्द्रशेखर आजाद जी के मजबूत करे बीजेपी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करे इस मौके पर आधा दर्जन लोगों ने पार्टी को ज्वाइनन किया। इस मौके पर जिला प्रभारी शकील अहमद, शेर सिंह, जिला महासचिव चांद खां विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत दिवाकर, ओमप्रकाश, नगर अध्यक्ष शाहरूख खान, अरशद, अरूण ओवराय अंकित गौतम अतुल आकाश, अवनीश आदि मौजूद रहे।

## बाइक टकराने के विवाद में युवक से की मारपीट

**कोर्ट के आदेश पर पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से टक्कर मारने का विरोध करने पर लोगों ने युवक से गाली गलौज की और मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। कोतवाली पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम तेराजाकेट चौराहा निवासी करन जाटव पुत्र उदयवीर जाटन ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह तेराजाकेट स्थित हाईवे के ओवरब्रिज से सब्जी लेकर घर जा रहा था। तभी 15 मार्च की दोपहर लगभग 02 बजे जीतू ने उसके पैर पर बाइक चढ़ा दी थी। ऐसा करने का कारण पूछने पर ग्राम पालमपुर निवासी जीतू, राहुल, नितिन, ऋषी पाल, छोटू, अनुज अपने छह अज्ञात साथियों ने उसके साथ जाति सूचक गाली गलौज शुरू कर दी थी। मना करने पर उसे मारपीट कर मरणासन्न कर दिया था और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर छह नामजद व छह अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आचार्यों ने मंत्रोच्चार के बीच कराया प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**शक्तिपीठ गमा देवी में संतोषी माता मूर्ति की स्थापना**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में स्वर्गीय सूरजमुखी गुप्ता की स्मृति में माता संतोषी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस पावन अवसर पर मिश्रिख नीमसार से पधारे प्रख्यात आचार्य पंडित श्याम जी अवस्थी, भगौती प्रसाद द्विवेदी और सर्वेश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न अधिवास और पूजन कर्म संपन्न कराए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर परिसर में गणेश पूजन और हवन के साथ हुआ। आचार्यों द्वारा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ, अभिषेक, और विशेष अधिवास अनुष्ठान किए गए, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर को फूलों और रंगोली से सजाया गया था। भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।आचार्य श्याम जी अवस्थी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान माता संतोषी की मूर्ति में दैवीय चेतना का संचार किया गया, जिससे यह स्थान भक्तों के लिए और भी पवित्र हो गया। भगौती प्रसाद द्विवेदी और सर्वेश मिश्रा ने भी अनुष्ठान की महत्ता पर प्रकाश डाला और स्वर्गीय सूरजमुखी गुप्ता के परिवार के इस पुण्य कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक चंद्रभान गुप्ता मुन्ना दाल वाले ने बताया 21 अप्रैल सोमवार को माता संतोषी मूर्ति को नगर भ्रमण कराया जाएगा। तत्पश्चात 5 बजे से विशाल भंडारा होगा। कार्यक्रम में परीक्षित का दायित्व पंडित बनारसीदास शास्त्री ने निभाया। इस दौरान धर्मेंद्र गुप्ता, सूरजभान गुप्ता एवं अजयभान गुप्ता पिंटू ने आयोजन में सहयोग किया।

यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि स्वर्गीय सूरजमुखी गुप्ता की स्मृति को अमर करने का एक भावपूर्ण प्रयास भी साबित हुआ। गमा देवी मंदिर अब माता संतोषी के भक्तों के लिए एक नया आध्यात्मिक केंद्र बन गया है।



## नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदेश कुमार का हुआ जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला कोलियान में आयोजित कार्यक्रम में गल्ला आलू व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष पद के लिए आदेश कुमार गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन के पश्चात उनका स्थानीय व्यापारियों और समर्थकों ने फूल-मालाओं व ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने मंडी की प्रमुख समस्याओं, जैसे बुनियादी ढांचे की कमी, किसानों को उचित मूल्य और व्यापारिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को प्राथमिकता के साथ हल करने का दृढ़ संकल्प जताया। उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य मंडी को किसानों और व्यापारियों के लिए एक आदर्श केंद्र बनाना है, जहां सभी को न्याय और सुविधाएं मिलें। स्वागत समारोह में संयोजक अजीत कुमार उर्फ पिंकी पांडेय, श्रीमती सुबोध पांडेय, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, बृजेश गुप्ता, अमित भारतीय, कल्लू गुप्ता, ऋषि गुप्ता, सुखेन्द्र प्रताप सिंह, अनुज राजपूत, आशुतोष व शुभम यादव आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तालग्राम रोड स्थित ग्राम पलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजा तथा करमुल्लापुर के पास बाइक की टक्कर से पिकअप चालक घायल हो गया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

जनपद कन्नौज के नंदीपुरवा निवासी 30 वर्षीय अखिलेश सिंह पुत्र जगदीश सिंह अपने चाचा रामपाल पुत्र दिवारीलाल के साथ बाइक से रायपुर निवासी रिश्तेदारी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से लौटते समय छिबरामऊ की तरफ आते हुए तालग्राम रोड स्थित ग्राम पलिया के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दोनों लोग घायल हो गए। दूसरी घटना ग्राम रतनपुर निवासी प्रदीप पुत्र ओम बाबू के साथ हुई जो खेती किसानी करते हैं। रविवार को वह अपनी पिकअप गाड़ी से गंगापार भूसा लेने के लिए जा रहे थे। ग्राम करमुल्लापुर सिकंदरपुर स्थित टंकी के पास गाड़ी खड़ी करके किसी कार्य के लिए उतरे उसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सौ शैया अस्पताल में कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर देख उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### पत्नी से हुआ विवाद तो पति ने किया आत्महत्या का प्रयास

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजापुर निवासी युवक ने पत्नी से हुए विवाद के बाद घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। समय रहते परिजनों ने उसे फंदे से उतर कर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। ग्राम राजापुर निवासी 35 वर्षीय राजू नागर पुत्र रमेश चंद्र नागर का पत्नी सोमवती से कुछ विवाद हो गया था। मामला इतना बढ़ गया कि राजू ने कमरे में जाकर पंखे में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या करने के इरादे से फांसी का फंदा गले में डालकर झूल गया। समय रहते ही परिजनों ने देख लिया और आनन फानन में उसे फंदे से उतार कर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी हालत में सुधार हुआ।

### कीटनाशक पीने से युवक की हालत बिगड़ी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौली महोई निवासी 20 वर्षीय सत्या मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा ने किन्हीं अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी कोई कीटनाशक दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर परिजन उसे वापस घर ले गए।

# यातायात के नियमों की दी जानकारी

**हेलमेट व सील्ट बेल्ट लगाकर चलाएं वाहन**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


नाबालिग चालक को समझाते टीएसआई

यातायात नियमों के बारे में खासकर युवाओं को जागरूक किया और उनके नियमों के बारे में जानकारी दी। जबकि यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहनों पर जुर्माना व सीज की कार्रवाई भी की गई।

रविवार को टीएसआई अरशद अली ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए युवाओं को जागरूक किया। जबकि युवाओं से अपील भी की। घर से निकलते ही सड़क पर अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

खासकर युवाओं से अपील की कि वह वाहन को धीरे चलाएं। हेलमेट को अवश्य लगाए। कहां कि हम सब का जीवन हमारे लिए ही नहीं बल्कि समाज और देश हमारे परिवार के लिए आवश्यक है। जबकि नगर के शहीद मार्ग, पीडब्लूडी तिराहा आदि स्थानों पर 20 वाहनों का जुर्माना की कार्रवाई की गई। जबकि दो वाहनों के कागजात पूर्ण होने के कारण सीजकर कोतवाली में खड़ा करवा दिया। इस दौरान कांस्टेबल आनंद, अजय, शांतनु आदि मौजूद रहे।

## नवीन मंडी में दुरुस्त की जाए सफाई एवं लाइट व्यवस्था



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गल्ला आलू व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित महामंत्री रोविन यादव ने मंडी परिसर मे सफाई व लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। महामंत्री ने कहा मंडी मे व्यापारी भाइयो के लिए साफ सफाई एवं लाइट के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कह दिया है। साथ ही इसके लिए 5 दिन का समय भी दिया है। उन्होंने सभी आढ़ती भाइयो से आशीर्वाद भी लिया। मंडी परिसर मे आढ़ती भाइयो ने महामंत्री का जगह जगह स्वागत किया तथा अपनी समस्याओं को अवगत कराया। रोविन यादव ने कहा जल्द ही जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी से मुलाक़ात कर मंडी की समस्त समस्याओं से अवगत कराया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### दिल्ली से वापस लौट रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** दिल्ली से बाइक पर वापस लौट रहे युवक की एटा ट्रांसपोर्ट नगर थाने के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। दूसरे दिन उसका शव पैतृक गांव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर कसावा निवासी समाचार पत्र के रिपोर्टर अश्विनी पाठक के भाई 27 वर्षीय वीरेंद्र पाठक उर्फ वीरू पुत्र अवधेश पाठक कुछ दिन पूर्व किसी कार्य को लेकर बाइक से दिल्ली गया था। शनिवार की शाम वहां से वापस लौटने के लिए बाइक से निकला था। रविवार की सुबह लगभग तीन से चार बजे के करीब एटा ट्रांसपोर्ट नगर थाने के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी राहगीर की मदद से उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया तथा युवक के फोन से व्यक्ति ने उसके घर फोन करके घटना की सूचना दी, लेकिन परिजन जब तक वहां पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रोते बिलखते परिजन उसका वापस लेकर गांव लौटे तो पूरे गांव में मातम सा छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी शोभा पाठक व पुत्र निशांत पाठक को रोता बिलखता छोड़ा गया।

### हाईवे पर कंटेनर की टक्कर से लोडर क्षतिग्रस्त


डिवाइडर से टकराए लोडर को देखता पुलिसकर्मी

**लोडर में सवार चालक और कर्मी हुए घायल**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रहे कंटेनर ने पीछे से लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। इससे लोडर अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसा। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलों को गुरसहायगंज के सीएचसी में भर्ती कराया गया। कानपुर देहात के राजपुर बखसौदी निवासी अजय कुमार पुत्र राकेश (20) लोडर पर टावर का सामान लेकर लखनऊ के चिल्लावां एयरपोर्ट निवासी कर्मी ताज पुत्र शब्बीर वेग के साथ रविवार की शाम लगभग चार बजे फर्रुखाबाद से लखनऊ जा रहा था। तभी कस्बा समधन के निकट हाईवे के ओवर ब्रिज पर पीछे से तेज गति में आ रहे कंटेनर के चालक ने लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। इससे लोडर अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसा और लोडर पर सवार चालक व कर्मी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नगर के गुरसहायगंज सीएचसी में भर्ती कराया।

### इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई मार्ग दुर्घटना की रिपोर्ट

**कस्बा समधन में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी एमजी हंटर कार**

**दुर्घटना में पुत्र की मौत, तीन लोग हुए थे घायल**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** परिवार के लौट रहे इंस्पेक्टर की कार में तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इससे कार लोहे के पिलर से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में इंस्पेक्टर के पुत्र की मौत हो गई थी। जबकि इंस्पेक्टर सहित पत्नी व पुत्रवधू घायल हो गई थी। पीड़ित ने तहरीर देकर कोतवाली में दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर के कल्यानपुर आवास विकास, कैलाश बिहार निवासी शिव कुमार सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिर्पोट में कहा है कि वह 11 अप्रैल को अपने पुत्र सत्यम सिंह (29), पत्नी अनीता सिंह (50) व पुत्रवधू वर्षा सिंह (28) के साथ एटा के थाना राजा का रामपुर स्थित ग्राम गढ़िया जगन्नाथ से थाना मऊरानी झांसी अपनी एमजी हंटर कार से लौट रहा था। तभी कस्बा समधन स्थित रिहुआ मार्ग के सामने सुबह लगभग 02 बजे ट्रक के अज्ञात चालक ने तेज गति से चलाते हुए उसकी कार में टक्कर मार दी थी। इससे कार अनियंत्रित होकर लोहे के पिलर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। इससे कार चालक सत्यम सिंह राठौर, इंस्पेक्टर शिव कुमार सिंह, पुत्रवधू व पत्नी घायल हो गई थी। सत्यम सिंह की उपचार के दौरान कानपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

## नगर पालिका की टीम ने हटाए बैनर व होर्डिंग



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर शहर में लगी होर्डिंग एवं बैनर को नगर पालिका की टीम ने अभियान चलाकर हटा दिया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया नगर पालिका रोड से होते हुए पूर्वी बाईपास तक लगभग 130 होर्डिंग को हटवा दिया गया जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार से रोड पर अवरोध न हो सके। पोलों पर लगे होर्डिंग हटाए जाने की कार्रवाई लगातार चलती रहेगी।

# श्री परशुराम शोभायात्रा के लिए किया सघन जनसंपर्क

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**29 अप्रैल मंगलवार को निकलेगी शोभायात्रा**

विश्व सनातन शक्ति महासंघ के पदाधिकारियों ने श्री परशुराम जी की शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए सघन जनसंपर्क लगातार किया जा रहा है।

29 अप्रैल मंगलवार को भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का भव्य स्वरूप दिखेगा। विशाल शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु सभी सनातनी संगठनों से जनसंपर्क किया जा रहा है। समिति के संरक्षक अजय कुमार दुबे ने कहा इस शोभा यात्रा का उद्देश्य सभी को साथ लेकर चलना है। हम सभी मिलजुल कर सनातन को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी का कहना है कि भगवान सबके हैं ना कि किसी एक जाति के, भगवान के नाम पर हमें बांटा जा रहा है। आखिर क्यों, अब समय आ गया है सभी सनातनी एक हैं, एक रहेंगे। कोषाध्यक्ष श्री पंकज मिश्रा ने कहा स्थिति कुछ भी हो भगवान परशुराम जी की विशाल शोभायात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। हम सभी सनातनी भाई आपसी भेदभाव को त्याग कर यात्रा में तन मन धन से सहयोग करें। अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने कहा 29 अप्रैल दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे पश्चिमी बाईपास नहर कोठी से मुख्य बाजार होते हुए मां कालिका देवी मंदिर तक तथा उसके बाद अकबरपुर स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर तक यात्रा पूर्ण होगी। सभी भक्तों के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। सभी सनातनियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील करते हुए कहा भगवान किसी एक जाति के नहीं हैं। भगवान सभी के हैं। भगवान को जातियों में विभाजन करना हम सभी की भूल है।

## रोडवेज बस की टक्कर से बग्गी चालक व घोड़े की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



एन एच 34 हाइवे स्थित सिकंदरपुर के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बग्गी चालक तथा बग्गी खींच रहे एक घोड़े की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बग्गी सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने चालक के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद फर्रुखाबाद थाना कमालगंज के ग्राम महरुपुर रावी अमनाबाद निवासी 27 वर्षीय अजय गिहार पुत्र प्रमोद गिहार घोड़ा बग्गी चालक था। बताया जा रहा है कि वह शादी विवाह में दूल्हे के लिए अपनी डबल घोड़ा बग्गी बुक करके चलता था। शनिवार को वह सिकन्दरपुर स्थित एक गेस्टहाउस में बग्गी बुकिंग पर ले गया था। उसके साथ में थाना जहानगंज ग्राम बहोरा निवासी 45 वर्षीय छुन्नीलाल पुत्र रामसनेही भी थे। बारात चढ़ने के बाद रात करीब 1 बजे वह दोनों बग्गी से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी मां भगवती महाविद्यालय के पास तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी और बग्गी को लगभग 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। बस रुकते ही चालक फरार हो गया। वहीं घटना में बग्गी चालक अजय गिहार की मौके पर ही मौत हो गई और छुन्नी लाल गम्भीर रूप से घायल हो गए। जबकि बग्गी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा एक घोड़े की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी अंजलि, पुत्र नीतिक, पिल्लू पुत्री परागी व आयशा को छोटी सी उम्र में रोता बिलखता छोड़ गया।

## ईश्वर की प्राप्ति के लिए आत्म साक्षात्कार आवश्यक : महात्मा राजकुमार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सतसंग में महात्मा राजकुमार गुप्ता ने अपने प्रवचन में आत्म-साक्षात्कार और ईश्वर की प्राप्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷सच्चा सुख तभी मिलता है जब हम अपने भीतर के निरंकार को पहचानते हैं और दूसरों की सेवा में जीवन समर्पित करते हैं।

उन्होंने अहंकार रहित भक्ति और सतगुरु की शरण में जाने की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। यह समागम संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जो एक वैश्विक आध्यात्मिक संगठन है और मानव कल्याण के लिए कार्य करता है। कार्यक्रम में भक्ति संगीत, सामूहिक प्रार्थना ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

महात्मा प्रेमचंद के संचालन में हुए सत्संग में किरन, विमला, अस्मिता, साधना, नम्रता, सीता, पूजा, हरिश्चंद्र, हरि गोविंद, सर्वेश, ईश्वर दयाल, जबर सिंह, रामगोपाल, इंदल सिंह, राकेश सिंह, कुंवर पाल, रामू भदोरिया एवं हरदास ने भी अपने प्रवचनों व भजनों से संगत को निहाल किया।

# वन नेशन वन इलेक्शन आज की आवश्यकता : असीम अरुण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



**एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम, जो भारत के लोकतंत्र को करेगा मजबूत**

देश को विश्व गुरु बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता है। एक चुनाव एक राष्ट्र से समय राष्ट्रीय कोष की बचत होने के साथ-साथ विकास की गति को बढ़ाया जा सकता है हमारे यहां हर वर्ष एक चुनाव होता है। जो विकास की धारा में बाधक होती है। यह बात मुख्य अतिथि के रूप में रहे मंत्री असीम अरुण ने भाजपा द्वारा पीएसएम डिग्री कॉलेज प्रांगण में एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी के आयोजन में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ।

मंत्री असीम अरुण ने आगे कहा कि समय पैसा और विकास की धारा को आगे बढ़ाने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन कि आज आवश्यकता है। कुछ परिवार वादी पार्टियों को छोड़ दें तो आज ज्यादातर राजनीतिक पार्टियों वन नेशन वन इलेक्शन को सपोर्ट कर रहे हैं।

एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है। जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा वही बार- बार चुनाव कराने से प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती हैं। इसलिए एक राष्ट्र और एक चुनाव हमारे लिए बहुत आवश्यक है। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि हमारे देश में चुनाव होते रहते हैं। चुनाव में पैसा खर्च होता है ज्यादा पैसा खर्च होने से विकास का काम प्रभावित होता है सारा तंत्र चुनाव में लगने से विकास कार्य रुक जाता है मोदी जी का संकल्प है कि देश विकसित हो देश में किसी के साथ भेदभाव ना हो अगर भारत विकसित होगा तो उसका लाभ हम लोगों को मिलेगा विकसित भारत की परिकल्पना के लिए एक भारत एक चुनाव की आवश्यकता है।

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जागरूकता लाने के लिए संगोष्ठी के बाद एक पैदल यात्रा पीएसएम डिग्री कॉलेज से होते हुए मकरंद नगर चौराहे तक निकाली गई। जिससे सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने एक देश एक सुनाओ को लेकर जंग जागरण करते हुए नारेबाजी की। वही संगोष्ठी में अधिवक्ता वर्ग, व्यापारी वर्ग, अध्यापक वर्ग से सम्मानित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की। तथा कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महामंत्री अवधेश राठौर ने किया।

# पीएम आवास के लाभार्थियों का टीम ने किया सत्यापन

**पालिका ने नगर से हटवाई अवैध प्रचार सामग्री**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


पीएम आवास का सत्यापन करते ईओ



पोल पर लगी होर्डिंग हटाता पालिका कर्मी

रविवार की सुबह 07 बजे अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की गठित टीम के साथ मो. अफ्सरी, आजाद नगर एवं सुभाष नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। जिसमें वीना गुप्ता, सरिता, उषा देवी, पूनम, रानी देवी, सुनीता देवी, सोनू कुमार, आनंद कुमार, सोनी, विकास कुमार आदि लाभार्थियों की जांच की गई। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने जांच में पाया कि सोनू कुमार तथा आनंद कुमार दो आवेदक ऐसे पाए जिनके परिवार के सदस्यों (सोनू कुमार की माता एवं आनंद कुमार के भाई) को आवास योजना का लाभ पूर्व में मिल चुका है। इस दौरान पालिका की आवास जांच टीम के सदस्य प्रसन्नजीत मिश्रा, राजेश वर्मा, अशोक कुमार आदि कर्मी रहे। इसी प्रकार शासन के निर्देशानुसार रविवार को नगर के पोलो पर अवैध रूप से लगी होर्डिंग बैनर आदि को हटवाने का अभियान चलाया गया। जिसमें अशोक कुमार एवं राजन बाबू की टीम द्वारा नगर के मुख्य मार्गो जीटी रोड, फर्रुखाबाद रोड, बाईपास, तिर्वा रोड पर सार्वजनिक खंभों, इमारतों आदि पर अवैध रूप से लगी होर्डिंग बैनर आदि हो हटाया गया।

# होमगार्ड ने भाजपा नेता को पीटा, भाजपाइयों ने घेरा थाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मामूली बात पर होमगार्ड ने भाजपा नेता की कोतवाली के अंदर थप्पड़ों से पिटाई कर दी। पिटाई से गुस्साये भाजयुमो के पदाधिकारियों ने थाने का घेराव किया और होमगार्ड के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

जानकारी के अनुसार रविवार को नगर युवा मोर्चा के महामंत्री अम्बुज गंगवार उर्फ छोटू पुत्र निर्दोष कुमार गंगवार निवासी मोहल्ला छपट्टी करीब 10:30 बजे क्रॉसिंग के पार जा रहे थे। उस समय क्रॉसिंग बंद थी। वहां पर बाइक पर पहले से ही प्रेमचंद्र


कोतवाल से वार्ता करते भाजपा नेता

यादव होमगार्ड पुत्र नामालूम निवासी ग्राम नामालूम अपने दो साथियों के साथ मौजूद थे। बाइक टेढ़ी खड़ी हुई थी। जिस पर पीड़ित ने कहा कि अपनी बाइक को सीधा कर लो, तभी प्रेमचंद्र अपना आपा खो बैठा और आगबबूला होकर गाली-गलौज करने लगा तथा कहा कि मुझको नहीं जानता मैं कोतवाली में होमगार्ड हूँ।

क्रॉसिंग खुलने के बाद पीड़ित वापस इसकी शिकायत लेकर कोतवाली आया, तभी पीछे से होमगार्ड थाने के अंदर गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। तब पीड़ित ने विरोध करते हुए कहा कि हमें बिना गलती क्यों मार रहो हो, तब होमगार्ड कहने लगा कि तुम भाजपा के नेता हो इसलिए तुम्हें मार रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर तुमने जरा भी नेतागीरी की, तो तुम्हें तुम्हारे घर में घुसकर मार डालेंगे और फर्जी मुकदमे में फंसा देंगे और कोतवाली से भगा दिया। घटना की जानकारी होने पर घटना की सूचना पदाधिकारियों को दी। जिस परल युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने पहुंचकर थाने का घेराव किया और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाये।

इस दौरान पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, पूर्व पालिकाध्यक्ष समेत कई नेता थाने पहुंचे और पुलिस से वार्ता की। कोतवाली प्रभारी ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# बस स्टैण्ड पर घूमते मिले मदरसा के छात्र, परिजनों के सुपुर्द

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदरसा से भागकर आये दो बच्चे रोडवेज बस स्टैण्ड पर घूमते मिले। जिन्हें कादरीगेट थाने पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कायमगंज स्थित एक मदरसा से छात्र फैजान पुत्र अबरार, उमेर पुत्र शफीक निवासीगण लालपुर्वा थाना पिहानी हरदोई भाग आये। जो फर्रुखाबाद रोडवेज बस अड्डे पर घूम रहे थे। जिन्हें कुछ लोगों ने देखा और उनसे पूछताछ की।

बाद में दोनों बच्चों को कादरीगेट थाने पहुंचाया गया। जहां पुलिस ने दोनों बच्चों से पूछताछ की। पुलिस ने भी अपनी तरफ से इधर उधर फोन


कादरीगेट थाने में मौजूद बच्चे

कर बच्चों के बारे में जानकारी जुटायी। तब कहीं जाकर हरदोई पुलिस से संपर्क कर बच्चों के परिजनों को सूचना भिजवायी गयी। सूचना पर रविवार सुबह थाना कादरीगेट पहुंचे परिजनों से पूछताछ के बाद बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह, हेड कांस्टेबिल सुरेन्द्र कुमार, कांस्टेबिल राहुल आदि मौजूद रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग से टेंपो टकराकर पलटा चालक सहित सवरियां घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार सुबह लगभग 9:00 बजे कमालगंज से फतेहगढ़ जा रहा टेंपो चालक की लापरवाही से पलट गया। टेंपो में चालक के साथ बैठे कैफ निवासी समधन ने बताया टेंपो में आधा दर्जन सवारियां बैठी थीं।

बताते चलें कि चालक ने टेंपो चलाते हुए झुककर टेंपो में लगी डेग गाना बजाने के लिए तार लगाए। तार लगाने में उसके हाथ में पहना हुआ कड़ा टेंपो के हैंडल में फंस गया। जिससे टेंपो अनियंत्रित हो गया एवं नगला दाऊद नवीन मंडी के सामने रेलवे क्रॉसिंग के पास लगे खंभे में जा टकराया। जिससे टेंपो पलट गया। पलटने से सभी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।


सीएचसी में भर्ती घायल

नवीन मंडी सामने होने के कारण लोग दौड़ पड़े एवं टेंपो को सीधा करके ड्राइवर और सवारियों को बाहर निकाल घायल कैफ ने बताया मेरी बहन एवं उसकी दो वर्षीय बेटी भी घायल है। वहीं चालक निखिल पुत्र मलखान निवासी कमालगंज घायल हो गया। उसके साथ राम कुंडली पत्नी आदेश ग्राम चाचीपुर थाना कमालगंज घायल हो गए। सूचना पर 108 एंबुलेंस से सीएचसी कमालगंज सभी घायलों को लाया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल राम कुंडली एवं टेंपो चालक निखिल को डॉ0 मान सिंह वर्मा द्वारा लोहिया रेफर कर दिया गया।

# लोहिया से प्राइवेट अस्पतालों में भेजे जा रहे मरीज

- शनिवार को लोहिया से निजी एंबुलेंस मरीज को लेकर लेकर पहुंची प्राइवेट अस्पताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीएमएस की सांठगांठ से लोहिया अस्पताल से प्राइवेट अस्पतालों में मरीज रेफर किये जा रहे हैं। जिससे प्राइवेट अस्पतालों से मोटा कमीशन सीएमएस को मिल रहा है। ऐसा ही नजारा शनिवार को देखने को मिला जब लोहिया अस्पताल से एक मरीज को पास ही स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में निजी एंबूलेंस से भेजा गया। इससे लोहिया अस्पताल के सीएमएस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जब से लोहिया अस्पताल में सीएमएस अशोक प्रियदर्शी की तैनाती हुई है, तब से लोहिया अस्पताल में आये दिन कोई न कोई ऐसी घटना देखने को मिल रही है, जो सीएमएस की भ्रष्टाचारी नीति को उजागर कर रही है। ऐसा ही नजारा शनिवार को उस समय देखने को मिला। जब एक मरीज को लोहिया अस्पताल के सामने ही स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

लोहिया अस्पताल के गेट पर एक प्राइवेंट एंबूलेंस आयी और मरीज को ले गयी। बताते चलें कि शनिवार को थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम जैनापुर निवासी राजकुमार 45 वर्ष पुत्र वीरेंद्र सिंह को उसकी पत्नी स्वेता ने किसी बात को लेकर जमकर लाठी-डंडों से पीटा। जिससे वह लहूलुहान होकर मरणासन की स्थिति में पहुंच गये थे। गम्भीर रुप से घायल राजकुमार को डॉ0 राम मनोहर लोहिया


लोहिया अस्पताल से मरीज को लेकर जाती प्राइवेट एंबुलेंस

अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज उसे प्राइवेट अस्पताल भेज दिया गया। यह घटना कई सवाल खड़े कर रही है। साथ ही सीएमएस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा रही है। लोहिया अस्पताल में आये दिन कोई न कोई ऐसी घटना देखने को मिल रही है। जो लोहिया अस्पताल की अव्यवस्थाओं की पोल खोल रही है। हालांकि बीते दिन आकांक्षा समिति की सदस्यों ने लोहिया अस्पताल का निरीक्षण किया था, तब भी उनको काफी अव्यवस्थायें मिली थीं। हालांकि सीएमएस मौके पर मौजूद नहीं मिले थे।

इसके अलावा एक पखवारा पूर्व जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति स्ट्रेचर खींचते मिला था, तब डीएम ने सीएमएस को कड़ी फटकार लगायी थी और स्ट्रेचरों की सूची भी मांगी थी। इसके बावजूद सीएमएस की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो रहा है। सीएमएस की भ्रष्टाचारी नीति के चलते लोहिया अस्पताल के मरीज तथा तीमारदार काफी परेशान हैं। मरीजों को मिलने वाला नाश्ता व भोजन मीनू के अनुसार नहीं मिल रहा है। ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारु है। वह सीएमएस की कठपुतली बना हुआ है।

# ध्यान एवं शांतिपाठ के साथ नक्सबंदियों का सालाना जलसा सम्पन्न


आशीर्वाद लेकर विदा होते श्रद्धालु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आंतरिक अभ्यास एवं शांतिपाठ के साथ सूफी संत महात्मा रामचंद्र के अनुयायियों का तीन दिवसीय सालाना जलसा रविवार को सम्पन्न होगा। श्रद्धालुओं ने विदा होते समय महात्मा रामचंद्र की पौत्र वधू माधुरी सक्सेना एवं प्रपौत्र सूफी सन्त विनय सक्सेना से आशीर्वाद लिया तथा अगले वर्ष भंडारे में आने का संकल्प लिया। तीन दिवसीय सौ वें जलसे में प्रातः आंतरिक अभ्यास एवं शांतिपाठ में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

महात्मा जी की पौत्र वधू माधुरी सक्सेना एवं प्रपौत्र विनय सक्सेना से सूफी रीतिरिवाज से उनका आशीर्वाद लेकर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण विदाई ली। विदाई के वक्त श्रद्धालु राजीव भगौलीवाल ने महात्मा जी की शान में पढ़ा-तेरे दामने करम का जिसे मिल गया सहारा, हर एक मौज तूफा खुद बन गयी किनारा।

### श्रद्धा और विश्वास से लोग खिंचे चले आते हैं जलसे में

महात्मा रामचंद्र जी के अनुयायियों का विश्वास है कि समाधि पर पहुंचते ही रुहानी ताकत एवं शांति का संचार होता है। परिवारों में पीढ़ियों से रामचंद्र जी के मिशन में श्रद्धा और विश्वास कायम है। जो उन्हें यहां खींच लाता है। दिल्ली से नवनीत गोयल यहां २० वर्षों से माथा टेंकने आ रहे हैं। उनका माता पिता भी लालाजी महाराज के मिशन से जुड़े रहे। लखनऊ के सुरेश चौहान भी बचपन से समाधि से जुड़े हैं और निरंतर खिराजे अकीदत पेश करने आते रहते हैं। उनका कहना है कि महात्मा जी का स्मरण करने से बिगड़े काम बनते हैं। ग्वालियर के राजकुमार श्रीवास्तव एवं शाहजहांपुर के नृपेश गुप्ता पिछले १५ वर्षों से रामचंद्र के जलसे में शिरकत करने आ रहे हैं। उनका कहना है कि समाधि पर पहुंचते ही शक्ति का ऐसा संचार होता है जिसे महसूस कर सकते हैं व्यक्त नहीं।

# घटिया निर्माण कार्यों को अनदेखा कर रहे आलाधिकारी

- चार वर्ष से नगर के एक मोहल्ले में कोई विकास कार्य नहीं
- नगरवासी चेयरमैन के भेदभावपूर्ण रवैये से खासे परेशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत में कमीशनखोरी की वजह से घटिया निर्माण कार्य बहुत हो रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत की मेहरबानी से नगर का एक मोहल्ला इन घटिया निर्माण कार्यो से भी वंचित है। जिससे लोगों में रोष है।

नगर में नगर पंचायत द्वारा काफी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिसमें नाला नाली, सड़क, आंगनवाड़ी आदि मानकविहीन कार्य किए जा रहे हैं। इतने घटिया निर्माण कार्यों को देखने अभी तक किसी भी उच्चाधिकारी ने जेहमत नहीं उठाई है। इसे क्या कहा जाए।

नगर में अफवाह है कि उच्चाधिकारियों को नगर पंचायत की तरफ से अच्छा खासा कमीशन जाता है। जिस कारण उच्चाधिकारी सब देखकर भी मौन हैं और उच्चाधिकारियों के मौन रहने से नगर में एकाएक घटिया सामग्री से निर्माण कार्य हो रहे है।

चाहे वह आंगनवाड़ी, स्कूल के अतिरिक्त कक्ष, नाला निर्माण में तो लेबर पुरानी ईटें भर देती है ऊपर से हल्का मसाला डाल देती है और नाला बनने के तुरंत बाद जब पानी उसमें


विकास की राह देख रही गली


जानकारी देते बालिस्टर व साधू

छोड़ा जाता है चारों तरफ पानी फैला दिखाई पड़ता है, जबकि हमारे संवाददाता ने लेबर की यह करतूत आंखों से देखी। अगर इसकी जांच की जाए तो आंखों से साफ देखा जा सकता है।

घटिया निर्माण कार्य का जीता जागता सबूत नगर के मोहल्ला नगला झब्बू सिंह के विद्यालय में बना अतिरिक्त कक्ष। जो कि पूर्ण होने से पहले ही घटिया सामग्री की वजह से चटक गया। अब अगर ऐसे कक्षों में नगर के नन्हे मुन्ने बच्चे पढ़ने जाएंगे और इस घटिया निर्माण कार्य की वजह से कोई अनहोनी हो गई तो कौन जिम्मेदार होगा, क्योंकि जिम्मेदारों की निगरानी में सारे घटिया निर्माण कार्य हो रहे हैं।

नगर के मोहल्ला बारग के निवासियों का कहना है कि नगर पंचायत को बने हुए लगभग 4 वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन नगर पंचायत की तरफ से इस मोहल्ले में अभी तक विकास कार्य के नाम से एक ईट तक नहीं लगाई गई है। लगभग 2 वर्ष पूर्व नगर पंचायत में चेयरमैन पद के चुनाव हुए थे। उसमें एक अध्यक्ष को चुना गया। फिर भी मोहल्ले में किसी भी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं कराया गया।

जब भी मोहल्लेवासी विकास की नगर पंचायत में कहते हैं तो उसे अनसुना कर दिया जाता है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि मोहल्ले में एक ही जाति के लोग रहते हैं। जिस कारण चेयरमैन इस मोहल्ले में कोई विकास कार्य नहीं कराना चाहते। मोहल्लेवासियों ने बताया कि चेयरमैन खुद नहीं चाहते कि इस मोहल्ले में कोई भी विकास हो। जिस कारण नगर पंचायत मोहल्ले में कोई विकास कार्य नहीं करती। मोहल्ले के निवासी बालिस्टर ने बताया कि वारिश के समय में मोहल्ले की सड़कों में काफी जलभराव हो जाता है जिस कारण बच्चे पढ़ाई से, बुजुर्ग दवाई से वंचित हो जाते है। चेयरमैन से मिलना चाहा तो वो हमें पहचानते ही नहीं है। पानी भरे सड़क से निकलने के कारण कई बार बच्चों और बुजुर्गो को चोट खानी पड़ी है। वहीं मोहल्ले के ही निवासी साधू सिंह का कहना है कि जब से चेयमैन बने हैं तब से उन्होंने इस तरफ देखना भी मुनासिब नहीं समझा। चेयरमैन जातिपांत व भेदवभाव करके इस मोहल्ले को विकास कार्यो से वांछित किए हुए हैं। चुनाव के समय वोट मांगने आए तो कई वादे किए,. लेकिन एक भी वादा नहीं निभाया। मोहल्ले की सड़कों में अभी भी जलभराव रहता है। बरसात के समय ने लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार कहने के बावजूद भी कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। दिखावे के तौर पर नगर पंचायत के कर्मचारी कई कई बार सड़क की नापखोज करके ले गए, लेकिन अभी तक कोई भी सड़क, नाली, गली, खड़ंजा आदि का कार्य नहीं कराया गया।

# एक्सरे रुम में लगा मिला ताला, मरीज परेशान


लोहिया अस्पताल में बंद एक्सरे कक्ष व बाहर मौजूद मरीज व तीमारदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के सबसे बड़े अस्पतालों में शुमार लोहिया अस्पताल का हाल बेहाल है। यहां आने वाले मरीजों को निराशा हाथ तब लगती है, जब उन्हें कह दिया जाता है कि आज एक्सरे मशीन खराब है, आज अल्ट्रासाउंड मशीन खराब है। जिससे मरीज इधर उधर भटकने के बाद वापस घर लौट जाते हैं। मरीजों का कहना है कि शासन भले ही गरीबों को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें देने का दम्भ भर रहा हो, लेकिन कर्मचारी जनता तक लाभ पहुंचने नहीं दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बीते दिन लोहिया अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। किसी के पेट में दर्द था, तो कोई उल्टी दस्त से पीड़ित दिखायी दिया। पेट दर्द से पीड़ित कई मरीज को एक्सरे कराने की सलाह दी गयी। जब मरीज एक्सरे कक्ष में पहुंचे, तो उन्हें कक्ष में ताला लटका मिला। जिस पर वह मायूस हो गये और टेक्नीशियन का इंतजार करने लगे। जब इंतजार की घड़ियां समाप्त हुईं, तो लोगों को में रोष व्याप्त हो गया।

लोगों का कहना था कि जब भी लोहिया अस्पताल आओ, तो अधिकांशतः उन्हें एक्सरे मशीन खराब ही मिलती है। इससे पहले अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने की बात कही गयी थी। राजेपुर के रहने वाले अरविन्द पाण्डेय का कहना है कि वह सुबह १० बजे आ गये थे। दोपहर तक इंतजार करने के बाद टेक्नीशिनय नहीं आये। तब वह नाराज होकर अपने घर चले गये। उनका कहना था कि सरकार को ऐसे अस्पतालों को बंद कर देना चाहिए। जो जनता को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें मुहैया न करा सकें।

### पुलिस ने दिया महिला का खोया हुआ बैग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को एक महिला आटो में बैठकर खुदागंज से कस्बा कमालगंज जा रही थी तथा कस्बा कमालगंज में आटो से उतर गयी थी और अपना बैग आटो में भूल गयी। कुछ देर बाद आटो चालक द्वारा थाना कमालगंज में सूचना दी गयी कि एक महिला का बैग उसके आटो में छूट गया है। सूचना पर थाना कमालगंज पुलिस द्वारा कस्बा कमालगंज में जाकर महिला को तलाश कर महिला का बैग जो आटो मे छूट गया है जिसमें कपड़े, पांच हजार रूपये, 01 सोने की चैन व 02 पायल चांदी की महिला को सुपुर्द किया गया। महिला द्वारा थाना कमालगंज पुलिस की इस कार्यवाही की प्रशंसा की गई।

# मानव शरीर भगवान की कृपा से प्राप्त होता है : चंद्रेश जी महाराज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** जैन श्वेतांबर मंदिर प्रांगण में तंत्र साधक ज्योतिषी श्रीमद भागवत एवं रामकथा वाचक गुरुदेव के द्वारा मानव कल्याणार्थ आध्यात्मिक प्रवचन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुदेव का सभी ने तिलक व फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद गुरुदेव ने प्रवचन दिए। इस दौरान अनेक नगरवासी मौजूद रहे।

नगर के जैन श्वेतांबर मंदिर में कानपुर के तंत्र साधक ज्योतिषी चंद्रेश जी महाराज के प्रवचनों का कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम ट्रस्ट के मंत्री पुखराज डागा ने नगरवासियों के साथ गुरुदेव महाराज का तिलक आरती कर फूल मालाओं से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। गुरुदेव ने कहा कि संसार में मानव जीवन प्राप्त कर किसी के काम न आए तो मानव जीवन बेकार है। मानव जीवन में धन, आयु, बल में बड़ा मानव बड़ा नहीं होता। बड़ा वही है जो ज्ञान में बड़ा है और ज्ञान बिना गुरु के नहीं मिला सकता। कल्पवृक्ष के नीचे खड़े होकर मांगने से तो स्वर्ग लोग की ही प्राप्ति हो सकती है, लेकिन गुरुकृपा से बैकुंठ की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया संसार में कुछ चाहते हो तो गुरु कृपा प्राप्त करके ही संभव है। गुरुदेव ने कहा ध्यान करने योग्य कोई


तंत्र साधक ज्योतिषी चंद्रेश जी महाराज का स्वागत करते पुखराज डागा व अन्य

वस्तु अगर है गुरु वचन, पूजा करने योग्य कोई वस्तु है तो है गुरु चरण, गुरु जी का वाक्य ही मंत्र है। गुरुदेव ने कहा कि अगर आपको धन मिल जाता है तो उसको धर्म में लगाना चाहिए। सुखी इंसान तब होगा जब आप परमात्मा के चरणों में अपना ध्यान लगाते हैं। मानव शरीर भगवान की कृपा से प्राप्त हुआ है। तिरासी लाख निन्यानबे हजार नौ सौ निन्यानबे योनियों के बाद मानव जीवन प्राप्त होता है। इसलिए हमें भगवान के चरणों में कुछ समय देना चाहिए। संसार में सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती इसी संसार में रहकर आप सुख की कल्पना करके सुखी रह सकते हैं। मानव शरीर प्राप्ति करने के बाद संसार में सुखी होने का एक ही साधन गुरु के द्वारा भगवान की प्राप्ति करना। उन्होंने कहा कि भवन कहते है कि जो मुझ पर विश्वास रखता है उनके नित्य की वस्तुओं की व्यवस्थाएं मैं करूंगा। जिस दिन आप भगवान की शरण में चले गए उस दिन से आपके सारे कष्ट का निवारण हो जाएगा। अगर अपने परमात्मा को सर्वस्व मान लिया है तो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है तो मैं प्राप्त कराकर उसको संरक्षित भी कर दूंगा। बनावटी संसार में भगवत प्राप्ति ही सब कुछ है। संसार के लोग धोखा दे सकते हैं लेकिन परमात्मा को अगर आपने सब कुछ मान लिया है तो वो आपको कभी धोखा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि भगवान कहते हैं कि बनावटी लोगों का त्याग करके सभी कार्य मेरे ऊपर सौंप दीजिए। मानव जीवन में दुख का कारण सभी पर विश्वास करना।

### चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस के शिथिल रवैये के चलते किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हो पा रहा है। जिससे लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज कस्बा स्थित मंझना रोड पर चौराहे के निकट लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर बीते सप्ताह आई आंधी में चोर खोल ले गए थे तथा उसका सारा तेल निकाल ले गए थे। जिसकी तहरीर एसडीओ मनीष वर्मा ने थाना पुलिस को दी थी। इसके बाद थाना पुलिस ने एक-दो दिन हाथ पैर मारे और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। बीते चार दिन पूर्व विजयनगर से सुभाष सक्सेना का दिनदहाड़े बकरा चोरी कर लिया था। जिस पर पीड़ित ने चोरी के दूसरे दिन थाना पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन थाना पुलिस की निष्क्रीयता के चलते किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हो रहा है, जबकि सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में कोई भी चोरी की घटना घटती है उसके लिए दलाल पहले से थाने में सक्रिय हो जाते हैं और लोगों को छुड़ाने में जुट जाते हैं। जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और वहीं ग्रामीण जनता में दहशत का माहौल व्याप्त होता जा रहा है, क्योंकि थाना पुलिस के द्वारा कोई भी किसी आरोपी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती है। इसलिए दबंग तथा अराजकतत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। जब चोरी के खुलासे की बात थाना पुलिस से की गई, तो उन्होंने बताया कि घटना में कार्य किया जा रहा है जल्द ही सफलता मिलेगी।

# तेहिं अवसर सुनि सिवधनु भंगा। आयउ भृगुकुल कमल पतंगा॥


**परशुराम जयंती पर विशेष**

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के छठवें रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम और शस्त्र और शास्त्र के समन्वयक का नाम है। उन्हें शस्त्र और शास्त्र में महारथ हासिल थी। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाकर पृथ्वी से आतताइयों का संहार किया था।


विनीत अग्निहोत्री

स्वामी रामानंद बालक/बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री ने बताया कि भगवान परशुराम को प्रकृति से प्रेम था। वह हमेशा नदियों का संचार एवं प्रकृति प्रेमी भी थे। अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाने वाले विश्व के प्रथम ऋषि थे। उन्होंने धरती पर अत्याचार करने वाले दुष्ट प्रवृत्ति के आताताइयों का संहार कर 21 बार पृथ्वी को गलत प्रवृत्ति के लोगों से मुक्त कराया।


संजय दुबे

उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक /समाजसेवी संजय दुबे ने बताया कि सृष्टि के पालन हार भगवान विष्णु का छठा अवतार परशुराम जी को माना गया है। उनका जन्म अक्षय तृतीय के प्रदोष काल में हुआ था। ब्राह्मण ऋषि जमदग्नि व रेणुका के पुत्र थे। इन्हें शंकर के परशु नाम का अस्त्र प्राप्त हुआ था। जिससे इनका नाम परशुराम पड़ा। परशुराम सम्पूर्ण हिन्दू समाज के गौरव है।


रीना दीक्षित

समाजसेवी व गृहणी रीना दीक्षित ने बताया कि भगवान परशुराम ने त्रेता व द्वापर युग में रामायण व महाभारत को अपनी आंखों से देखा और वह भगवान शिव के अन्नय भक्त थे। भगवान शिव ने प्रसन्न होकर अपना फरसा प्रदान किया था। भगवान परशुराम न्यायप्रिय थे। महाभारत में उनके शिष्यों द्रोणाचार्य व भीष्म व कर्ण ने अभूत पूर्ण कौशल का प्रदर्शन किया।

# वन नेशन वन इलेक्शन मुद्दे पर हर वर्ग के बीच चर्चा शुरू : डॉ. रजनी तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को बघार स्थित एक कालेज में एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर महिला संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 रजनी तिवारी ने भाग लिया।

डॉ0 रजनी तिवारी ने कहा भारत के लोकतंत्र के महत्वपूर्ण विषय पर यह चर्चा का अवसर है। 1950 में देश की आजादी के बाद एक साथ चुनाव हुए और यह सिलसिला 1967 तक चलता रहा, लेकिन तत्कालीन राजनीतिक दल की व्यक्तिगत लाभ के कारण एक साथ चुनाव का सिलसिला टूटा।



विचार व्यक्त करती मंत्री डॉ. रजनी तिवारी

2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार के अस्तित्व में आने के बाद इस पर एक बार फिर चर्चा होने लगी है। केंद्र की सरकार ने एक अच्छी पहल करते हुए राष्ट्र के आर्थिक संसाधनों प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं विकास की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे गंभीर विषय पर जन समर्थन हासिल करने का आवाह्न किया है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर हर वर्ग के बीच चर्चा शुरू हो गई है। भारत के 47 राजनीतिक दलों में 80 प्रतिशत दल इसके समर्थन की बात कर चुके हैं, लेकिन कुछ राजनीतिक दल स्वार्थवश इस मुद्दे को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होते हैं।

आचार संहिता लागू होने के साथ परिणाम तक सारे प्रशासनिक कार्य और विकास की योजनाएं प्रभावित हो जाती है, एक साथ चुनाव होने से भारत की आर्थिक व्यवस्था पर बोझ कम होगा। जिसके कारण विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

वन नेशन वन इलेक्शन बहुत जरूरी है। विधायक डॉ0 सुरभि ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच भारत के नवनिर्माण के लिए प्रेरित करती है। आपका एक वोट से एक नेता चुना जाता है एक सरकार चुनी जाती है, लेकिन आपके ही एक वोट से एक राष्ट्र एक नेता चुना जाता है तो एक साथ एक चुनाव क्यों नहीं हो सकते। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन जैसे गंभीर मुद्दे पर देश की जनता का भारी जन समर्थन मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच में यह भी एक महत्वपूर्ण बिंदु है, भारत कैसे प्रगति के रास्ते पर निरंतर तेजी के साथ आगे बढ़े केंद्र की सरकार ऐसी सभी समस्याएं हल कर रही है।

संचालन चित्रा अग्निहोत्री ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक, विद्यालय डायरेक्टर सुनीता यादव, प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर डा0 शैलेन्द्र यादव, डीएस राठौर, मीरा सिंह, रमला राठौर, मुकेश राठौर, स्वदेश त्रिवेदी, श्वेता दुबे, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवांग रस्तोगी, अभिषेक बाजपेई, अभिषेक बाथम, यश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों की जीत, बाहिदपुर में बन रहे टोल प्लाजा का स्थान बदला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पिछले 1 वर्ष से अधिक समय से एनएचएआई 730 सी पर बाहिदपुर में आबादी के मध्य एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा जबरदस्ती टोल प्लाजा का निर्माण किया जा रहा था। जिसकी आवाज भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने जोर-शोर से उठाई थी।

कई बार धरना प्रदर्शन भी हुआ और संगठन के उच्च पदाअधिकारी भी आए, परंतु एनएचएआई के लोग टोल प्लाजा को पीछे ले जाने के लिए राजी तो हुए थे, लेकिन ज्यादा दूर नहीं कर रहे थे। जिस पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसान लगातार संघर्षरत थे। जिसमें जिला प्रशासन ने भी कई बार रोड एवं परिवहन मंत्रालय को भी रिपोर्ट भेजी की टोल प्लाजा आबादी में बन रहा है। जिससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

बाद में समझौता हुआ। जिसमें बाहिदपुर के निवासियों के लिए टोल के दोनों तरफ 10-10 फुट की रोड छोड़ी गई, परंतु भाकियू टिकैत के किसानों ने अपना संघर्ष नहीं छोड़ा। जिससे हार कर एनएचएआई के निदेशक शुभम सिंह ने 19 अप्रैल को लेटर जारी किया, जिसमें उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा को एक किलोमीटर पीछे किया जा रहा है। जिसको लेकर बाहिदपुर के किसानों ने राहत की सांस ली है।

# नगर में अवैध रुप से लगे होर्डिंग हटाये गये




पोल से होर्डिंगों को हटाते पालिका के कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिना अनुमति से नगर में जगह-जगह लगाये गये होर्डिंग को अधिशासी अधिकारी के आदेश पर हटाया गया। नगर पालिका द्वारा अवैध होर्डिंगों को हटाया जा रहा है। शहर में विभिन्न मार्गों, पोल एवं प्रतिष्ठानों पर लगे होर्डिंगों को हटवाया गया। जगह-जगह लगी प्रचार सामग्री का हटाने का कार्य शुरु हो गया है। बिना परमीशन कोई भी होर्डिंग लगवाता है तो हटाया जायेगा और जब्त कर लिया जायेगा। रविवार को आवास विकास स्थित तिराहे पर विद्युत पोलों पर लगी अवैध होर्डिंग व कटआउटों को हटाया गया। शासन के निर्देशों का पालन करते हुए होर्डिंग, पोस्टर, बैनर को हटवाया जा रहा है। ऐसे में जो बिना परमीशन बड़ी होर्डिंग लगवायेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी और जुर्माना लगाने का प्रावधान है। रविवार को नगर पालिका की टीम ने कर्मचारियों के साथ विद्युत पोलों पर लगे अवैध होर्डिंगों को हटाया।

# राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर में जनपद से जायेंगे बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत स्काउट गाइड का राज्यपाल पुरस्कार का जांच शिविर 29 अप्रैल को इटावा में लगेगा। जनपद के जिन विद्यालयों के बच्चो ने राज्यपाल पुरस्कार के लिए आवेदन किया है वह अपने विद्यालय के स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन से संपर्क कर लॉग बुक तैयार कर ले। जिससे 29 अप्रैल को राज्पाल पुरस्कार जांच शिविर में प्रतिभाग कर सके, साथ ही में उनकी वर्दी पर दक्षता पदक व वर्दी सही होनी चाहिए। प्रतिभागता सूची में भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के 5 स्काउट्स, कन्हैयालाल रस्तोगी इंटर कॉलेज के 11 स्काउट्स, मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज के 9 गाइड, नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के 8 गाइड, फर्रुखाबाद सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज की 9 गाइड है। इन्हें सभी के राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर 29 अप्रैल को इटावा में पहुंचने के निर्देश दिये गये है। जनपद के इन विद्यालयों के स्काउट गाइड मास्टर अपने बच्चों की तैयारी पूर्ण कराकर प्रतिभाग कराये।

# सनातन संघर्ष सेवा समिति की बैठक में कई बिन्दुओं पर हुई चर्चा



बैठक में मौजूद संगठन के लोग

**▸ पश्चिम बंगाल में हो रहे हिन्दुओं पर हमले की करी निंदा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी स्थित एक प्रतिष्ठान पर सनातन संघर्ष सेवा समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा हुई। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। संगठन में तय किया गया। संघर्ष समिति का और विस्तार होगा। लोगों को जोड़ा जायेगा और सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरुक किया जायेगा। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा की गई और उपद्रवियों पर कार्यवाही की मांग की गई। शिवम दुबे ने कहा कि सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए हर ब्लाक स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त होंगे। इस मौके पर डा0 संजीव त्रिपाठी, अंकित दुबे, मलय कटियार, राजेश पाठक, रितिक कुशवाहा, राहुल उपाध्याय, अनूप गंगवार, योगेश गुप्ता, अनूप तिवारी, चन्द्रप्रकाश दुबे, मनीष मिश्रा, योगेन्द्र दुबे, किशन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी का जीवन उपकार भरा था : बीके सुधा बहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवारा जदीद अंगूरी बाग में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रतन मोहिनी दादी की स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन प्रबंधक राम अवतार कुशवाहा की अध्यक्षता में हुआ। इटावा से पधारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा बहन ने कहा की दादी का जीवन तपोमय दयामय पर उपकार परमार्थ हेतु हुआ है। उनके पद चिन्हों पर चलकर हम अपने जीवन को तपोनिष्ठ बनाए और दूसरों का भी मार्ग प्रशस्त करें, जिससे संसार की विकृतियां दूर हो और मनुष्य का जीवन सुखमय बने। बीके शोभा बहन ने दादी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा दादी हमारी मां के समान पालन करते थे, हमसे गलती हो जाने पर उसका सुधार करती थी, डांटती नहीं थी। दादी ने हम सब की बड़े प्रेम से पालन की। 101 वर्ष का जीवन पूर्ण कर परम तत्व को प्राप्त किया है। जिसको वीर्य



ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मौजूद अनुयायी

योगी ही प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञान योग में श्रेष्ठ थे, मेडिटेशन करना जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। राम अवतार कुशवाहा ने कहा दादी का जीवन तपस्वी का था। उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का हम सभी को प्रयास करना चाहिए, जिससे हमारा जीवन श्रेष्ठ बनेगा। प्रधानाचार्य सुआलाल मिश्र ने कहा ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय संसार में राम राज्य लाने का अथक प्रयास कर रहा है। जिसमें हमारी दादियों का मार्गदर्शन बहुत अधिक महत्वपूर्ण है, उनके बिना हमारा जीवन कुछ भी नहीं है। बीके सत्यनारायण ने कहा सब की भलाई करने का बस सेवा करने का लक्ष्य ही हम लोगों का जीवन है, सत्य की राह पर चलने वालों का जीवन कष्ट में हो सकता है, लेकिन दुखदाई नहीं, सत्य की नाव हिलेगी डुलेगी, लेकिन डूबेगी नहीं। माउंट आबू से आए अरविंद ने कहा सेवा करने से दुआएं मिलती हैं। सुकून मिलता है, शांति मिलती है, प्रेम मिलता है। इस मौके पर सुनील, रवि, अजय, संतोष, हुकुम सिंह, राजा, हेमचंद, एकता, आदि उपस्थित रहे।

# आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आत्मदाह का प्रयास कर जिला प्रशासन पर दबाव बनाने वाला पीड़ित खुद बन गया आरोपी, उसके द्वारा लगाये गये आरोपों पर जब एसडीएम द्वारा मौके पर जांच पड़ताल की तो पता चला कि तहसील दिवस में जो युवक आरोप लगा रहा था कि पड़ोसी ने दबंगई के बल पर आम रास्ता बंद कर दिया और शिकायत करने के बाद प्रशासन कोई मदद नहीं कर रहा है, वह सब बातें जांच में झूठी पायी गई। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने संदीप मिश्रा पुत्र स्व0 सतीश चन्द्र निवासी मिलिकिया मजरा सिंकदरपुर तिहैया थाना कम्पिल के विरुद्ध आत्महत्या का प्रयास आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।




**▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन पर दबाव बनाने का कर रहा था प्रयास**

**▸ एसडीएम की जांच में आरोपी द्वारा लगाये गये सभी आरोप पाये गये निराधार**

बताते चले कि शनिवार को सर्म्पूण समाधान दिवस में जब जिलाधिकारी लोगों की फरियाद सुन रहे थे, तभी संदीप मिश्रा पहुंचा और जोर जोर से बोलते हुए कहा की मेरे गांव में मेरे विपक्षी रामनिवास आदि ने रास्ते पर दिवार बना रहे है। आप लोग उस दिवार को तुरंत तुड़वाए जिसपर उस क्षेत्र से सम्बन्धित राज्सव निरीक्षक द्वारा मौके पर जाकर स्थति देखकर कार्यवाही करने हेतु बताया गया उक्त प्रकरण में पूर्व में भी मेरे द्वारा उक्त दिवार को रूकवाया जा चूका था। परन्तु समझाने/आश्वासन देने के बाबजूद संदीप उपरोक्त एकदम उत्तेजित होकर कहने लगा मैं जो कहूंगा वो आपको करना पड़ेगा और अभद्रता करते हुए बैग से एक प्लास्टिक की बोतल जिसमें तरल पदार्थ भरा था। का ढक्कन खोलकर अपने सिर पर डाल लिया और अपने लोवर की दाहिनी जेब से माचिस निकालकर आग लगाने का प्रयास किया तथा चिल्ला चिल्लाकर कहने लगा कि कोई भी व्यक्ति मुझे पकड़ने व बचाने का प्रयास किया तो उसको भी जान से मार दूंगा। जिससे मौके पर मौजूद पुलिस व राजस्व कर्मचारीगण की सहायता से पकड़ पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया।

उच्चाधिकारियों के आदेश पर आरोपों की जांच कायमगंज उपजिलाधिकारी ने की तो झूठे पाये गये। सुनील कुमार राजस्व लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने धारा 226, 287, 251(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

### अभिव्यक्ति की नई पहल

# लघु काव्य गोष्ठियों की श्रृंखला का आगाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति ने नई पहल करते हुए साहित्यक जागरण बनाये रखने और नये रचनाकारों की रचनाओं की परख, समीक्षा और उनके प्रोत्साहन के लिए लघु गोष्ठियों के क्रम की शुरुआत की। जिसके तहत संस्था के संरक्षक वरिष्ठ ग़ज़लकार नलिन श्रीवास्तव के निवास पर उनकी अध्यक्षता व उनके ही संचालन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कहा गया कि संस्था को बराबर सक्रिय का प्रयास किया जाएगा। जिसमें सभी का सहयोग आपेक्षित है। संस्था के संस्थापक स्व0 पं सत्यदेव आजाद ने जिस उद्देश्य को लेकर तीन दशक पहले संस्था की स्थापना की थी, उन उद्देश्यों को पूरा करने और नयी प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जाएगा। हर दूसरे माह आत्मीय गोष्ठी आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया। बैठक में कहां गया कि छोटी-छोटी बोलो से व्यक्ति सीखता है, बड़े कार्यक्रम के लिए छोटी गोष्ठियां नींव के पत्थर का काम करती हैं। बैठक के बाद हुई काव्यगोष्ठी में युवा कवि विशाल श्रीवास्तव, गीतकार दिनेश अवस्थी, उपकार मणि उपकार, चिकित्सक एवं साहित्यकार डा0 राजीव गुप्ता, वरिष्ठ ग़ज़लकार नलिन श्रीवास्तव ने काव्यपाठ पाठ किया। उपकार मणि उपकार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अम्बेडकर जयंती ही बहुजनों का सबसे बड़ा त्यौहार : एसएन चक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी खटिक विकास समिति के तत्वावधान में खटिक समाज ने बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया और यह तय किया कि अब डॉ0 अम्बेडकर जयंती को खटिक समाज हमेशा अपने सबसे बड़े त्योहार के रूप में मनायेगा। एक गेस्ट हाउस में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। जय भीम, बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाये गये।

संविधान उठाकर खड़े होकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया गया। पूर्व पुलिस महानिदेशक एसएन चक ने कहा कि बाबा साहब ने बड़ा संघर्ष करके दलितों को हज़ारों वर्षों के छुआछूत, शोषण, अत्याचार से आजादी दिलाई।

पूना पैक्ट द्वारा सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिलाया और राजनीति में स्थान बनाने हेतु भी सीटों पर आरक्षण दिलाया। जिसके कारण दलित चपरासी से लेकर आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर,



कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग

वकील, आरक्षित सीटों पर विधायक, सांसद बन सकें। दलितों की सामाजिक, आर्थिक दशा में सुधार आया, लेकिन ये दलित शराब में और एशोआराम में डूब गए। डॉ0 अम्बेडकर के संघर्षों को भूल गये। सत्ता में आकर ही हम अपने संविधान को बचा पायेंगे। संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री सुशील चक, डा0 अशोक तामरे, प्रतिमा, ओमप्रताप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रपाल सोनकर, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकिशोर चक, प्रतिभा, सपना, प्रवीण करोसिया, डॉ0 अजय नागर, वेद प्रकाश, तीरज, राधेश्याम बरेली, आनंद बाबू ने भी अपने विचार रखे।

संचालन जनकराम ने किया एवं अध्यक्षता रामनाथ बघेला ने की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार चक, पप्पू फोरमैन, वेद प्रकाश, राकेश, दिनेश, जीत कुमार जीतू, नीलेश, रिन्काच्य, धनसिंह, बंगाली बाबू, अजय शटर वाले आदि मौजूद रहे।

# विश्व बंधु परिषद ने बाल्मीकि समाज के बच्चों का किया अभिनंदन



बच्चों को सम्मानित करते विश्व बंधु परिषद के कार्यकर्ता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत विश्व बंधु परिषद द्वारा मोहल्ला सधवाड़ा में महादलित एवं बाल्मीकि समाज के बच्चों का अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में अन्नू, डॉली, अमन एवं आर्यन आदि स्कूली छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त सुविधा एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद बाल्मीकि समाज आज भी अशिक्षित, बेरोजगार गरीब हैं और सामाजिक उपेक्षा का शिकार हैं। ऐसे में सारी प्रगति बेमानी सिद्ध हो जाती है। आचार्य शिवकांत शुक्ला एवं पूर्व प्रधानाचार्य अहिबरन सिंह गौर ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े इस तबके के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही इन्हें राष्ट्र की प्रमुख धारा में जोड़ने के प्रयास होने चाहिए। वीएस तिवारी एवं जे0पी0 दुबे ने कहा कि बाल्मीकि समाज सनातन धर्म समाज का आधार है। जिसके कारण आज भी भारतीय सभ्यता संस्कृति जिंदा है। इसलिए सरकारों एवं समाजसेवी संगठनों को इस समुदाय की सहायता करनी चाहिए। जिससे कि वह अपनी तबाही से बाहर आ सकें। जगमोहन गौतम कमालगंज ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने शोषित जातियों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया इसके परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। अनुपम मिश्रा ने कहा कि सुविधाओं ने कर दिया कुछ को श्री संपन्न, महादलित वंचित रहे शोषित और विपन्न।। शिवकुमार दुबे ने कहा कि सदा सनातन धर्म के यही रहे आधार, सुविधा दो सम्मान दो गले लगा दो प्यार।।

# 30 अप्रैल को नगर में निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा



जन सम्पर्क करते लोग

**▸ गंगा नगर कालोनी में किया गया जनसम्पर्क**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

30 अप्रैल को होने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा के लिए रविवार को गंगा नगर कालोनी में जन सम्पर्क किया गया।

हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के नेतृत्व में गंगा नगर कालोनी में जन सम्पर्क के दौरान घर-घर आमंत्रण कार्ड बांटे गये। हर साल की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम की शोभायात्रा भव्य रुप से नगर में निकाली जायेगी। ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा 30 अप्रैल बुधवार को शाम 5 बजे पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर रेलवे रोड चौक होते हुए शहर के मुख्य मार्ग पर निकाली जायेगी, जिसमें भगवान परशुराम की झांकी होगी। मुख्य मार्ग को केसरिया ध्वज लगाकर सजाया जायेगा। जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा होगी। जन प्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग शोभायात्रा में शामिल होंगे।

जनसंपर्क के दौरान आशीष मिश्रा, आदित्य दीक्षित, सौरभ मिश्रा, क्रांति पाठक, अजय दुबे, विनीत दीक्षित, शिवम मिश्रा, शिवा त्रिवेदी, शिवम् मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# राजपूत करणी सेना ने संगठन का किया विस्तार, बनाये एक दर्जन पदाधिकारी



बैठक में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने रविवार को संगठन का विस्तार किया। कादरी गेट स्थित जिला कार्यालय पर संगठन की बैठक कर एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी को नियुक्त पत्र वितरित किए गए। नगर अध्यक्ष से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष तक की नियुक्ति हुई। जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने संगठन का विस्तार करते हुए क्षत्रियों की आवाज को बुलंद किया। करणी सेना हमेशा आगे रही है, चाहें वह कोई भी कार्यक्रम रहा हो।

चाहे वह राणा सांगा विवाद हो, चाहे पद्मावती विवाद हो करणी सेना ने हमेशा समाज के लिए अग्रणी भूमिका निभाई है। रामजीलाल सुमन विवाद पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनका डीएनए भारतीय नहीं है। जो देश के महापुरुषों का सम्मान नहीं कर सकता वह देश का कैसे हो सकता है। जिला महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि युवाओं को शिक्षा रोजगार व्यापार में भी अग्रणी भूमिका में रहना चाहिए। युवाओं को अपने समाज के इतिहास और महापुरुषों के बारे में अवश्य जानना चाहिए। युवा जिलाध्यक्ष जानू ठाकुर ने विचार रखे। मंथन ठाकुर ने जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष कमालगंज अनुज गहरवार और नगर अध्यक्ष मोहम्मदाबाद रूद्र प्रताप सिंह को बनाया गया। शिवम् सिंह और सत्यभान सिंह को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई। शेखर सिंह को युवा ब्लॉक महासचिव राजेपुर, सूरज सिंह युवा ब्लॉक सचिव राजेपुर, संजीव चौहान को युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेपुर की जिम्मेदारी दी गई। युवा नगर अध्यक्ष फर्रुखाबाद भूपेंद्र प्रताप सिंह को युवा नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। शिवाय राठौर को युवा नगर उपाध्यक्ष, आशुतोष राठौर को युवा नगर महासचिव, शिवाय चौहान को युवा नगर सचिव बनाया गया। युवा जिला उपाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह सिसोदिया बनाए गए। युवा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मदाबाद शिवम् सिंह सिसोदिया को बनाया गया। संचालन युवा साहित्यकार वैभव सोमवंशी ने किया।

# अश्लील वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी के मामले में दी तहरीर

**पुलिस ने दो युवकों को उठाया, एटा की रहने वाली है पीड़ित महिला**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एटा जिले से चलकर आई महिला ने थाने में अश्लीलता ने तथा ब्लैकमेल करने के मामले में युवक के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने दो युवकों को उठाया है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना में जनपद एटा के थाना सकीट के गांव बक्शीपुर निवासी शिवानी कुमारी पत्नी रघुवीर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के दो युवक जो कि ट्रक ड्राइवर हैं वह लोग रोजाना फोन कर मुझे अश्लील वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी लगातार दे रहे हैं। तब वह थाने आई और थाना पुलिस को एक गांव निवासी दो युवकों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने दोनों युवकों को गांव जाकर उठा लिया और थाने लाकर बैठा लिया। पीड़ित महिला भी थाने में बैठी थी और आरोपी युवक भी थाने में बैठे थे। जिनकी थाना पुलिस से लगातार सिफारिश की गुहार चल रही थी, लेकिन हल्का के दरोगा गिरीश चंद्र ने बताया कि जब थाना अध्यक्ष आ जाएंगे तब मामले का निर्णय किया जाएगा तथा आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

# मांगों को लेकर विद्युत संविदा कर्मियों ने की विरोध सभा



विरोध सभा करते विद्युत संविदा कर्मी

**▸ 1 मई को आगरा के एमडी कार्यालय पर होगा प्रदर्शन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपनी मांगों को लेकर विद्युत विभाग के संविदा कर्मी लम्बे समय से विरोध प्रदर्शन करते चले आ रहे है। इसी क्रम में रविवार को अपनी मांगे मनमाने के लिए 2 घंटे की विरोध सभा की गई। इस दौरान संगठन के महामंत्री विष्णु सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम अपनी मांगे मनवा कर रहेंगे, जो भी हमारी मांगे है वह जायज है। हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। अभी तो दो घंटे की विरोध सभा कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को अगाह कर रहे है कि वह होश में आ जाये और जो भी हमारी मांग है उसे पूरा करें। भोलेपुर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर के बाहर दो घंटे की सभा कर संगठन से जुड़े लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। संगठन की मुख्य मांग है कि विद्युत विभाग द्वारा जो कर्मचारियों की छटनी की जा रही है उसे तुरन्त रोक दिया जाये, अन्य मांगें शामिल है। संगठन ने आवाह्न किया है कि 1 मई को आगरा स्थित एमडी कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। दो घंटे की विरोध सभा में मुख्य रुप से उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संगठन मंत्री आर्यन सिंह, कार्यालय मंत्री वेदकांत, संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला की लूटी चेन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बच्चे की दवा लेने जा रही महिला की गले से बाइक सवार बदमाशों ने चेन तोड़ ली। इस दौरान पीड़िता के साथ परिवार के सदस्य ने चेन तोड़कर भाग रहे बाइक बदमाशों की बाइक का नंबर देख लिया और थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। थाना मऊदरवाजा के ग्राम पूरन नगला निवासी अनुपम यादव पुत्री राजेंद्र सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह रविवार 20 अप्रैल को अपने सात माह के बच्चे की दवा लेने के लिए फर्रुखाबाद स्थित एक चिकित्सक के यहां अपने भतीजे हर्ष यादव पुत्र मनोज कुमार के साथ बाइक से जा रही थी। हथियापुर पहुंची, तभी पीछे से सफेद कलर की अपाचे मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार थे, जो पीछा कर रहे थे। शक होने पर मेरे भतीजे ने बाइक का नंबर यूपी 82एबी/3316 लिखा था, उसे नोट कर लिया। जैसे ही कायमगंज बाईपास स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे हैं बाइक सवार ने गर्दन पर छप्पट्टा मारकर मेरी सोने की चेन तोड़ ली। मैंने पकड़ लिया, जिससे लॉकेट मेरे हाथ में रह गया और वह लोग चेन छीन कर जसमई की ओर भाग गए। पीछा करने पर आरोपी बजरिया की तरफ भाग गये। मेरा बच्चा बीमार था इसलिए पहले उसे इलाज के लिए ले गई, दवा दिलाने के बाद पूरी घटना की जानकारी पुलिस की दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का किया अनावरण

# स्वच्छता ही सेवा को डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने दिया मूर्त रूप

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ के सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता ही सेवा के विचार को मूर्त रूप देने का काम डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने किया। डा. पाठक की स्थापित संस्था सुलभ इंटरनेशनल ने न केवल लाखों लोगों को स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए सम्मानजनक जीवन की राह भी खोली।

राजनाथ सिंह ने कहा कि डॉ. बिंदेश्वर पाठक केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक आन्दोलन थे। वे दूरदर्शी सामाजिक उद्यमी थे। जिन्होंने भारत के स्वच्छता परिदृश्य को नई दिशा दी। उन्होंने यह साबित किया कि यदि सेवा का भाव सच्चा हो तो समाज में गहराई तक बदलाव लाया जा सकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि डॉ. बिंदेश्वर पाठक खुले में शौचालय की जीवनशैली के विरुद्ध थे। सामुदायिक शौचालयों का निर्माण यह सामाजिक क्रान्ति थी। वह एक सामाजिक आन्दोलन की शुरूआत कर एक अमानवीय प्रथा से लोगों को निजात दिलाने का काम किया। गांधी का नाम बहुल लोग लेते हैं, लेकिन महात्मा गांधी के बताये रास्ते पर चलने वाले बिरले लोग ही मिलेंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाठक ने समाज में बदलाव और लोगों की सोच बदलने का काम किया। सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए सुलभ इंटरनेशनल का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से शौचालय की बात कर सुलभ इंटरनेशनल को मान्यता देने का काम किया। स्वच्छ भारत मिशन के शुरू होने के बाद 95 फीसदी से अधिक गांव ओडीएफ प्लस घोषित हो गए हैं। इसमें बिंदेश्वर पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम के बाद राजनाथ सिंह लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल से मिलने उनके आवास पहुंचे। शनिवार को एक कार्यक्रम में महापौर के पैर में मोच आ गयी थी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, विधायक डॉ. नीरज बोरा, नित्या पाठक, पंकज जैन व फतेह बहादुर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मांगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**लखनऊ।** देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से व्यापारियों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। व्यापारी नेता अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, प्रभु जालान, अमित तलवार, श्याम कृष्णानी, पुनीतलाल चंदानी, सुशील गुरनानी आदि ने अपने सांसद को लखनऊ में आये दिन होने वाली विद्युत कटौती की जानकारी दी। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

व्यापारी श्याम कृष्णानी, पुनीतलाल चंदानी, सुशील गुरनानी ने बताया कि व्यापारियों ने अपने लोकप्रिय सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा है। इसमें मुख्य रूप से आयेदिन होने वाली विद्युत कटौती को रुकवाने के लिए अपने सांसद से कहा गया है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से हम लोगों को विद्युत कटौती की समस्या को लेकर आश्वस्त किया गया है। शहर के प्रमुख बाजारों में अग्निशमन वाहन, स्वच्छ पेयजल के लिए फायर सर्विस विभाग एवं नगर निगम को निर्देशित करने के लिए भी व्यापारियों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से चर्चा की।

वहीं एक बार फिर से व्यापारी नेता अशोक मोतियानी ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का मुद्दा भी उठाया, जिसमें अशोक मोतियानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड भंग है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को शीघ्र फैसला करना चाहिए।

## ट्रस्टियों पर 20 साल से किराया जमा नहीं कराने पर केस, पांच गिरफ्तार

एजेंसी

**100 करोड़ रुपये की सम्पत्ति के निजी उपयोग का आरोप**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के जमालपुर क्षेत्र के कांच की मस्जिद और शाह बड़ा कासम ट्रस्ट में कथित ट्रस्टियों ने अवैध निर्माण कर करीब 20 साल तक किराया वसूली की। यह राशि वक्फ बोर्ड में जमा नहीं कराने के आरोप में पुलिस ने सलीम खान समेत 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने वक्फ बोर्ड और अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (एएमसी) की ओर से दी गई जमीन पर अवैध दुकान और मकान बनाकर लाखों रुपये किराए के तौर पर वसूले। प्राथमिकी के अनुसार पांचों आरोपित वक्फ बोर्ड के ट्रस्टी नहीं होने के बावजूद लोगों से किराया वसूला करते थे।

जानकारी के अनुसार जमालपुर कांच की मस्जिद के पास रहने वाला मोहम्मद रफीक अंसारी ने गायकवाड हवेली स्थित पुलिस थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार शिकायतकर्ता मोहम्मद रफीक अंसारी ने बताया कि वह वर्षों से कांच की मस्जिद ट्रस्ट की सम्पत्ति में रहता है। ट्रस्ट के सभी पुराने ट्रस्टियों की मौत हो चुकी है। मस्जिद ट्रस्ट में मस्जिद से सटी जमीन का प्लॉट है। वर्षों पहले इस जमीन को ट्रस्टियों ने एएमसी को सौंपी थी। एएमसी को इस जमीन पर स्कूल बनाना था। वर्ष 2001 में भूकंप के समय स्कूल का भवन जर्जर हो गया था। इसका गलत लाभ लेते हुए वर्ष 2009 में कथित ट्रस्टियों ने स्कूल का भवन तोड़कर वहां दूसरा उर्दू स्कूल नहीं बनाया। इस जगह पर 10 दुकानें बना दी गई। सलीम खान ने सौदागर कंस्ट्रक्शन नाम से ऑफिस खोला और अन्य 9 दुकानों को किराये पर दे दिया। दुकानों से किराए के रूप में जो आवक हुई उसे ना तो ट्रस्ट के अकाउंट में जमा कराया गया।

## हज यात्रियों की उड़ानों का सिलसिला 29 से शुरू, प्रशिक्षण व टीकाकरण आज व कल

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** हज यात्रा 2025 की तैयारियां तेज हो गई हैं। हज यात्रियों की उड़ानों का सिलसिला 29 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। उप्र के हज यात्रियों की पहली फ्लाइट चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से उड़ेगी। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को 48 घंटे पहले राज्य हज कमेटी सरोजनीनगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में आमद दर्ज करवानी होगी।

पहली फ्लाइट के हाजियों को 27 अप्रैल को सरोजनीनगर स्थित हज हाउस पहुंचना अनिवार्य होगा। हज प्रशिक्षण व टीकाकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस बार गोरखपुर से तकरीबन 114 यात्री सऊदी अरब में पवित्र हज अदा करेंगे। खादिमुल हुज्जाज कमेटी की ओर से मुस्लिम मुसाफिर खाना, रेलवे स्टेशन रोड में रविवार 20 अप्रैल व सोमवार 21 अप्रैल को सुबह नौ से शाम चार बजे तक हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया या जाएगा। वहीं जिला चिकित्सा विभाग द्वारा हज यात्रियों का टीकाकरण किया जाएगा।

दावते इस्लामी इंडिया की ओर से हज यात्रियों के लिए गाजी रौजा स्थित आइडियल मैरज हाउस में बुधवार 23 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। आधुनिक तकनीक व थ्रीडी एनिमेशन के जरिए हज प्रशिक्षक हाजी मो. आजम अत्तारी हज यात्रियों को हज के दौरान अदा किए जाने वाले अरकानों के बारे में विस्तार से बतायेंगे।

इस्लामी बहनों के लिए पर्दे का खास इंतजाम रहेगा। महिलाओं के मसाइल पर भी चर्चा की जाएगी। सवाल जवाब का भी सत्र चलेगा। हज गाइड पुस्तक सभी हज यात्रियों को मुफ्त दी जाएगी।

### नेपाल में आरपीपी नेताओं का प्रदर्शन शांतिपूर्ण, सभी बड़े नेताओं ने दी गिरफ्तारी

**काठमांडू।** राजशाही के पक्ष में संघर्ष कर रही राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने रविवार को अपने गिरफ्तार नेताओं की रिहाई की मांग करते हुए गिरफ्तारी देकर विरोध प्रदर्शन किया है। आरपीपी नेताओं और समर्थकों ने आज बनेश्वर एरिया में संसद भवन के निषेधित क्षेत्र में एकत्र हुए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच गिरफ्तारी के लिए इकठ्ठा हुए सैकड़ों की संख्या में आरपीपी समर्थकों के अलावा पुलिस ने पार्टी के सभी बड़े नेताओं को भी नियंत्रण में लिया है। आज के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पार्टी के संसदीय दल कार्यालय में इकट्ठा हुए आरपीपी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन सहित करीब आधा दर्जन सांसदों को पुलिस ने घेर कर रखा। बाद में प्रदर्शन के लिए जैसे ही बाहर निकले, वैसे ही सुरक्षाबलों इन सभी सांसदों को अपने नियंत्रण में ले लिया।

## डीएम ने खनन पट्टों व भण्डारण की जांच के लिए गठित की टीम

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** विंध्याचल मण्डल के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी के निर्देश पर डीएम प्रियंका निरंजन नेखनन व्यवसायी व अहरौरा पालिका के पूर्व अध्यक्ष गुलाब दास मौर्य के खनन पट्टों और निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी भण्डारण के मामले की जांचके लिए चार सदस्यीय टीम गठित किया है। जांच टीम में एसडीएम चुनार के अलावा एसडीएम सदर, जिला खनन अधिकारी वक्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को शामिल किया गया है।

डीएम नेटीम के सदस्यों को निर्देश दिया है कि मामले की शीघ्र जांचकर रिपोर्ट सौंपी जाए। जिससे आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अहरौरा नगर के सत्यानगंज कस्बा निवासी ओम प्रकाश सिंह नेबीतेएक अप्रैल को विंध्याचल मण्डल के कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी को सौंपे शिकायती पत्र मेंखनन व्यवसायी व पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाब दास मौर्यपर निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी केभण्डारण, वर्ष-2010 से 2016 और वर्ष-2017 मेंई-टेंडरिंग मेंकागज और नक्शा मेंहेराफेरी कर सिंधोरा के आराजी संख्या 997 खनन पट्टा लेलिया गया। इसके अलावा गिट्टी लदे ट्रकों का भी अवैध संचालन किया जाता है। कमिश्नर नेइस मामले को गंभीरता सेलेते हुए डीएम प्रियंका निरंजन को मामले की टीम गठित कर उच्च स्तरीय जांच कराने का निर्देश दे दिया। कमिश्नर के निर्देश पर डीएम नेचार सदस्यीय टीम गठित कर दी है। डीएम ने बताया कि मामले की जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक खाई में गिरी बाइक सवार घायल, रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी तलरे गांव के पास शनिवार की रात लगभग 9.30 बजे अनियंत्रित बाइक लगभग चार फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप सेजख्मी हो गया। घायल युवक को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया।जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक नेट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। चुनार कोतवाली क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी 35 वर्षीय अखिलेश दुबे की 16 अप्रैल को शादी हुई थी। शनिवार की रात बाइक सेसोनभद्र जनपद के सिहावल, घोरावल गांव जा रहेथे। जैसे ही सेमरी तलरेगांव के पास पहुंचे, तभी राजगढ़ चुनार मार्गके मोड परअनियंत्रित होकर बाइक सड़क किनारे लगभग चार फीट गहरी खाई मेंगिर गई। हादसे में बाइक सवार अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस नेताओं को झूठे मुकदमों में उलझाने की कोशिश : खरगे

**पटना।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि कांग्रेस नेताओं को झूठे मुकदमे में उलझाने की कोशिशें की जा रही हैं। बिहार के बक्सर में रविवार को एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर षड्यंत्र के आरोप लगाए। खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं पर पिछले दस साल में अनगिनत रेड हुए लेकिन निकला कुछ नहीं। ईडी ने 193 नेताओं पर केस किया लेकिन केवल दो मामले साबित कर पाये। खरगे का कहना है कि नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, उसके घर का हर सदस्य आजादी के आंदोलन में जेल में रहा। आजादी के पहले आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी संपत्ति देश को समर्पित कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कांग्रेस और विपक्षी दलों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस न डरने वाली है और न झुकने वाली।

### अर्जुन बबूता ने पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल स्पर्धा में रजत

**लीमा।** भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबूता ने आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। पेरू के लीमा में आयोजित प्रतियोगिता में शनिवार को हुए मैच में अर्जुन ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ को कड़ी टक्कर दी, लेकिन महज 0.1 अंक से स्वर्ण पदक से चूक गए। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी शूटर को स्वर्ण पदक मिला। अर्जुन बबूता ने कड़े फाइनल मुकाबले में 252.3 का स्कोर किया। चीनी शूटर शेंग लिहाओ ने 252.4 का स्कोर किया। अर्जुन को आखिरी शॉट पर जीत के लिए 10.7 की जरूरत थी, लेकिन उन्होंने 10.5 स्कोर किया। वह चीनी शूटर के स्कोर से महज 0.1 पॉइंट से पीछे रह गए। हंगरी के शूटर इस्तवान मार्टन पेनी ने 229.8 पॉइंट के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया ने खिलाड़ी पर गर्व जताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अर्जुन बाबूता ने लीमा, पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में रजत पदक जीता। वह पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल के रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ से सिर्फ 0.1 अंक पीछे रहे। अर्जुन, आप पर बहुत गर्व है।

### सिंदूर खाने से किशोरी हुई अचेत, चल रहा उपचार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी सभाजीत की 17 वर्षीय पुत्री कंचना ने घर में किसी बात से गुस्सा होकर घर का दरवाजा अंदर से बंद कर सिंदूर खा लिया। काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुलने पर बालिका के पिता सभाजीत ने किसी तरीके से दरवाजा खोलकर गंभीर स्थिति में किशोरी को बाहर निकाला। बालिका से काफी पूछताछ करने पर किशोरी ने सिंदूर खाने की बात पिता से बताया। जानकारी होते ही पिता ने 108 एंबुलेंस सेवा पर सूचना दिया सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा के चालक अरुण यादव इएमटी देवराज मौके पर पहुंचकर बालिका को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर मौजूद डॉक्टर विवेक खरे व डॉक्टर रीना सिंह के द्वारा बालिका का उपचार किया जा रहा है।

### झोला छाप चिकित्सक की लापरवाही से बच्ची की मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** झोला छाप चिकित्सक के लापरवाही सेइलाज इलाज से एक वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह आरोप राजगढ़ थाना क्षेत्र के भावा गांव निवासी त्रिपुरारी विश्वकर्मा ने पुलिस को दिए तहरीर में लगाया है। आरोप हैकि शनिवार शाम छह बजे बच्ची को लेकर पिता कथित डॉक्टर के पास उपचार के लिए लेकर गए। दवा इलाज के बच्ची को लेकर घर पहुंचे। मध्य रात्रि अचानक बच्ची की हालत बिगड़ गई। रात मेंही डॉक्टर को मोबाइल पर बच्ची की हालत खराब होने की जानकारी दी। इसपरचिकित्सक नेकहा बच्ची को सोने दो। सुबह लेकर आना, लेकिन तड़के तीन बजेबच्ची की मृत्यु हो गई। त्रिपुरारी नेराजगढ़ थानेपर तहरीर देकर चिकित्सक पर लापरवाही का लगाया आरोप लगाया है। तहरीर मिलनेके बाद पुलिस मामलेकी जांच में जुटीगई है।

### देशी तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र गंगादीन निवासी ग्राम पूरे पंडित का पुरवा मजरे दक्खिनगांव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को नहर पटरी रोड ग्राम बरना पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1 देशी तमंचा व 1 जिंदा कारतूस बरामद हुई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कार्यभार ग्रहण करते ही जमीन पर दिखे नवागत डीएम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में कार्यभार ग्रहण के कुछ ही घंटों बाद नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान जिले के अधिकारियों के साथ सड़क पर निरीक्षण करते नजर आए। जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी भी साथ दिखाई दे रहे हैं। श्री चौहान नीतिगत बातों से आगे बढ़कर जनपद की जमीनी हकीकत से सीधे जुड़ने का इरादा रखते हैं। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति, योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की मंशा और जन समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता—इन सबका संदेश उनके पहले ही दिन की इस सक्रियता में झलक रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़ ।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत विधानसभा गौरीगंज के पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी के कार्यालय के पास रविवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली गौरीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराना शुरू कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान गौरीगंज की वार्ड नंबर 5 निवासी बब्बन कोरी के रूप में की है मृतक बब्बन कोरी के भाई ने पुलिस को बताया कि बब्बन का पूरा परिवार दिल्ली में रहता है अभी 10 दिन पूर्व बब्बन गाँव आए थे और बब्बन को शराब पीने की आदत थी। पुलिस ने बब्बन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### आनन्द हास्पिटल पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजित



**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के उत्तरी बाईपास पर स्थित आनन्द हास्पिटल पर आज़ रविवार को डॉ0 बी पाण्डेय डां0 जयप्रकाश, डॉ. राणाप्रताप सिंह, डॉ. वीआर शर्मा व डॉ. पुष्पा शर्मा के कुशल निर्देशन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के रोगियों की नि:शुल्क चिकित्सा की गई। आनन्द हास्पिटल के प्रोपराइटर डॉ. वीआर शर्मा ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक रविवार को आयोजित की जायेगी जो वर्ष 2025 तक चलेगा। अंत में उन्होंने बताया कि इमरजेंसी सेवा 24 घंटे उपलब्ध है। उन्होंने ने बताया कि इस हास्पिटल में निशुल्क ओपीडी, निशुल्क एक्स–रे, निशुल्क ईसीजी एवं निशुल्क दवा भी सुविधा उपलब्ध है। इस दौरान विकास विश्वकर्मा, पूजा शर्मा, अभय चौरसिया, सुरेन्द्र शुक्ल, शनि, विनय सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता कि हत्या के आरोपी पति व सास को पुलिस ने भेजा जेल



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी पुल के पास से पुलिस ने रविवार कि सुबह दहेज के लिए विवाहिता कि हत्या करने वाले आरोपित विवाहिता के पति व सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय मय हमराह हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर के साथ मुखबिर कि सूचना पर कुसियरा गांव निवासी सविता देवी व कमलेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दोनों आरोपित कंही भागने के फिराक में वाहन का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के बंजारी खुर्द गौरवा गांव निवासी इंद्रकली ने थाने में तहरीर देकर पुत्री सुनीता की दहेज में मोटर साइकिल व अंगूठी की मांग को लेकर पति कमलेश व सास, देवर, मौसा व मौसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितो की तलाश करने में जुट गई थी पुरे मामले की जांच सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या करने वाले आरोपित विवाहिता के पति कमलेश व सास सविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जल्द ही अन्य आरोपितो को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, साथी जख्मी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव के पास शनिवार की रात लगभग 10 बजे अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप सेघायल हो गया। दोनों घायलों को एंबुएलेंस से ले जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरकवाह (सोनभद्र)मेंभर्ती कराया गया। जहां परीक्षण करनेके बाद एक युवक को चिकित्सक नेमृत घोषित करदिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर देख बेहतर उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। बाइक सवार युवक शादीका समान लेकर समीप के नदिहार बाजार से अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी अज्ञात वाहन काल बनकर पहुंचा। हादसेकी खबर मिलते ही शादी की खुशियां अचानक मातम मेंबदल गई। राजगढ़ थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी 19 वर्षीय अभय उर्फरामू और 18 वर्षीय विमलेश के पड़ोसी रमेश गोड़इत के लड़की की शादी के लिए शनिवार की रात बारात आई थी।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 141 लोगों का हुआ उपचार

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 141 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41मरीजों का उपचार किया गया।

इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 53मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर सुरेश कनौजिया के देखरेख में 47मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 141मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर जीतेन्द्र कुमार यादव, फार्मासिस्ट मनोज कुमार,संजय श्रीवास्तव,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहे।

## कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी ने की प्रेस वार्ता

समृद्धि न्यूज़

**अमेठी।** नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मीडिया बंधुओं के साथ वार्ता कर उनका परिचय प्राप्त किया।

तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वह 1998 बैच के स्टेट पीसीएस अधिकारी हैं एवं 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वह हरिद्वार, नैनीताल, अल्मोड़ा, अयोध्या, गोरखपुर, मेरठ, नोएडा में बतौर एसडीएम तथा सिटी मजिस्ट्रेट के रूप में मेरठ, नोएडा व अलीगढ़, एडीएम सिटी के रूप में कानपुर नगर, अलीगढ़ व मेरठ, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के रूप में नोएडा, नगर आयुक्त के रूप में मुरादाबाद एवं स्मार्ट सिटी मुरादाबाद के सीईओ तथा पिछले करीब 14 माह से नगर आयुक्त सहारनपुर एवं स्मार्ट सिटी सहारनपुर के सीईओ के पद पर कार्यरत रहे हैं। नवागत जिलाधिकारी जनपद एटा के मूल निवासी हैं, उनकी प्रारंभिक शिक्षा आरबीएस इंटर कॉलेज आगरा एवं ग्रेजुएशन आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, जनपद अयोध्या तथा गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय अल्मोड़ा, उत्तराखंड से बायोटेक्नोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त की है। नवागत जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर लाना और उन्हें सही परिप्रेक्ष्य में लागू करना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मेरा काफी पुराना अनुभव है उसके अनुसार कुछ नया करने का भी लक्ष्य है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण बाहुलता वाले जनपद में और कृषि प्रधान जनपद में अगर नगर विकास और नगरीय प्रशासन की अवधारणाओं को लागू किया जाए तो निश्चित रूप से बदलाव देखने को मिलेगा। मीडिया द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति है वही नीति मेरी भी रहेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

### यज्ञ के मंत्रोच्चार से धर्म के प्रति पैदा होती है आस्था : कृष्णमोहन

**फरेन्दा, महराजगंज।** विकास खंड फरेंदा अन्तर्गत कम्हरिया खुर्द में स्थित काली माता मंदिर पर श्री श्री - 108 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन आगामी 30 अप्रैल से किया गया है। इसके मद्देनजर आज रविवार को पंडित कृष्ण मोहन त्रिपाठी द्वारा भूमि व ध्वजारोहण पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के जरिए संपन्न कराया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि किसी भी यज्ञ के लिए निर्धारित भूमि का विधिवत पूजन कर देने के बाद उसकी रक्षा वीर हनुमंत लाल करते हैं। यज्ञ भूमि पर गा? गए ध्वजा पताका पर वीर हनुमान हर पल विराजमान रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस संसार में आपदाओं से रक्षा करने एवं मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए ही यज्ञ का आयोजन किया जाता है। यज्ञ के मंत्रोच्चार से दैहिक,दैविक, भौतिक ताप से रक्षा होती है और धर्म के प्रति आस्था पैदा होती है। अंत में उन्होंने कहा कि यज्ञ में वह ताकत होती है, जो मानव के साथ पर्यावरण के संतुलन को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी को लेकर यजमान सुनील पांडेय व सत्यभामा पांडेय ने यज्ञ भूमि व ध्वजपताका का विधिवत् पूजन अर्चन वन्दन कराया गया।

## पुलिस ने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़

समृद्धि न्यूज़



**अमेठी।** इस्लामगंज चौराहे पर मौजूद रही थाना इन्हौना पुलिस व जनपद की स्वाट,सर्विलांस की संयुक्त टीम को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि गंदा नाला के पास स्थित खण्डहर के एक कमरे में दो लोग भट्ठी जला कर अवैध शस्त्र बना रहे हैं। उक्त सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर दबिश दी और दो व्यक्तियों को मौके से पकड़ लिया गया।

नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम विजय लोहार उर्फ बिजली पुत्र कल्लू लोहार और दूसरे ने अपना नाम कल्लू लोहार पुत्र बाबू लाल दोनों निवासी अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान, जनपद अमेठी बताया। जामातलाशी में दोनों के पास से 2 तमंचा व 6 जिंदा कारतूस 12 बोर व 315 बोर बरामद हुआ।

इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक झोले व प्लास्टिक की चटाई पर दो 12 बोर व एक 315 बोर तमंचा, 1 धौंकनी, 12 नाल 12 बोर, 40 स्प्रिंग, 8 लोहे की पत्ती, 3 पेंच, 2 हथौड़ी, 1 लोहे का ठीहा,1 बसुला,2 पेचकस, 1 प्लास,1 लोहे की आरी, 2 छेनी, 2 हैमर, 2 लकड़ी की बट, 1 लकड़ी की बॉडी, 2 लोहे की समसी,1 लोहे की डाई, रेगमाल, लोहे का बरमा आदि अन्य भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए।

मौके से बरामद मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर बिना नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा न सके। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों को रात्रि करीब 9 बजे गिरफ्तार किया गया। थाना इन्हौना द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही थी।

### नाबालिक के साथ दुष्कर्म

**अमेठी।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत शनिवार को एक 4 वर्षीय बालिका के साथ उसी के पड़ोसी किशोर द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत एक तिलक समारोह में गई बालिका के साथ वहीं मौजूद पड़ोसी किशोर द्वारा दुष्कर्म किये जाने की बात बतायी जा रही है, घटना 3 दिन पूर्व की बताई जा रही है, घटना के दूसरे दिन बालिका ने अपने घर वालों से घटना की जानकारी दी।

### पुलिस ने किया वांछित वारण्टी को गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज ।** एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित एवं वारण्टी अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत आज फरेंदा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। थानाध्यक्ष फरेंदा प्रशान्त कुमार पाठक द्वारा गठित टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध कुमार के मार्गदर्शन में 24 वर्ष से फरार चल रहे एक वारण्टी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजमन चौधरी पुत्र नुरे, निवासी मथुरानगर टोला विशुनपुरवा, थाना फरेंदा, जनपद महराजगंज (उम्र करीब 50 वर्ष) के रूप में हुई है। राजमन पर मु0अ0सं0 1691/2000 अंतर्गत धारा 379, 411 भादवि व 26 फैक्ट में मामला दर्ज था। पुलिस ने उसे दिनांक 20 अप्रैल 2025 को दोपहर 1-05 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया।